ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● माघ कृष्ण पक्ष 09 ● विक्रम संवत 2079 ● सोमवार, 16 जनवरी 2023 ● वर्ष-23 ● अंक-341 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



विदिशा श्रीवास्तव ने शेयर की मकर संक्रांति की यादें

पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### आज से खुलेंगे राज्य के सभी सरकारी स्कूल

**रांची।** झारखंड के सभी सरकारी स्कूल सोमवार से खुल जायेंगे। पहले की तरह विद्यार्थियों को स्कूल में मध्याह्न भोजन भी मिलेगा। ठंड की वजह से चार जनवरी को स्कूलों को बंद करने की घोषणा की गयी थी। उल्लेखनीय है कि केजी से पांचवीं तक भीषण ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार ने सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 14 जनवरी तक के लिए बंद कर दिया था। आदेश के अनुसार, केजी से पांचवीं तक के सारे स्कूल 14 जनवरी तक बंद किए गए थे।

### गिरिडीह में तीन बंकरों से नक्सली सामान बरामद

**गिरिडीह।** पुलिस ने 15 लाख के इनामी माओवादी कृष्णा हांसदा को ताराटांड थाना में रखकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को तीसरे दिन रविवार की दोपहर एक और सफलता हाथ लगी जब उसकी निशानदेही पर पारसनाथ पहाड़ के तराई इलाके में एक साथ तीन बंकर खोज निकाले। इन तीनों बंकरों से बड़े पैमाने पर पौष्टिक आहार के साथ नक्सली वर्दी, नक्सली साहित्य, महिलाओं के बाल में लगाने वाला हेयर ऑयल, डिब्बा, स्टील के काफी बर्तनों समेत कई और सामान बरामद हुए।

### 25 से 28 जनवरी तक हाई अलर्ट पर रांची

**रांची।** 25 जनवरी से लेकर 28 जनवरी तक रांची पुलिस हाई अलर्ट पर रहेगी। एक तरफ जहां 26 जनवरी को लेकर पुलिस को विशेष चौकसी बरतनी है, तो वहीं दूसरी तरफ भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीमें 25 जनवरी को ही रांची पहुंच जाएंगी। ऐसे में दोनों टीमों की सुरक्षा को लेकर भी तगड़े बंदोबस्त पुलिस को करना पड़ेगा। वहीं, सरस्वती पूजा को लेकर भी पुलिस को तैयारी करनी है। 25 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक रांची पुलिस को शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

### सीबीआई ने रिश्वत मामले में रेलवे अधिकारी समेत सात को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रविवार को गुवाहाटी में तैनात भारतीय रेलवे के एक हवाला ऑपरेटर और एक अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) समेत सात लोगों को 50 लाख रुपये की रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रिश्वतखोरी के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई ने कहा कि अभियुक्तों ने निजी ठेकेदारों को ठेका देने, अकाउंट बिल, पेंडिंग बिलों के भुगतान को जल्दी जारी करने और नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे में चल रहे निर्माण कार्य के साथ साजिश रची।

# दर्दनाक हादसा

## नेपाल में प्लेन क्रैश, सभी 72 यात्रियों की मौत







### विमान में सवार 72 लोगों में पांच भारतीय नागरिक

### लैंडिंग से पहले विमान हुआ क्रैश, बना आग का गोला

### 68 शव बरामद, शेष चार शवों को खोजने के लिए अभियान जारी

### नेपाल में आज राष्ट्रीय शोक, जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के पोखरा में यात्री विमान लैंडिंग से पहले रविवार को पहाड़ी से टकराने के बाद एक नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 72 सीटों वाले इस विमान में 68 यात्री और चार चालक दल के सदस्य सवार थे। अब तक 68 शवों को बरामद किया गया है, लेकिन 4 शवों का अभी भी कोई पता नहीं लग पाया है। नेपाल सरकार ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित करते हुए 16 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। सरकार ने जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है।

नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (एनसीएए) ने बताया कि यति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा इस हिमालयी देश में एक मशहूर पर्यटक स्थल है। पूर्वाह्न करीब 11.10 बजे पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते समय यह विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नेपाल की एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक इस 72 सीटर विमान में 68 यात्री और चार क्रू मेंबर्स सवार थे। यात्रियों में 53 नेपाली, 5 भारतीय, 4 रूसी, एक आयरिश, 2 कोरियाई, 1 अर्जेंटीना और दो फ्रांसीसी नागरिक सवार थे। येति एयरलाइंस की ओर से जारी यात्रियों की लिस्ट के मुताबिक कुल 68 यात्रियों में 6 बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटनास्थल से अबतक 68 शव बरामद किए गए हैं। 4 शवों का अभी भी कोई पता नहीं लग पाया है।

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने दुर्घटना के बाद मंत्री परिषद की आपात बैठक बुलाई। रविवार दोपहर को हुई बैठक में विमान दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक के रूप में 16 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का फैसला किया गया। प्रचंड ने गृह मंत्रालय, सुरक्षाकर्मियों तथा सभी सरकारी एजेंसियों को तत्काल बचाव एवं राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया है। सरकार ने दुर्घटना की जांच करने के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की है। विमान दुर्घटना के बाद पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद कर दिया गया। हादसे के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। पोखरा में विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। भीड़ के कारण बचाव अभियान में दिक्कत आई और एम्बुलेंस तथा दमकल की गाड़ियों को वहां पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नेपाल का अचानक बदलते मौसम और दुर्गम स्थानों पर बनी हवाई पट्टियों के कारण विमान दुर्घटनाओं का बेहद खराब रिकॉर्ड रहा है। देश में पिछली बड़ी विमान दुर्घटना पिछले साल 29 मई को हुई थी, जब तारा एयर का एक विमान पर्वतीय मुस्तांग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें एक भारतीय परिवार के चार सदस्यों समेत सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी।

### बरामद 68 शवों में से 12 की हुई पहचान

**नेपाल** के पोखरा में रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए येती एयरलाइंस के विमान के मलबे से बचावकर्मियों ने अब तक कुल 68 शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार, मृतक यात्रियों में 53 नेपाली नागरिक, पांच भारतीय, चार रूसी, एक आयरिश, एक ऑस्ट्रेलियाई और अन्य शामिल हैं। काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के बचाव समन्वय केंद्र ने कहा कि शेष चार शवों को खोजने के लिए सशस्त्र पुलिस बल के चार जवानों को सेटी नदी की चट्टान में तैनात किया गया है। आग से झुलसे 68 शवों में से 12 की पहचान हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि शवों की पहचान के बाद उन्हें उनके परिवार को सौंपने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### विमान में सवार भारतीय यात्रियों की हुई पहचान

भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि विमान में पांच भारतीय सवार थे। येति एयरलाइंस की ओर से जारी सूची के मुताबिक विमान में सवार पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक कुशवाहा, विशाल शर्मा, अनिल कुमार राजभर, सोनू जायसवाल और संजना जायसवाल के रूप में हुई है। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि दूतावास स्थानीय प्राधिकारियों के संपर्क में है और स्थिति पर नजर रख रहा है।

### विमान दुर्घटना में लोगों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण : सिंधिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नेपाल के पोखरा में विमान दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। विमान में 68 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। मंत्री ने ट्वीट किया : नेपाल में एक दुखद विमान दुर्घटना में लोगों की मौत अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। ओम शांति।

## चिंता : विमान दुर्घटनाओं में नेपाल अव्वल

### अब तक 55 से अधिक विमान हादसे में 925 की जा चुकी है जान

**यशोदा श्रीवास्तव**

रविवार को काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरे यती एयरलाइंस का विमान पोखरा हवाई अड्डे पर उतरने के पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान पोखरा हवाई अड्डे पर उतरने की तैयारी में था कि एक पहाड़ी से टकरा गया। विमान में आग लग गई। वह हवा में लहराते हुए सेती नदी में गिर गया। विमान में दो पायलट दो एअरहोस्टेस और 68 यात्री सवार थे। विमान में चार बच्चे, 53 नेपाली और 5 भारतीय यात्रियों सहित 11 विदेशी यात्री थे। दुर्घटना ग्रस्त इस विमान में कोई यात्री बचा नहीं। सभी की झूलस जाने से मृत्यु हो गई।

विमान दुर्घटनाओं पर नजर दौड़ाएं तो पता चलता है कि नेपाल विमान दुर्घटनाओं में सबसे अग्रणी देशों में है। नेपाल में हर साल हो रही विमान दुर्घटनाओं को देखते हुए यहां सुरक्षित हवाई यात्रा और विमानों के गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस विमान दुर्घटना के कुछ माह पहले ही पोखरा से जोमसोम जा रही एक छोटी जहाज के बीच रास्ते क्रैश हो जाने से उसमें सवार सभी 22 यात्रियों की मौत हुई थी। तारा एयर लाइंस की डबल इंजन वाली छोटी विमान नाइन एनएईटी में चार भारतीय सहित 22 यात्री थे, दुर्घटना में ये सभी दिवंगत हुए थे। नेपाल में सिलसिलेवार विमान दुर्घटनाओं पर नजर डालें तो पिछले 76 वर्षों में 53 से अधिक विमान दुर्घटना हुई है जिसमें कुल 925 लोगों की जान गई है।

1992 में नेपाल में हुई दो बड़ी विमान दुर्घटना में क्रमशः 167 व 113 लोग मारे गए थे। एक साल के कुछ महीनों के अंतराल में हुई इन दो हवाई दुर्घटना में एक विमान थाइलैंड का था और दूसरा पाकिस्तान का। थाई विमान नेपाल के रसुवा में दुर्घटना का शिकार हुआ था जबकि पाकिस्तान एयरलाइंस का विमान काठमांडू के समीप ललितपुर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। नेपाल में विमानों के दुर्घटना का रिकॉर्ड देखने से पता चलता है यह छोटा राष्ट्र अपने आयतन के हिसाब से विमान दुर्घटना के मामले में सबसे भयग्रस्त देश की श्रेणी में है। नेपाल सरकार इस खौफनाक मामले को लेकर अब चिंतित हुई है, क्योंकि इससे उसके टूरिस्ट उद्योग पर असर पड़ सकता है।

संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, पिछले 70 वर्षों में नेपाल में 53 से अधिक जहाज और हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। ऐसे हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है। नेपाल में पहला जहाज दुर्घटना 7 मई, 1946 को हुआ था। रॉयल फोर्स एयर के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। 1955 में नेपाल में एक जहाज दुर्घटना में पहला मानव क्षति हुआ था। शेष पृष्ठ 11 पर

## क्यों नेपाल में उड़ते ताबूत बन रहे विमान

### जो विमान क्रैश हुआ, वह 42 साल पुराना

### 30 साल में 28 प्लेन क्रैश

नेपाल में 72 यात्रियों को लेकर जा रहा यति एयरलाइंस का एटीआर72-500 विमान रविवार को क्रैश हो गया है। इस हादसे के बाद नेपाल में उड़ानों के जोखिम पर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। पिछले 30 सालों में नेपाल में यह 28वां विमान हादसा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र, खराब मौसम, पुराने विमान और अनुभवहीन पायलट नेपाल को उड़ानों के लिए सबसे खतरनाक देश बनाते हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की 2019 की सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के पहाड़ पायलटों के सामने बड़ी चुनौती हैं। नेपाल में जिस विमान एटीआर72-500 का हादसा हुआ है, ये एयरक्राफ्ट सीरीज का हिस्सा है। इस विमान के नाम में लगा 72 इसकी पैसेंजर कैपेसिटी को बताता है। इस मॉडल का पहला विमान 1981 में बना था। इसके बाद 100 से ज्यादा देशों की करीब 200 एयरलाइंस में इस विमान को शामिल किया गया। इस मॉडल के एयरक्राफ्ट को फ्रेंच कंपनी एयरबस और इटालियन एविएशन कंपनी लियोनार्दो ने मिलकर बनाया है। ये कंपनी कार्गो और कॉर्पोरेट एयरक्राफ्ट विमान भी बनाती है।

### नेपाल में उड़ान भरना इतना मुश्किल और खतरनाक क्यों है?

***नेपाल** में उड़ान भरना मुश्किल और खतरनाक होने के कई कारण हैं। जैसे- नेपाल की प्राकृतिक बनावट यानी पहाड़, पुअर रेगुलेशन यानी खराब नियमन और नए विमानों की कमी विमानों के उड़ान के लिए नेपाल को सबसे खतरनाक देश बनाती है। आइये इन्हें पांच पॉइंट में समझते हैं...*

**1. संकरी घाटियों के चलते विमानों को टर्न लेने में कठिनाई**

नेपाल के सिविल एविएशन अथॉरिटी की 2019 की शेष पृष्ठ 11 पर

### नेपाल विमान हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** नेपाल में रविवार को हुए विमान हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। दुख जताते हुए पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा : नेपाल में दुखद हवाई दुर्घटना से आहत हूं। इस हादसे में भारतीय नागरिकों सहित कई लोगों की जान चली गई। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।



### विराट के शतक से भारत की बड़ी जीत

**तिरुवनंतपुरम।** विराट कोहली (166 नाबाद), शुभमन गिल (116) और मो. सिराज (4/32) के शानदार प्रदर्शन की वजह से भारत ने तीसरे और अंतिम मैच में रविवार को यहां ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका को 317 रनों से हराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय टीम के 390 रनों के जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम 22 ओवर में 73 रनों पर ही ढेर हो गई। भारत की ओर से मो. सिराज ने चार, मोहम्मद शमी ने दो और कुलदीप यादव ने दो विकेट चटकाए। रनों के मामले में भारत की 317 रन की यह जीत वनडे क्रिकेट की सबसे बड़ी जीत है।

(विस्तृत समाचार पेज 10 पर)

### भारत-इंग्लैंड मैच ड्रा

**भुवनेश्वर।** रविवार को भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गये हॉकी वर्ल्ड कप का मुकाबला बराबरी पर छूटा। दरअसल, दोनों टीमें 12 पेनल्टी कॉर्नर पर भी कोई गोल नहीं कर सकी। इस तरह मैच ड्रॉ पर छूटा। इससे पहले टीम इंडिया ने स्पेन 2-0 से हराया था, लेकिन इस मैच में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। फिलहाल, इस मैच के ड्रॉ होने के बाद भारत और इंग्लैंड के 4-4 प्वॉइंट्स हैं। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में स्पेन को 2-0 से हराया था। जबकि इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में वेल्स को हराया था।

### शहीद तीन जवानों को सेना ने दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** दस जनवरी को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के मचल सेक्टर में ऑपरेशनल टास्क के दौरान तीन जवान गहरी खाई में गिरकर शहीद हुए तीन जवानों को सेना ने रविवार को श्रद्धांजलि दी। चिनार युद्ध स्मारक बीबी कैंट में एक सम्मान समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल एडीएस औजला, चिनार कॉर्प्स कमांडर और सभी रैंकों ने गर्वित राष्ट्र की ओर से वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सेना ने कहा, अगली चौकी की ओर बढ़ते समय ट्रैक के साथ बर्फ टूट गई थी, जिससे तीनों बहादुर फिसलकर गहरी खाई में गिर गए।

**जागरूकता**

## ऑनलाइन ठगी में त्वरित शिकायत पर लोगों के बचे पैसे

# साइबर पीड़ितों के लिए मददगार बना टोल फ्री नंबर 1930

### साइबर अपराधियों के ठगी किए 1.84 करोड़ रुपये बचे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में साइबर अपराध पर लगाम कसने और साइबर अपराधियों पर कार्रवाई करने को लेकर जबरदस्त तरीके से काम हो रहा। साइबर वित्तिय धोखाधड़ी के मामले में टोल फ्री नंबर 1930 काफी कारगर साबित हो रहा। गृह मंत्रालय की प्रोजेक्ट सिटीजन साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्ट के तहत 1930 की शुरुआत की गई थी। मार्च 2022 में इस सिस्टम की शुरुआत झारखंड में हुई थी। इस सिस्टम के तहत 1930 में अबतक कुल 6789 शिकायतें आयीं, जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 84 लाख 11 हजार रुपये खातों में जब्त कराए गए हैं। ये वो पैसे हैं जो साइबर अपराधियों के खाते में गए, लेकिन त्वरित कार्रवाई की वजह से साइबर अपराधी उन पैसों की निकासी नहीं कर पाए। निकासी के पहले ही पुलिस ने खातों को फ्रिज कर पैसे जब्त करा लिये। खातों में पैसा फ्रिज होने के बाद इसे वापस पीड़ितों के खाते में वापस कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

### कैसे अपराधियों के पैसे रोक पाती है सीआईडी



**साइबर** ठगी होने पर त्वरित कार्रवाई पैसे गायब होने से बचा सकती है। राज्य सीआईडी के द्वारा अपील की गई है कि यदि नागरिक साइबर ठगी के शिकार होते हैं तो तत्काल कार्रवाई के लिए डब्लूडब्लूडब्लू डाट साइबरक्राइम डॉट गॉव डाट इन या टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें। ठगी संबंधी डिटेल्स अविलंब साझा करने पर ठगी की रकम वापसी के लिए अविलंब कार्रवाई की जा रही है। साइबर ठगी पीड़ित की शिकायत के बाद सीआईडी का साइबर सेल तत्काल पैसे के ट्रांजेक्शन के सारे ट्रेल देखता है। इसके बाद जिन बैंक के खातों में साइबर ठगी के पैसे का ट्रांजेक्शन हुआ है, उससे संपर्क कर तत्काल खातों को फ्रिज कर लिया जाता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि पीड़ित के द्वारा त्वरित शिकायत की जाए। खातों में फ्रिज पैसे वापस आएं, इसके लिए जरूरी है कि पीड़ित व्यक्ति संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराएं।

# भारत का सर्वश्रेष्ठ मौसम केंद्र बना रांची मौसम केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मौसम केंद्र रांची को भारत का सर्वश्रेष्ठ मौसम केंद्र घोषित किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 148वें स्थापना दिवस पर रविवार को आयोजित समारोह में मौसम केंद्र रांची को सम्मानित किया गया। रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने नयी दिल्ली में लोदी रोड स्थित मौसम भवन के 'वृष्टि सभागार' में सर्वश्रेष्ठ मौसम केंद्र का पुरस्कार ग्रहण किया। यह जानकारी रांची के हिनू स्थित मौसम केंद्र ने दी।

मौसम केंद्र ने बताया कि 15 जनवरी को भारत मौसम विज्ञान विभाग अपना 148वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर मौसम केंद्र रांची को देश का सर्वश्रेष्ठ मौसम केंद्र घोषित किया गया है। मौसम केंद्र रांची के कार्यालय प्रमुख अभिषेक आनंद भारत मौसम विज्ञान विभाग के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। मौसम भवन के वृष्टि सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में मौसम केंद्र रांची के अभिषेक आनंद देश के सर्वश्रेष्ठ मौसम केंद्र का पुरस्कार ग्रहण किया। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।



NEWS इन ब्रीफ

## सड़क दुर्घटना में हुई एक युवती की मौत



**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के राय रोड मक्का के पास सड़क दुर्घटना में एक की मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार राजू मुंडा चोरिया निवासी, नकुल उरांव बिजुपाड़ा निवासी, पवन उरांव बिजुपड़ा, किरण कुमारी जाहिर और मनीषा कुमारी ब्राम्बे के रहने वाली है और सभी लोग तिरु फॉल आए हुए थे उसके बाद वहां से लौट रहे थे। राय रोड में मक्का पुल के पास रास्ते पर रुक कर सभी लोग फोटो खींचा रहे थे। इसी दौरान बुढ़मू से राय की ओर जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने किरण कुमारी और मनीषा कुमारी को धक्का मार दिया। जिससे घटना में मनीषा कुमारी (17) वर्ष पिता बलदेव महली की मौके पर ही मौत हो गई।

## केंद्रीय मंत्री पशुपति नाथ पारस 19 जनवरी को आयेंगे रांची

**रांची।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति नाथ पारस 19 जनवरी को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचेंगे। 20 जनवरी को केंद्रीय मंत्री सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड के सभागार में भारत सरकार की ओर से 75 हजार युवकों में से झारखंड के चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र देंगे। 19 जनवरी को वे राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकताओं के साथ होटल रेडिसन ब्लू में संबोधित करेंगे।

## मोबाईल चोरी के तीन आरोपी भेजे गये जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने मोबाईल फोन चोरी के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है। चटवल के जगदीश उरांव द्वारा 5 जनवरी को उनकी मोबाईल दुकान से इन तीनों के द्वारा मोबाईल चोरी किए जाने का थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मांडर पुलिस ने अभियुक्त तिगोईआम्बाटोली निवासी वसीम अंसारी, मांडर बाजार टॉंड़ निवासी छोटू उर्फ नूरहकीम व साजिद अंसारी उर्फ मदारी को गिरफ्तार कर न्यायायिक अभिरक्षण में भेज दिया है।

## हजारों श्रद्धालुओं ने मकर स्नान किया

**सिल्ली।** मकर संक्रांति के मौके पर मुरी सिल्ली एवं आसपास के इलाकों में हजारों श्रद्धालुओ ने मकर स्नान किया। मुरी में स्वर्णरिखा नदी घाट समेत इलाके के नदियों ने लोगों ने डुबकी लगाई. मकर संक्रांति के मौके पर मुरी मे स्वर्णरिखा नदी तट पर बंगाल झारखण्ड सीमा पर टुसू मेला का आयोजन किया गया। मेले में बंगाल एवं झारखण्ड के कई गाव के लोगों ने नदी पर आकर स्नान किया। नदी घाट पर ही टुसू की पूजा की गयी। पारंपरिक रीति रिवाज से मकर संक्रांति का त्योहार मनाया. मेले में मुर्गा लड़ाई, झूला, घरेलू समान के दुकान, खिलौने समेत अनेक प्रकार के दुकानें लगी थी। पारंपरिक टुसू गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया गया।

## बोकलादोह मेला हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के हाकेदाग पंचायत के हरिडीह गांव में सुवर्ण रेखा नदी के किनारे मकर संक्रांति के मौके पर दो दिवसीय बोकला दोह मेला रविवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। मेले का शुभारंभ शनिवार को किया गया था। मेले में आसपास के कई गाव के लोग शामिल हुए। मेले में मुर्गा लड़ाई, खिलौने की दुकान समेत कई प्रकार के दुकानें लगी थी। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया गया। जिसमें मनोहरपुर पश्चिम सिंहभूम के रंजित महतो एवं दल ने कुड़माली, बंगला, खोरठा, नागपुरी गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी वहीं रविवार को स्थानीय कलाकार आम्बा रानी एवं साथी कलाकारों ने पांच परगनिया, कुड़माली, खोरठा एवं बंगला झूमर गीत एवं नृत्य से दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया।

# फंदे से लटकी मिली युवती

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के बीआईटी इलाके में एक युवती का अपने ही घर मे फांसी के फंदे से लटका हुआ शव बरामद हुआ है ,युवती की पहचान अनीशा कुमारी के रूप में हुआ है।युवती के मौत को लेकर परिवार वालो ने हत्या की आशंका जताई है ,हालांकि जांच के दौरान ऐसे कोई भी सबूत पुलिस को नही मिले है जो किसी साजिश के तरफ इशारा करे।

**क्या है पूरा मामला :** बीआईटी ओपी के बिरसा ग्राम रुडिया के रहने वाले सरदीप राम ने बताया कि वह और उनकी पत्नी काम के सिलसिले में रविवार को बाहर निकल गए थे , इसी दौरान वह किसी काम से आधे घण्टे के अंदर ही घर पहुंचे तो देखा कमरे के अंदर उनकी बेटी 18 वर्षीय अनीशा कुमारी फांसी के फंदे से लटकी हुई है। यह देख वे दौड़कर अपनी पत्नी को बुलाने गए और वापस आकर दोनों ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि युवती के साथ कुछ गलत कर उसकी हत्या कर दी गई है। हालांकि युवती के शरीर पर किसी भी तरह का कोई भी जख्म नजर नहीं आया है। परिवार वालों का कहना है कि जिस कमरे में अनीशा का शव मिला है वह बाहर से बंद था यही वजह है कि उन्हें अंदेशा है कि यह किसी साजिश के तहत किया गया है।

**जांच में जुटी पुलिस :** वहीं मामले की जानकारी मिलते ही बीआईटी ओपी प्रभारी सुमित मौके पर पहुंचे। परिजनों की आशंका को देखते हुए सबसे पहले महिला पुलिसकर्मी से अनीशा के पूरे शरीर की जांच भी करवाई गई। जांच के दौरान ऐसे कोई भी सिम्टम्स नहीं दिखे जिससे यह शक हो कि यह हत्या हो। परिजनों के बातों को ध्यान में रखते हुए एफएसएल की टीम से भी पूरे कमरे की जांच करवाई गई है।

**हाथ में लिखा है एक नम्बर :** जांच के दौरान पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के हाथ में पेन से एक फोन नंबर लिखा हुआ है पुलिस उस नंबर के बारे में भी पता लगा रही है। फिलहाल अनीशा के शव को पुलिस ने अपनी देखरेख में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अनीशा के गले पर फंदे के निशान हैं।

### दूसरे कमरे में थी दो बहनें

मामले की जांच में लगे बीआईटी ओपी के अफसरों ने बताया कि किसी साजिश की आशंका परिवार वालों ने जताई है। हलांकि यह अभी तक अंदेशा ही लग रहा, क्योंकि दूसरे कमरे अनीशा की दो बहनें भी मौजूद थी। ऐसे में अगर कोई बाहरी व्यक्ति आता तो जरूर उन्हें जानकारी होती। अब तक के जांच में यह मामला सुसाइड का ही लग रहा है।

## डालसा ने किया विधिक साक्षरता सह जागरूकता शिविर का आयोजन

**खूंटी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में रविवार को तोरपा प्रखंड के मनमनी गांव में विधिक साक्षरता सह जागरूकता शिविर और दिशा योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। इस योजना के तहत ऐसे गांवों को चिह्नित किया गया है, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से काफी कमजोर रह गए हैं। ऐसे गांवों में रहनेवाले लोगों को कानूनी रूप से साक्षर बनाना है और उन्हें उनका अधिकार दिलाना भी है। सचिव ने कहा कि जो भी व्यक्ति नशा से पीड़ित है, उसे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की जरूरत है, ताकि आनेवाली पीढ़ी के बच्चों पर नशे का कुप्रभाव न पड़े।

## आरबी पांडेय मेमोरियल ने सैकड़ों लोगों के बीच किया कंबल का वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**नामकुम।** आरबी पाण्डेय मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से रविवार को सैकड़ों गरीब व जरूरतमंदों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष रमेश पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में पूर्व सांसद सह मंत्री चंद्रशेखर दूबे, कांग्रेस विनय सिन्हा दीपू, राजीव रंजन प्रसाद व सुरेश बैठा के द्वारा सभी उपस्थित लोगों को कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर ददई दूबे ने कहा कि आरबी पाण्डेय मेमोरियल फाउंडेशन की ओर कई वर्षों से मकर संक्रांति के अवसर पर असहाय लोगों के बीच सहयोग करती आ रही है। साथ ही इसी तरह से लोगों के मजबूर सहयोग करना सबसे बड़ा उद्देश्य है। इस मौके पर आत्मा नंद पाण्डेय, मनीष राय, सुनील यादव, विनय सिंह, रामाशंकर पाण्डेय, रामकुमार यादव, सिंकदर ठाकुर, अखिलेश सिंह, ताराकांता पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार, जीना मुण्डा, बबलू मुण्डा, सिता मुण्डा, जीना मुण्डा सहित अन्य अहम योगदान रहा।

## कैपिटल स्टील का हुआ उद्घाटन



**चान्हो।** सोनचीपी टेढ़ी पुल टोल प्लाजा के समीप कैपिटल स्टील नामक दुकान का मौलाना युसुफ अंसारी व कलीम अंसारी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। दुकान के संचालक सज्जाद अंसारी ने बताया कि मेरी दुकान में एक से एक स्वयं निर्मित सामान उचित मूल्य पर ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाएगी।स्टील रेलिंग, गेट, दरवाजे, खिड़की, गोदरेज, पलंग, सोफा, पर्दा, सहित अन्य सामान उपलब्ध है।मेरी दुकान में किसी भी सामान को अधिक मूल्य पर बेचना मैं हराम समझता हूँ।मौके पर एहसान अंसारी, इसराफिल अंसारी, मुमताज अंसारी, हिदायत अंसारी, अमानत अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# भगवान भाष्कर की पूजा अर्चना के बाद तिल, दही व चूड़ा का लोगों ने लिया आनन्द



नवीन मेल संवाददाता

**मांडर।** सूर्य पर्व मकर संक्रांति का उत्साह मांडर चान्हो में पूरे भक्ति भावना के साथ मनाया गया।विभिन्न जलाशयों में हिन्दू धर्मावलंबी स्नान करने के बाद पूजा अर्चना कर तिल, गुड़,चूड़ा, दही एवं तिलकुट खाकर व भगवान का भजन कीर्तन करते हुए इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मांडर के कोयल नदी स्थित बेयरखो धाम में मेला भी लगा है जहां मेले का आनन्द लेने दर्जनों समीपवर्ती गाँवों के ग्रामीण पहुंचे थे। पूजा समिति के द्वारा पूजा अर्चना कर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा है साथ ही अखण्ड हरि किर्तन व भंडारे का व्यवस्था भी किया गया है।समिति के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप महली ने बताया कि काफी मेहनत व प्रयास से समिति के लोगों ने आज इस पावन स्थल पर भव्य आयोजन को इस अंजाम तक पहुंचाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का हमेशा भरपूर सहयोग मिलता रहा है जिससे आयोजन दिन ब दिन अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध हो रहा है। धमानुरागियों के सहयोग से ही आज इस पावन भूमि पर धर्म प्रेमियों का मिलन समारोह का आयोजन सफल हो सका है।ये बेयरखो धाम ही नहीं एक पर्यटक स्थल के रुप में भी एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि स्थापना काल से ही इस समिति से जुड़ कर रहे हैं और हर संभव इसआयोजन को सफल बनाने का प्रयास किया करते हैं।भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवनाथ तिग्गा भी खुद को अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खुद को इस भक्तिमय आयोजन में शामिल होने से रोक नहीं पाए और आकर अपनी श्रद्धा भक्ति दिखाते हुए आयोजन का हिस्सा बने।

## सीआरपीएफ ने आदिवासी युवक-युवतियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा मैसूर

**खूंटी।** नक्सलियों-उग्रवादियों से जनता की सुरक्षा के लिए तैनात सीआरपीएफ 94 बटालियन ग्रामीण क्षेत्रों में डायन कुप्रथा, अफीम की खेती के खिलाफ लोगों को जागरूक कर रही है, बल्कि जनजातीय युवक-युवतिओं के मानसिक और कौशल विकास के लिए उन्हें दूसरे राज्यों का भ्रमण भी कराती है। इसी कड़ी में रविवार को 94 बटालियन द्वारा आविासी समाज के 20 युवक-युवतियों को शैक्षणिक भ्रमण पर मैसूर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र सहयोग कर रहा है। बटालियन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान आदिवसी युवक-युवतियां 18 से 24 जनवरी तक मैसूर में रहकर वहां की कला, संस्कृति, रहन-सहन और सामजिक परिवेया से रू ब रू होंगे। बताया गया कि 94 बटालियन द्वारा नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से इस वर्ष 220 जनजातीय युवक-युवतियों को देश के 11 स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा।

# दही-चूड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए सीपी सिंह, पारसनाथ पर दिया बयान



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मकर संक्रांति के मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह विद्यापति स्मारक की ओर से आयोजित दही-चूरा भोज में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में दही, चूड़ा, तिलकुट के साथ साथ तरह-तरह के व्यंजन बनते हैं। आज बाबा विद्यापति समिति की ओर से दही-चूरा का आनंद लिया है। यह राज्यवासियों के लिए खुशियों से भरपूर हो, सब के चेहरे पर मुस्कान हो। यह कामना करता हूं। सब लोग मिलजुलकर झारखंड में रहें। न कोई बाहरी है और ना ही भीतरी है। सब झारखंडी हैं। इस भाव से सभी रहें यही कामना करता हूं। वहीं पारसनाथ में चल रहे विवाद को लेकर रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि यह विवाद पैदा किया गया है। पारसनाथ पर आदिवासी समाज का भी अधिकार है, और जैन समाज का भी अधिकार है। दोनों अपनी पद्धति के अनुसार, पूजा पाठ करें कोई विवाद नहीं होना चाहिए। कई लोग विवाद लाने की कोशिश कर रहे हैं। वैसे लोगों से बचना चाहिए। आपस में मिल बैठकर पूजा-पाठ करनी चाहिए। चाहे वह जो भी हो दोनों पक्षों को मिलकर मसले का हल करना चाहिए। तीसरे की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वहीं इस कार्यक्रम में कोसी सीमावर्ती मिथिलांचल वित्त मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने कहा कि मिथिलांचल का यह महान पर्व है। जिसे हम लोग तिला संक्रांति भी कहते हैं। भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। जिससे कि हम लोग अब शुभ कार्य कर पाएंगे। चूड़ा-दही भगवान को चढ़ा कर अतिथियों को खिलाया जाता है।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, नहीं हुई पहचान



नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी मोड़ से लापुंग जानेवाली सड़क पर भसनंदा मोड़ के समीप रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसकी जानकारी लोगों ने मुखिया व बेड़ो पुलिस को दी।जिसके बाद ईंटा पंचायत के मुखिया बुधराम बाड़ा व रोगो गांव के वार्ड सदस्य बबलू उरांव ने बेड़ो थाना पुलिस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।जहां डा काजल सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना शनिवार की रात को ही हुई होगी घायल व्यक्ति के सिर में काफी चोटें आई हैं हादसे के बाद बेहोश हो गया। वही घायल व्यकि की पहचान नहीं हुई है। घायल व्यक्ति की उम्र लगभग 50 वर्ष काला जैकेट व लाल रंग का पैंट पहने हुए है। 108 एंबुलेंस सेवा में मुखिया ने नियम में बदलाव का मांग किया। सरकार की इमरजेंसी एंबुलेंस 108 की व्यवस्था पर ईंटा पंचायत के मुखिया बुधराम बाड़ा ने कहा है कि प्रखंड ग्रामीण व सुदूर इलाके के रहने वाले लोगों के लिए 108 एम्बुलेंस एक बेहतर व्यवस्था साबित हुई है। लेकिन इसमें घटना के बाद घायल के साथ कोई परिवार या स्वजन नहीं रहने या नहीं पहुंच पाने पर गंभीर रूप घायल को एंबुलेंस रिम्स ले जाती है।

## मकर संक्रांति पर रिम्स में मरीजों को दिया गया स्पेशल नाश्ता

**रांची।** मकर संक्रांति पर रविवार को रिम्स में मरीजों को डाइट देने की जिम्मेवारी जाना इंटरप्राइजेज (मरीजों को भोजन उपलब्ध कराने वाली कंपनी) को टेंडर के माध्यम से दी गई है। यह एजेंसी त्योहारों और नेशनल फेस्टिवल पर मरीजों को कुछ स्पेशल देने का काम करती है। इसके तहत मकर संक्रांति के मौके पर हॉस्पिटल में इलाजरत मरीजों को नाश्ते में इडली-सांभर, केला-सेब और अंडा के साथ तिलकुट परोसा गया। सुबह नाश्ते में तिलकुट मिलने से मरीज और उनके परिजन भी खुश नजर आए। किचन मैनेजर फैसल खान ने बताया कि किचन मैनेजर फैजल ने कहा कि अस्पताल में त्योहार के हिसाब से मेन्यू उपलब्ध कराया जाता है, ताकि मरीजों को यह एहसास नहीं हो कि वे अपने घर-परिवार से दूर हैं। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल में फिलहाल 1400 मरीज एडमिट है।

### चार दिवसीय मकर संक्रांति मेला महोत्सव संपन्न

# हजारों लोगों ने मकर संक्रांति के मौके पर दही, चूड़ा और तिलकुट किया ग्रहण



नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में चार दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि बगैर किसी तामझाम के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। रविवार को हजारों लोगों ने घघारी बाबा धाम मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की और मकर संक्रांति के मौके पर जमुनी नदी के तट पर दही चूड़ा और तिलकुट ग्रहण किया। पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ 72 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी के महाप्रसाद का लंगर लगाया गया। सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी का महाप्रसाद ग्रहण किया। शनिवार की अपेक्षा रविवार को घघारी बाबा धाम में अधिक भीड़ देखी गई। मेला स्थल पर रविवार को दुकानें भी सजी थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शनिवार की बजाए रविवार को घघारी बाबा धाम पहुंचे थे। श्रद्धालुओं ने कहा कि 14 जनवरी की रात तक खरमास ही था। इसलिए मकर संक्रांति रविवार को ही मनाया गया। मंदिर में मंदिर के मुख्य पुजारी राम शंकर पाठक, राजकुमार पाठक, राजेश पाठक, सीताराम पाठक, तुलसीदास गोस्वामी तथा अजय गोस्वामी ने श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना कराई। इधर मेला समापन के साथ ही थाना प्रभारी लापुंग सुकुमार हेंब्रोम और बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने मेला में आए श्रद्धालुओं जो नदी के नीचे उतर गए थे उन सबों को सुरक्षा पूर्वक ऊपर पहुंचाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक रामशंकर सिंह, संजय कुमार महतो, दशरथ तिर्की, विकास नारायण सिंह, हीरालाल शेखर सिंह, लाल ऋतुराज नाथ शाहदेव सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पंचायत स्तरीय क्रिकेट व फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**सिल्ली।** मकर संक्रांति के अवसर पर असुर कोड़ा स्वर्णरिखा नदी पुल के समीप पंचायत स्तरीय क्रिकेट व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के क्रिकेट एवं फुटबॉल में आठ आठ टीमों ने हिस्सा लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल जूनियर एफसी फुटबॉल टीम व रोहित ब्रदर फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। जिसमे जूनियर एफसी फुटबॉल टीम को रोहित ब्रदर ने ट्राई ब्रेकर में हराकर प्रतियोगिता में कब्जा जमाया। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता में विसरिया पंचायत एवं लोवादाग पंचायत के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित 6 ओवरों में विसरिया पंचायत क्रिकेट टीम ने 6 विकेट खोकर 38 रन बनाया। जवाबी पारी खेलते हुए लोवादाग पंचायत की टीम ने 5 ओवर में 39 रन बनाकर 6 विकेट से जीत दर्ज किया। विजेता टीम को सिल्ली विधायक सुदेश महतो एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य तथा उप विजेता टीम को मुखिया एवं जितनी देवी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**आक्रोश** ग्रामीणों ने निविदा रद करने को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

# रद नहीं हुआ तो करेंगे जोरदार आंदोलन



नवीन मेल संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम बाजार के निविदा रद करने को लेकर रविवार को नामकुम बाजार ग्रामीणों व बाजार व्यवासियों ने बजार हाट में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर बरगांवा पंचात मुखिया अनिता तिर्की, वार्ड सदस्य सुजाता खलखो, राजेश मिंज, विनोद एक्का, विवेक तिर्की, रोहित एक्का, अनिल मुण्डा, शंकर पाण्डेय, बिमल महतो, वीकू सिंह, ने वर्तमान सरकार गांव की सरकार कहती है। सभी कार्य करने के लिए ग्रामसभा कर स्थानीय लोगों के हितों के ध्यान में रखकर किया जाता है। लेकिन उक्त नामकुम बाजार हाट का निविदा के माध्यम हुआ तो अधिक वसूली व धांधली होगी। क्योंकि उक्त बाजार में स्थानीय छोटे-छोटे किसान खेती कर हाट में बाजार लंबे समय से लगाते आ रहें हैं। किसानों के हितों को देखते हुए ग्रामसभा के माध्यम से समूह बनाकर वसूली करने निर्देश दिया जाना चाहिए। बाजार में सालों से किसान व्यपार कर रही महिला ने कहा कि पंचायत स्तर से वसूली होने से सभी को लाभ है। अगर बाजार में निविदा के माध्यम से किया तो निश्चित ही छोटे किसानों को बाजार लगाना मुश्किल हो जाएगा। विरोध कर रहें सभी किसान व व्यपारियों ने निविदा रद करने को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। सभी किसानों ने निविदा को जल्द से जल्द रद करने को अपील की है। निविदा होने पर विरोध कर आंदोलन करने की चेतवानी दी है। वहीं इससे पूर्व में भी निविदा को लेकर मुखिया व किसानों द्वारा उपायुक्त,एसडीओ, सीओ, बीडीओ, जिप कार्यालय, स्थानीय विधायक व संबंधित पदाकारियों को ज्ञापन देकर निविदा तैयार करने की बात कही।

### क्या कहती है बरगांवा की मुखिया व ग्रामीण

मुखिया अनिता तिर्की ने कहा कि बाजार हाट की वसूली करने को लेकर पूर्व में की ग्रामसभा ने बरगांवा पंचायत की अध्यक्ष्यता में ग्रामसभा आयोजित कर हाट को समूह बनाकर वूसली करने का निर्देश दिया गया था। उक्त बैठक की कार्रवाही अंचल अधिकारी नामकुम को सौंपी गई थी। लेकिन कोरोना के कारण ग्राम सभा समूह से वसूली पर सरकार ने रोक लगा दी गई थी। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में गांव की किसानों व बेरोजगार युवकों के हितों की अनदेखी नहीं किया जा सकता है। ग्रामसभा के माध्यम से हाट चलने से पंचायत के बेरोजगार युवकों के का जिविका का साधन मिले सके व खुदरा व्यपारियों को राहत के साथ अपना व्यपार कर सकें।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार युवक घायल, तीन रिम्स रेफर

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर रविवार की रात लगभग साढ़े सात बजे दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो बाइक पर सवार चार युवक असंतुलित होकर गिरने से चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें पहली घटना पावर ग्रिड के समीप हुई जिसमें 19 वर्षीय मुकेश उरांव पिता ठाकुर उरांव और 20 वर्षीय विश्वनाथ उरांव पिता शनि उरांव दोनों पंडरिया भंडरा लोहरदगा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दूसरी घटना पलमा पेट्रोल पंप के समीप हुई जिसमें नारो नगड़ी रांची निवासी 26 वर्षीय संतोष भगत पिता पन्ना भगत भगत पुरियो रातू रांची निवासी 30 वर्षीय बंटी उरांव पिता सुखु उरांव है। चारों घायलों को ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मुकेश उरांव, विश्वनाथ उरांव व संतोष भगत को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# हनुमानजी की चतूबरा तोड़ने पर मारुति मंगल परिवार के लोगों ने जताया विरोध

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लतरातू पंचायत के अंबा टोली गांव स्थित मारुति मंगल धाम में अज्ञात लोगों द्वारा बीते दिनों हुनमान चबूतरा को तोड़ दिया गया। जिसकी जानकारी मिलने के बाद रविवार को मारुति मंगल परिवार के लगभग 200 लोगों ने रातू के बाजपुर टीगरा टिकरा टोली से लापुंग के लतरातू के अंबाटोली तक परिवार के लोगों ने लगभग 35 किलोमीटर तक पैदल यात्रा निकालकर विरोध जताया है। वही प्रशासन से करवाई की मांग की है। रातू से चली यह पद यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए बेड़ो देवी मंडप चौक पहुंचने पर प्रखंड के कार्यकताओं ने उनका पुष्प वर्षा कर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। जिसके बाद यह पदयात्रा अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गयी। मौके पर विक्रम महतो ने कहा मारुति मंगल परिवार झारखंडी सामाजिक सांस्कृतिक संस्कार व धर्म के लिए कार्य करती है। जो प्रत्येक रविवार को परिवार के लोग प्रखंड के गांव-गांव में जाकर जुआ,शराब व अंधविश्वास जैसे कुरीतियों दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करते है। साथ ही लोगों को शिक्षा,खेल रोजगार मुहैया कराकर समाज को जोड़ने काम संस्था करती है। उन्होंने कहा हमारी संस्था समाजिक व धार्मिक संस्था जो हमेशा परिवार और समाज हित में काम करती है।ऐसे संस्था के धाम में तोड़ फोड़ करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन ऐसे लोगों पर त्वरित करवाई करें। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रशासन को अविलंब संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। इधर परिवार के लोग मारुति धाम पहुंचकर छतिग्रस्त चबूतरा को बनाकर बजरंगबली शिवलिंग व नंदी की मूर्ति स्थापित किया।साथ ही पूरे परिवार के लोगों ने मारुति धाम परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर दही चूड़ा व तिलकुट खाया और ग्रामीणों को खिलाया।

## NEWS इन ब्रीफ

### 10 दिनों के अंतरात पर 50 पदाधिकारियों की होगी ट्रेनिंग

**रांची।** झारखंड पुलिस में अनुसंधान के एक मामले में सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट ने ट्रेनिंग के स्तर पर सवाल उठाया था। इस मामले के बाद झारखंड पुलिस ने अब पुलिसकर्मियों के लिए एडवासं ट्रेनिंग शुरू की है। इसके तहत 50-50 अनुसंधान पदाधिकारियों के बैच बनाकर पुलिसकर्मियों को दस दिनों की ट्रेनिंग दी जाएगी। पुलिस अनुसंधान विद्यालय में इस ट्रेनिंग की शुरूआत 17 जनवरी से होगी। इस दौरान अनुसंधान के नए पहलूओं के साथ साथ नए कानूनों से व कोर्ट जजमेंट से पुलिस के जांच पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

### मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा, 42 मोबाइल बरामद

**रांची ।** रांची के डेली मार्केट थाना की पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह से जुड़े तीन नाबालिग के पास से 42 मोबाइल फोन बरामद किया गया जो अलग अलग जगह से चोरी की गयी थी।

### जतरा नृत्य प्रदर्शन में तकरीबन 35 सांस्कृतिक दलों ने हिस्सा लिया

**रांची।** रविवार को सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय लोककला जतरा के तीसरे दिन जतरा नृत्य का प्रदर्शन किया गया जिसमें तकरीबन 35 सांस्कृतिक दलों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मंच में मुंडा नृत्य, छ उ नृत्य, बिलुप्त होता कीहो नृत्य, संथाली नृत्य, पाइंका नृत्य ,मांडर का फ्यूजन, कुडुख नृत्य नागपुरी नृत्य इत्यादि दलों ने अपना नृत्य का कार्यक्रम दिया। लोक कलाकारों के द्वारा इस कार्यक्रम में लोक कला को देखने और दिखाने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ। सभी लोक कलाकारों ने झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन बहुत धूमधाम से किया गया। तकरीबन 2000 दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ने किया लंगर का आयोजन

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची की ओर से रविवार को मेन रोड स्थित गुरुद्वारा में लंगर चलाया गया। दिलीप बंका की ओर से जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस लंगर में काफी अनुयायियों ने भाग लिया। सभी ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजन में सिद्धार्थ मजूमदार, शुभ्रा मजूमदार, अजय सखूजा, लायन पूनम सखूजा, ओपी तुलस्यान, उमेश प्रसाद, अजय कुमार, विजय परशुरामपुरिया, डॉ एचबी सिंह, राजेश चौधरी, प्रदीप कुमार, निर्मल मानपुरिया, कुलतार सिंह, सुनीता चौधरी, सुजाता गाड़ोदिया, मंजू परसुरामपुरिया, वीणा बंका समेत अन्य की भागीदारी रही।

### पुलिस की कार्यशैली पर बाबूलाल ने सरकार को घेरा

# मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की राज्य के अलग अलग हिस्सों में पुलिस की कार्यशैली पर राज्य की सरकार को घेरा। रविवार को हजारीबाग में व्यवसायी की पुलिस हिरासत में मौत पर बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी नीरज सिन्हा से बात की। उन्होंने मांग की है कि राज्य के किसी वरीय आईपीएस से इसकी जांच करा कर कार्रवाई की जाए, ताकि लीपापोती न हो, पीड़ित परिवार को न्याय मिले। उन्होंने इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मामला संज्ञान में लेने की गुजारिश की है। वहीं इस मामले में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घेरा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची एवं चुने हुए मालदार कुछ जगहों पर चुन-चुन कर कुछ भ्रष्ट, बेईमान एवं दागी लोगों को ही बैठाने की गलती क्यों की? रिश्वतखोरी में माहिर इन कमाऊ सहयोगियों की वजह से आज अगर आप खुद भ्रष्टाचार के फांस में फंस कर हांफ रहे हैं तो दोष किसका है? बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोडरमा में बेशकीमती सरकारी पेड़ बेच खाये चार्जशीटेड आईएएस छवि रंजन को राँची का डीसी बना जमीन लूट का धंधा कराया जो हाइकोर्ट से जमानत पर है। कमिश्नर की जांच में दोषी इस अफसर पर कार्रवाई की इसलिये दबाये बैठे हैं कि ये कच्चा चिट्ठा न खोल दे।

#### मरीज से पैसो लूटने वाले दोषी पुलिसकर्मी को भेजें जेल

बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर में थानेदार शंभू गुप्ता के द्वारा छापेमारी के दौरान पैसे गायब करने के मामले में कहा कि यदि आम आदमी छिनतई करता है, चोरी-डकैती कर रुपए लूट लेता है तो उस पर एफआइआर कर पुलिस तुरंत जेल भेजती है। जमशेदपुर में डाका डालकर किडनी के मरीज के इलाज का पैसा लूटने वाले दारोगा-मुंशी को जांच में आरोप प्रमाणित होने के बाद भी सिर्फ.निलंबन क्यों? इन्हें जेल भेजना चाहिए। बाबूलाल ने कहा कि एक मामले में थानेदार पीड़ित के पास किडनी के इलाज के लिये रखे रुपए उसके घर से लूट यानी डकैती कर ले गये। दूसरा मामला रांची का है जहां घूसखोरी जैसे बहादुरी में रंगे हाथ पकड़ाकर जेल जाने वाली दारोगा मीरा सिंह ने महज शक के आधार पर युवक को थाने लाकर बेरहमी से पीटा। जमशेदपुर में लूटेरे दारोगा, मुंशी को सस्पेंड किया गया। वहीं रांची मामले में कारवाई इसलिये नहीं होगी क्योंकि घूसखोरी के आरोपी दारोगा के जेल से जमानत पर छूटने के बाद उन्हें खूंटी से महत्वपूर्ण राजधानी रांची लाकर हाईवे के थाने तुपुदाना का प्रभारी गो तस्करी और दूसरे काले धंधे में कमाई का हिस्सा सत्ता शीर्ष तक पंहुचाने के लिये ही बनाया गया लगता है।

### मारपीट के खिलाफ राजधानी रांची में विरोध मार्च निकाला गया

**रांची।** झारखंड, छत्तीसगढ़ में चर्च और मसीही समाज के लोगों पर लगातार हमले, मारपीट के खिलाफ रविवार को राजधानी रांची में विशाल विरोध मार्च निकाला गया। 4 किमी तक निकले इस मार्च में भारी संख्या में मसीही समाज के लोग शामिल हुए। मार्च की शुरूआत जीईएल चर्च परिसर से हुआ, जो मेन रोड, कचहरी, रेडियम रोड होते हुए मोरहाबादी मैदान के गांधी वाटिक तक पहुंचा। जहां पर एक सभा का आयोजन हुआ। इसका आयोजन झारखंड क्रिश्यचन यूथ एसोसिएशन ने किया। कार्यक्रम में आर्च बिशप फिलेक्स टोप्पो, महाधर्माध्यक्ष सहायक थियोडर मासकराहनेस, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, बिशप सीमांत तिर्की, सिख समुदाय से ज्योति सिंह मथारू, जेसीवाई के अध्यक्ष अनिल लकड़ा सहित कई लोग शामिल हुए।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मकर संक्रांति का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्कूल परिसर में हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति मनाया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने इस दिन का महत्व बताते हुए संक्षिप्त भाषण दिया और कविताएं सुनाईं। छात्रों ने कलात्मक एवं रचनात्मक विचारों से सुंदर और आकर्षक पतंगें बनाई। इस पर्व को मना कर विद्यालय ने छात्रों को भारतीय संस्कृति की जड़ों के साथ जोड़ने का अनूठा प्रयास किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस गतिविधि में भाग लेने के लिए छात्रों की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को भारतीय संस्कृति की विविधता और प्रासंगिकता की सराहना करने के लिए प्रेरित किया।

## वैश्य चौधरी कल्याण समिति ने मनाया स्थापना दिवस

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रविवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पिस्कामोड़, रांची स्थित संस्था के प्रधान कार्यालय में वैश्य चौधरी कल्याण समिति, रांची, झारखंड का स्थापना दिवस अपने अराध्य देव श्री बलभद्र भगवान एवं श्री सहस्त्रार्जून भगवान जी के पुजनोपरांत समाज के समस्त निष्ठावान पदाधिकारियों, सहयोगियों, शुभचिंतकों की उपस्थिति में मनाई गई, साथ ही समाज के संपूर्ण विकास के लिए संकल्प भी लिया गया। इसके साथ ही समाज में व्याप्त कुप्रथा को दूर करने, असहायों की शादी एवं धर्मशाला निमार्ण के लिए निर्णय लिया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष पुतुल कुमार चौधरी, महासचिव विनोद कु जायसवाल, संरक्षक कुलदीप नारायण चौधरी, सन्तोष चौधरी, अजय कुमार चौधरी, रणधीर चौधरी, ललीत कु. चौधरी, उमेश प्रसाद चौधरी, इंद्रदेव चौधरी, संजय चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, पप्पू चौधरी, मणि कुमार चौधरी, प्रियंका चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, संजीत चौधरी, संतोष कु. चौधरी सहित सैंकड़ों समाज के निष्ठावान एवं गणमान्य बंधुगण मौजुद थे। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की गरिमामय मौजूदगी रहीं। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व अपने समाज के समर्पित संस्थापक संरक्षक स्वर्गीय विश्वनाथ चौधरी एवं स्वर्गीय कामेश्वर प्रसाद जी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रणधीर चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और साथ ही स्थापना दिवस सह मकर संक्रांति के पावन पर्व पर समाज के सभी सम्मानित सहयोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### अरविंद राजगढ़िया ने अपनी नई युवा टीम के साथ शपथ ग्रहण किया

**रांची।** रांची के होटल काव्स में रविवार को जेसीआई रांची ने 63वें शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया ने अपनी नई युवा टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय सेठ, जेसीआई सेनेटर जगन्नाथ दास मौजूद थे। जेसी अरविंद राजगढ़िया ने जेसीआई रांची के अध्यक्ष के रूप में शपथ लेते हुए आने वाले वर्षों में समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपना विजन बताया. वहीं अपनी टीम से कहा- ड्रीम बिग, डेयर डिफरेंटली, डिलीवर सक्सेसफुली। अरविंद राजगढ़िया की नई टीम में सचिव के तौर पर तरुण अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवेश जैन, निशांत मोदी, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, संयुक्त सचिव रवि आनंद ने शपथ लिया।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

## जयपाल सिंह मुंडा, एनई होरो जैसे महान लोग पहचान के मोहताज, दुर्भाग्य : पुष्कर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा खूंटी जिला की बैठक रविवार को डाक बंगला में हुई। बैठक की अध्यक्षता महबूब अंसारी ने की। बैठक में दिवंगत हुए झारखंड आंदोलनकारी के प्रति 1 मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड का आगाज में खूंटी जिला के आंदोलनकारियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। इस जिला ने मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, एन ई होरो जैसे महान नेतृत्वकारी दिए लेकिन आज यहां के आंदोलनकारियों की स्थिति दयनीय है। खूंटी जिला सम्मान के लिए मोहताज है। खूंटी जिला के गांव कस्बों में रहने वाले आंदोलनकारियों से आज उनसे पहचान की मांग की जाएगी तो वह आज की तारीख में प्रमाण देने में असमर्थ होंगे, लेकिन सरकार नोडल बनाकर 1- 1 झारखंड आंदोलनकारियों के आवेदन की सत्यता की जांच करेगी तो निश्चित ही सही आंदोलनकारियों की पहचान हो सकेगी। सही आंदोलनकारी छूटेंगे नहीं और गलत जुड़ेंगे नहीं। उन्होंने मांग की कि जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए राज्य गठन की तिथि से सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से राजकीय मान-सम्मान, पहचान, पेंशन एवं नियोजन दिया जाए। बैठक में सोमा मुंडा, जावेद पासा , बद्री साहू अजय कुमार सिंह महिपाल गंजू ,तैयब अंसारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

### सांसद ने की ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन

## प्रत्येक नागरिक को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चहिए : सेठ

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** रांची जिला ताइक्वांडो संघ का नया ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन रांची प्रेस क्लब के हॉल में सांसद संजय सेठ, वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह व प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्र ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पूर्व जिला संघ की ओर से अतिथियों का स्वागत बुके दे कर किया गया। संघ के सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता गाजियाबाद के पदक विजेता शारदा ग्लोबल स्कूल की सृष्टि और सरला बिरला पब्लिक स्कूल की हर्षिता चौधरी को संघ की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि संजय सेठ ने कहा की प्रत्येक नागरिक को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चहिए, ऐसे सेंटर के खुलने से निश्चित रुप से स्वास्थ्य के साथ ही साथ यहां के खिलाड़ी जिला का नाम रौशन करेंगे। खिलाड़ियों के अभ्यास के बीच आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा। सेंटर में बुधवार, शनिवार व रविवार को कोच अनंत नाग चंदन के द्वारा अभ्यास कराया जाता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरी नारायण सिंह, द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्र, शाहरुख नवाज, इम्तियाज हुसैन, अशोक दास सहित सैकड़ों खिलाड़ी अभिभावक व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### अनुसूचित जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने पर अनुसूचित जाति मोर्चा गंभीर

**रांची।** रविवार को समाचार पत्र में निकाले गए झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के विज्ञापन में अनुसूचित जाति समाज को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा गंभीर है। इस मामले को लेकर चंदनकियारी विधायक सह भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने ट्विटर के माध्यम से सरकार से पूछा है कि ऐसी गलती क्या जानबूझकर की गई है या भूलवश हुई है। यदि राज्य के 50 लाख से ज्यादा अनुसूचित जाति वर्ग का तिरस्कार और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है तो यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अपने संवैधानिक अधिकार को पाने के लिए इस ठगबंधन वाली सरकार की सड़क से लेकर सदन तक ईट से ईट बजाने को तैयार हैं।

### अग्रवाल युवा सभा, रांची द्वारा अग्रवाल क्रिकेट लीग सीजन -1 का आयोजन

## टीम दादी सेना ने 22 रनों से श्री श्याम रॉयल्स को हराकर जीत हासिल की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रविवार को मेकौन क्रिकेट ग्राउंड में फाइनल मैच के दौरान एक रोमांचक और अद्भुत पारी के साथ टीम दादी सेना ने 22 रनों से श्री श्याम रॉयल्स को हराकर शानदार जीत हासिल की। गोल्ड मेडल एवं विजेता कप पाकर सभी खिलाड़ी अपने हर्ष और उल्लास का प्रदर्शन कर रहे थे। श्री श्याम रॉयल्स ने द्वितीय स्थान पाकर सिल्वर मेडल एवं रनर अप ट्रॉफी से खुद को नवाजा एवं अग्रसेन स्ट्राइकर्स ने ब्रोंज मेडल और फर्स्ट रनर अप ट्रॉफी लेते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बैट्समैन के खिताब से ऋषभ अग्रवाल को सम्मानित किया गया साथ ही मैन ऑफ द सीरीज एवं बेस्ट बॉलर के रूप में अखिल टिकमानी को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट यूथ आईकॉन प्लेयर विनायक संथालिया बने जिन्होंने एक मैच में मात्र 54 गेंदों में 163 रन बनाकर एक शानदार पारी का प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को टाइटल स्पॉन्सर इको टिंबर की ओर से गिरीश अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही ट्रॉफी पार्टनर जलान ग्रुप द्वारा सभी पारंगत खिलाड़ियों एवं टीम को मेडल और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। चावला हेलमेट द्वारा स्टीलबर्ड की ओर से प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच को हेलमेट प्रदान किया गया। आयोजन की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य रूप से अग्रवाल सभा अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, सचिव मनोज चौधरी, मारवाड़ी सहायक समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं अन्य गणमान्य संस्थाओं के सम्मानित सदस्यों ने अपना बहुमूल्य समय दिया। आयोजन को सफल बनाने के लिए संयोजक - आशीष अग्रवाल (जीमी), दीपक गोयनका, उमंग सुल्तानिया साथ ही संस्था के स्पोर्ट्स डायरेक्टर - अभिषेक जालान (बिटली) एवं उनके सहयोगी अरुण पोद्दार और शुभम मोदी का बहुमूल्य योगदान रहा। संस्था के अध्यक्ष सौरव बजाज, सचिव रोहित सरावगी, कोषाध्यक्ष शुभम लोहिया के साथ पूरी अग्रवाल युवा सभा, उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रौनक झुनझुनवाला एवं अमित प्रकाश बजाज ने दी।

### आयोजन — रांची के इतिहास में भव्य व ऐतिहासिक होगा खेल महोत्सव का आयोजन

## छह खेलों के लिए खिलाड़ियों को मिलेंगे कुल 612 पदक : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** 17, 18 और 19 फरवरी को खेलगांव में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के ब्रोचर और आवेदन फॉर्म की लॉन्चिंग रविवार को माहेश्वरी भवन में ओलंपिक खिलाड़ी रही तीरंदाज रीना कुमारी के द्वारा की गई। इस अवसर पर महोत्सव के आयोजक रांची के सांसद संजय सेठ, संयोजक और पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक प्रमुख रूप से मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद श्री सेठ ने कहा कि यह आयोजन भव्य और ऐतिहासिक आयोजन होगा। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में इसका आयोजन किया जा रहा है ताकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सारे खेल संपन्न हो सकें। 6 खेलों के लिए खिलाड़ियों को कुल 612 पदक देकर उनका सम्मान बढ़ाया जायेगा। सांसद श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच है कि हमारे क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध हो सके, ऐसी प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही आयोजन किया गया है। इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, सिल्ली और ईचागढ़ से प्रतिभागी भाग लेंगे। सांसद श्री सेठ ने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र में स्थित सांसद समाधान केंद्रों में भी यह फॉर्म उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त अरगोड़ा स्थिति सांसद केंद्रीय कार्यालय और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों से संपर्क करके भी फॉर्म लिया जा सकता है। इस महोत्सव के लिए न्यूनतम 2000 खिलाड़ियों का लक्ष्य रखा गया है और अधिक से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता हो, यह प्रयास महोत्सव से जुड़ी समिति का है। सांसद ने रांची के विभिन्न विद्यालयों से भी आह्वान किया है कि आपके यहां भी बच्चे, जो इन खेलों से संबंध रखते हो, उन्हें इसमें प्रतिभागी बनाएं ताकि उनकी प्रतिभाओं को भी निखार मिल सके। ओलंपिक की खिलाड़ी रही रीना ने कहा कि यह महोत्सव रांची के खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। ऐसी प्रतिभाएं, जिन्हें मंच उपलब्ध नहीं हो पाता, या वे संबंधित स्थानों तक नहीं पहुंच पाती, उन्हें सामने लाने की दिशा में यह सराहनीय पहल है। इस महोत्सव की तकनीकी जानकारी देते हुए झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ० मधुकांत पाठक ने बताया कि महोत्सव में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, वुशु, कबड्डी, बैडमिंटन और योगासन को शामिल किया गया है। सभी खेल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार संपन्न किए जाएंगे। तीरंदाजी में कुल 36 पदक, एथलेटिक्स में 78 पदक, वुशु में 120 पदक, कबड्डी में 192 पदक, बैडमिंटन में 70 पदक और योगासन में 100 पदक निर्धारित किए गए हैं। कुल 612 पदकों के लिए यह खेल होगा। इसके अतिरिक्त सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### मकर संक्रांति पर समरसता दिवस समारोह का आयोजन

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर, विश्वकर्मा प्रखंड की ओर से रविवार को चटकपुर सुंदरनगर में मकर संक्रांति पर समरसता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसमें परिषद के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व भौगोलिक, आध्यात्मिक, सामाजिक व धार्मिक रूप से बहुत बड़ा पर्व है। यह पर्व संपूर्ण सृष्टि के मानव जगत को एक करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोग होते हैं, जो हमारी सनातन परंपरा व पुरातन संस्कृति को समाप्त करने की कोशिश करते रहते हैं, ऐसे लोगों से सचेत रहने की आवश्यकता है। वहीं, विहिप सामाजिक समरसता के प्रांत प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि हिंदू समाज समस्त जीवों में भगवान के रूप को देखता है। भगवान ने सभी जीवों को जीने का अधिकार दिया है।

## गौरव सिंह मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** होनहार युवा क्रिकेटर गौरव सिंह के याद में रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकैडमी अपने प्रिय खिलाड़ी को श्रद्धांजलि देते हुए सेकंड एडिशन टी-20 अंडर 16 गौरव सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक एवं एम स्पोर्ट्स के सहयोग से रविवार को स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान में आयोजित की गयी। आज के समापन मैच मैं मुख्य अतिथि के रूप में रीता मुंडा वार्ड नंबर 46 वार्ड नंबर पार्षद एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में संजय सिंह गौरव के पिता उपस्थित थे। अतिथियों ने स्वर्गवासी गौरव सिंह के तस्वीर में माल्यार्पण किया तथा सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर अपने होनार एवं चहेते खिलाड़ी श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि ऐसा है होनार खिलाड़ी हम लोग के बीच नहीं है इसका हम सब को काफी दुख है आज वह अगर जिंदा होता है तो शायद इंडिया टीम में प्रतिनिधि भी करता उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से रेलवे यूथ को हर संभव मदद करने के लिए बात की इस अवसर पर पूर्व रणजी क्रिकेटर एसपी गौतम, चंद्रदेव सिंह, डिस्टिक स्पोर्ट्स ऑफीसर धनबाद दिलीप कुमार के अलावा क्लब के सीनियर खिलाड़ियों में मनीष, शिवम, आयुष आर्यन, अकाश गिरी विकास गिरीउपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## बराकर नदी घाट पर डुबकी लगाने वालों का लगा तांता

**धनबाद।** जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत ठेठाटांड स्थित बाबा नंदा महादेव, बराकर नदी घाट पर मकर संक्रांति के दौरान रविवार को डुबकी लगाने वालों की भीड़ उमड़ गई। इस दौरान रविवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोग नदी में स्नान कर बाबा नंदा महादेव के मंदिर में पूजा कर दानपुण्य करते देखे गए। उल्लेखनीय है कि परांपरागत रूप से शनिवार को भी मकर संक्रांति मनायी गई। इस दौरान उक्त स्थल पर वर्षों से लग रहा खिचड़ी मेला के रूप में प्रसिद्ध मेला का भी आयोजन किया गया। इस मेले में धनबाद ओर गिरिडीह के कई गांव के लोग शामिल थे।

## गुमला में हत्यारोपित को भेजा जेल

**गुमला।** जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र के जालिम गांव में शनिवार की देर शाम जमीन विवाद में 65 वर्षीय वृद्ध पाही उरांव की गांव के ही पारा शिक्षक शिवलाल उरांव ने कुदाल से काटकर हत्या कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया कि हत्या के आरोपित शिवलाल उरांव को पुलिस गिरफ्तार कर बिशुनपुर थाने ले आई है। उसने जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में रविवार को गुमला जेल भेज दिया है।

## पीएलवी सदस्य ने चलाया जागरूकता अभियान

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा सिमडेगा के तत्वधान में अध्यक्ष राजकमल मिश्रा जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के कुशल मार्गदर्शन पर सचिव मनीष कुमार के देखरेख में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन केरसई प्रखण्ड के पीएलवी विष्णु प्रसाद के द्वारा कुडेग प्रखण्ड के ग्राम जागजोर मे किया गया। नीति आयोग भारत सरकार के तत्वधान में देश के 112 आकांक्षी जिलों में सघन विधिक जागरूकता शिविर का निर्देश दिया गया। इस शिविर में पीएलवी विष्णु प्रसाद के द्वारा महिलाओं के अधिकारों के विषय में विस्तार पूर्वक से बताया गया।

## ऑटो चालक संघ सिमडेगा का वनभोज सह सम्मेलन संपन्न

**सिमडेगा।** झारखंड ऑटो चालक संघ का वनभोज सह सम्मेलन शंख नदी स्थित छठ घाट में हुई। मौके पर मजदूर नेता सह ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, मुखिया सुरजन बड़ाईक, विनोद बड़ाईक, संगठन प्रभारी नील जस्टिन बेक, अधिवक्ता विजय बक्शी, बीसीओ बोलबा रामनारायण सिंह आदि उपस्थित थे। मौके पर ऑटो चालकों से संगठित रहने की अपील की गई। उन्होंने वाहन के सभी कागजात को भी दुरुस्त रखने और यातायात नियमों का पालन करते हुए ऑटो चलाने की बात कही। राजेश सिंह ने कहा कि ऑटो चालक यात्रियों के साथ मधुर संबंध बनाए रखें।

# नन्ही परी फाउंडेशन ने बांटे महिलाओं और किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड




नवीनमेल संवाददाता

**सिमडेगा।** बीरू में समाजसेवी प्रेम कुमार दास के पहल पर रविवार को नन्ही परी फाउंडेशन की मदद से किशोरी और महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण करते हुए पैड बैंक की शुरूआत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत समिति मोना पंडा एवं दुर्ग विजय सिंह देव उपस्थित रहे जिनके द्वारा कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।मौके पर पंचायत समिति मोना पंडा ने कहा सिमडेगा आदिवासी बहुल क्षेत्र है यहां की किशोरी,महिलाओं को स्वच्छता महावरी के प्रति जागरूक करना बहुत ही जरूरी है क्योंकि यहां पर गंदे कपड़े के इस्तेमाल से महिलाओं में संक्रमण जैसी बीमारी उत्पन्न होती है। गांव में प्रेम कुमार की पहल पर पैड बैंक का निर्माण काफी सराहनीय है। कार्यक्रम में प्रेम कुमार ने बताया कि अब गांव में किशोरियों को हर महीने पैड दिलाने की कोशिश होगी ताकि उन्हें मदद हो। वहीं उपस्थित दुर्ग विजय सिंह देव ने भी इस कार्य की सराहना किया। इस मौके पर किशोरियों के बीच सैनिटरी पैड का वितरण किया गया।इस मौके पर मुख्य रुप से अपर्णा कुमारी, आंचल कुमारी, खुशी, दीपा मौजूद रहे इस मौके पर सभी लोगों ने नन्हीं परी फाउंडेशन एवं प्रेम कुमार का धन्यवाद दिया।

## भाजपा नगर मंडल ने किया गरीबों के बीच वस्त्र-खिचड़ी का वितरण

**सिमडेगा।** मकर संक्रांति के मौके पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा नगर मंडल के तत्वधान में सिमडेगा के डेली मार्केट सब्जी मंडी में गरीब असहाय लोगों के बीच वस्त्र एवं खिंचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद उपस्थित रहे इस दौरान उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए खिचड़ी एवं वस्त्र दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सब का प्रयास का नारा लेकर आगे बढ़ती है जहां पर त्यौहार में भी गरीब असहाय लोगों के साथ मिलकर खुशियां बढ़ती ह जिससे कि सभी के चेहरे पर मुस्कान आए उनका के आगे भी प्रयास रहेगा इस प्रकार की छोटी-छोटी आयोजन कर लोगों के सुख-दुख में काम आ सके।

# मनिका बालक मवि. में पांच दिवसीय योग शिविर शुरू




नवीनमेल संवाददाता

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बालक मध्य विद्यालय में आज दिन रविवार को पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य विभाग आयुष झारखंड सरकार जिला लातेहार के द्वारा मनिका प्रखंड मे योग प्रशिक्षण शिविर में। सरकारी स्कूल के लगभग 50 शिक्षको एवं शिक्षिकाओं ने योग शिविर में पहुंचकर योग का प्रशिक्षण लिया। वहीं योग शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, पश्चिमी जिला परिषद बलवंत सिंह, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बिससूत्रि अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, भाजपा नेता उमेश प्रसाद, ने बिरसा मुंडा के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया। वही योग शिविर में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, पश्चिमी जिला परिषद बलवंत सिंह, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बिससूत्रि अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, भाजपा नेता दिनेश प्रसाद, ने भी सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के साथ बैठकर योग्य किया, योग प्रशिक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ उमेश कुमार के देखरेख में योग शिविर किया जा रहा है। उन्होंने बताया यह योग शिविर पांच दिवसीय होगा। मौके पर मुरारी ठाकुर। सागर यादव। मोहन ठाकुर, समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

# मदरसा के 45 बच्चों के बीच कंबलों का वितरण



नवीनमेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा :** प्रखंड के एकमात्र उर्दू शिक्षा संस्थान मदरसा अशरफिया गौसुल उलूम नगजुआ में तालिबे इल्म 45 बच्चों के बीच रविवार को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबलों का वितरण किया गया। मदरसा कि शिक्षा एवं विकास को लेकर बैठक भी की गई जिसमें विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। मदरसा में शौचालय की कमी,मदरसा चहारदीवारी आदि मुख्य समस्याओं पर विचार की गई इस दौरान बात सामने आई कि चुनावी दौरा के समय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू मदरसा की चहारदीवारी कराने की बात कही थी।

## सिमडेगा में वनभोज सह मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**सिमडेगा।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद द्वारा प्रदेश समिति के तत्वावधान में केलाघाघ में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में भारी से संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। साथ ही सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी गई। प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने कहा कि यह आयोजन करने का उद्देश्य साल में सभी से मुलाकात करके उनके सुख दुख को जानना भी होता है साथ ही समाज के विकास के लिए रणनीति भी बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए भी बहुत सारा कार्य करना है साथ ही समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर समाज के लिए आगे आने का सभी से अनुरोध किया है।

# डीजी ने बूढ़ा पहाड़ का किया दौरा, ग्रामीणों से की बातचीत

नवीनमेल संवाददाता

**रांची।** बूढ़ा पहाड़ में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस का सीआरपीएफ डीजी एसएल थाउसेन ने रविवार को दौरा किया। वहां उन्होंने बुरहा गांव और आसपास के अन्य गांवों के ग्रामीणों से भी बातचीत की। सीआरपीएफ के सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत उनके बीच कंबल, फल और मिठाई का वितरण किया गया। उन्होंने वहां तैनात जवानों की सराहना भी की। झारखंड में माओवादी नक्सलियों के सबसे बड़े गढ़ बूढ़ा पहाड़ को सुरक्षा बलों और पुलिस ने पूरी तरह फतह कर लिया। बूढ़ा पहाड़ की तमाम चोटियों पर अब पुलिस का कैंप है। 16 सितंबर को पहाड़ पर वायु सेना का एमआई हेलीकॉप्टर उतारा गया। जवानों ने तालियां बजाकर जीत की खुशी का इजहार किया। 55 वर्ग किलोमीटर में फैले बूढ़ा पहाड़ पर पिछले 32 सालों से नक्सलियों का कब्जा था। झारखंड-छत्तीसगढ़ के जंगलों से घिरा इलाका नक्सलियों का अभेद्य दुर्ग बना हुआ था। बूढ़ा पहाड़ पर आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के टॉप नक्सली लीडर और रणनीतिकार पनाह लिया करते थे। माओवादियों के पोलित ब्यूरो और सेंट्रल कमेटी के अरविंद उर्फ देवकुमार सिंह, सुधाकरण, मिथिलेश महतो, विवेक आर्या, प्रमोद मिश्रा, विमल यादव सहित कई बड़े नक्सली लीडरों मौजूद रहने की जानकारी पुलिस को मिलती थी।

# धूमधाम से मनेगा वैष्णव दुर्गा मंदिर का 30वां स्थापना दिवस

नवीनमेल संवाददाता

**लातेहार:** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार की एक बैठक उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित की गयी। बैठक का संचालन समिति के सचिव आशीष टैगोर ने किया। बैठक में मंदिर के 30 वें स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गयी। बता दें कि मंदिर के 30 वें स्थापना दिवस का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी एक फरवरी को कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। दो फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ व तीन फरवरी को भंडारा एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया जायेगा। आयोजन की सफलता के लिए सदस्यों से दी गयी दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निवर्हन करने की अपील की गयी। बैठक में कलश यात्रा के लिए सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, सतीष कुमार, उज्जवल साहु, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप प्रसाद व आकाश कुमार जायसवाल को जवाबदेही दी गयी। कलश यात्रा में माता की प्रतिमा एवं अन्य झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर समिति का बैंक खाता यूको बैंक में खोलने व सदस्यों का परिचय पत्र बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सदस्यता अभियान को तेज करने एवं पहले से बनाये गये सदस्यों के बीच प्रमाण पत्र व बैज का वितरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक त्रिभुवन पांडेय, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, प्रदीप प्रसाद, उज्ज्वल साहु, संजय प्रसाद, संतोष कुमार दुबे, सतीष कुमार, दीपक विश्वकर्मा, धनेश्वर प्रसाद, आकाश कुमार जायसवाल व चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन



नवीनमेल संवाददाता

**बोकारो।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रविवार को रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से हुई,जो राम मंदिर चौक - पत्थरकट्टा चौक - राम मंदिर चौक - सर्किट हाउस चौक - तिरंगा पार्क होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंच समाप्त हुई। रन फॉर रोड सेफ्टी में पुलिस अधीक्षक चंदन झा,उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी.एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार समेत जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी,आम जन आदि शामिल हुए।मौके पर अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनों को जागरूक करने के लिए रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया है। इसके पीछे का उद्देश्य सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को परिवहन नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उसका अनुपालन करवाना है,जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों के लिए सड़क पर चलना सुरक्षित हो। वहीं उप विकास आयुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया है। कई बार दुर्घटनाएं होने पर स्थितियां नियंत्रण में नहीं रहती हैं,ऐसे में सड़क पर वाहन चलाने,सड़क पर चलने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि पूरे देश में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी तक मनाया जा रहा है।

## कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई की बैठक में खेलकूद पर चर्चा

**सिमडेगा।** सिमडेगा अटल पार्क में रविवार को कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकारी अध्यक्ष सरताज खान के अध्यक्षता में समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में चर्चा किया गया कि छात्र संगठन को और मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा इसके अलावा सभी प्रखंडों में खेलकूद जिसमे क्रिकेट,हॉकी, कबड्डी,वॉलीबॉल ताइक्वांडो, फुटबॉल इत्यादि खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके यह छात्र संगठन के सभी सदस्यों को आगे आनी होगी।

## सांसद खेलो स्पर्द्धा निश्चित खेल का आयोजन




नवीनमेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दिन रविवार सांसद खेलो स्पर्द्धा निश्चित खेल का आयोजन करने को लेकर प्रेस कांफ्रेंस कर भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बताया कि भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 18, 19, 20 तारीख को नेतरहाट में आयोजित किया जाएगा । जो कि चतरा लोग सभा से सभी प्रखंड से बच्चे भाग लेंगे। नरेंद्र मोदी जी का एक अच्छा पहल एक बड़ी पहल है और इस पहल को चतरा लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह जी बखूबी निभा रहे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अपनी प्रतिभा को सामने ला सके अपनी प्रतिभा को दिखा सके और राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर जा सके। एथलेटिक्स खेल में चतरा लोकसभा के सभी प्रखंडों से सभी पंचायत स्तर के लोग इस खेल में भाग लेंगे और भाला फेंक, गोला फेक ,लंबी कूद, ऊंची कूद ,100 मीटर की दौड़, 400 मीटर की दौड़, 800 मीटर की दौड़, रिले रेस जैसे अन्य खेलो मे भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। इस खेल में 9 से 12 के लोग शामिल होंगे। आज आप सभी को पता है टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ अब तक के ओलंपिक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष सिंह चेरो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटू राजा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह पंकज यादव सोशल मीडिया प्रभारी आईटी सेल प्रभारी प्रशांत सिंह एवं अन्य लोग शामिल थे।

# प्रधान फाउंडेशन ने किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



नवीनमेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में प्रधान फाउंडेशन के बैनर तले निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से रांची से नेत्र डॉ अभिषेक डॉक्टर विकास कुमार, डॉ चंदन कुमार, डॉ अनुपम कुमार ने इस शिविर में एक सौ से भी अधिक मरीजों का आंख और शारीरिक जांच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि संतोष कंस्ट्रक्शन के मालिक संतोष से बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी सुरेश राम तथा रांची से चलकर आए। मंचासीन डॉक्टर और स्थानीय मुखिया नरेश लोरा ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरूआत की। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेश कुमार ने कहा कि ईश्वर के बाद कोई दूसरा भगवान है तो वह डॉक्टर होते हैं। प्रधान फाउंडेशन द्वारा झारखंड के विभिन्न स्थानों पर गरीब जरूरतमंद लोगों को निशुल्क जांच कर उचित परामर्श देने का जो काम कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है आभार व्यक्त किया। मौके पर मंचासीन चिकित्सक ने मौके पर उपस्थित लोगों को कई स्वास्थ्य सुरक्षा टिप्स दिए। शिविर आयोजन के पूर्व मंच पर उपस्थित अतिथि डॉ सुरेश कुमार,संतोष सिंह, समाजसेवी प्रेम प्रसाद गुप्ता,मुखिया नरेश लोहरा एवं रांची से चलकर आए शिविर के चिकित्सक को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

# दुमका में शिक्षक विकास अपहरण कांड का खुलासा

नवीनमेल संवाददाता

**दुमका।** अपहृत कोचिंग शिक्षक विकास कुमार के अपहरण की गुत्थी नगर थाना पुलिस ने सुलझा लिया है। मामला जाली नोटों के कारोबार से जुड़ा है। इसके लेन-देन में शिक्षक को बंधक बनाया गया था। पुलिस ने अपहृत शिक्षक को शनिवार को गोड्डा के पथरगामा से बरामद किया था। पुलिस के मुताबिक विकास की पहचान शिवपहाड़ में रहने वाले प्रशांत साह से हुई। प्रशांत साह ने अधिक कमाई का लालच देकर विकास को भी जाली नोटों के कारोबार से जोड़ लिया। इस कारोबार में बिहार, झारखंड समेत बंगाल के लोग भी जुड़े हैं। इस कारोबार से जुड़े लोगों में एक बिहार के जमुई, एक गोड्डा और दुमका से विकास और प्रशांत लखीसराय पहुंचे। यहां 11 लाख असली नोट के बदले 33 लाख देने की बात हुई। विकास और प्रशांत ने कुछ पैसे देकर नोटों से भरा बैग लेकर चल दिए लेकिन नोटों से भरे बैग की जगह केवल कोरा कागज का टुकड़ा निकला। सभी सदमे में पड़े गए। जमुई का रहने वाला व्यक्ति अपने को ठगा महसूस कर चलता बना लेकिन इस कारोबार से जुड़े गोड्डा के लोगों ने विकास और प्रशांत को बंधक बना अपने पैसे की मांग करने लगे। इसके कारण विकास ने अपने अपहरण की झूठी साजिश रची और परिवार वालों को इसकी सूचना दी।

महुआडांड

## एसडीएम, एसडीपीओ व जिप सदस्य ने किया प्लेस ब्रिक्स प्रतिष्ठान का उद्घाटन

# अब सस्ते दर पर आम लोगों को मिलेगी ईंट



नवीनमेल संवाददाता

**महुआडांड।** महुआडांड प्रखण्ड के ग्राम चटकपुर स्थित महुराम झण्डा मिलन स्थल के समीप प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान का शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर एवं जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया के द्वारा सामूहिक रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। मौके पर महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव, चटकपुर पंचायत की मुखिया रेखा नगेसिया, डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सुरज साहु, उपमुखिया सतीश कुमार, जामा मस्जिद के सदर मो. फहीम खान, चटकपुर हिन्दू समाज के अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद, कपिलदेव प्रसाद, चन्द्रशेखर प्रसाद, बद्री प्रसाद, सरना समिति के अनुमंडल अध्यक्ष अजय उरांव, संतोष सिंह, शहंशाह खान, मोहम्मद रुस्तम, वसीम अख्तर, आजाद अहमद, राशिल खान आदि समेत काफी संख्या में गणमान्य एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद थे। प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान के प्रो. देवानंद प्रसाद एवं सहजाद आलम ने बताया कि बफर जोन क्षेत्र घोषित होने के कारण इस क्षेत्र में ईंट निर्माण का कार्य पूर्णतः बंद था। लोगों को ईंट बाहर से मंगानी पड़ती थी। अब महुआडांड में प्लेक्स ब्रिक्स का निर्माण होने से लोगों को गुणवता पूर्ण एवं सस्ते दर पर ईंट मिलने लगेगी।

# पुलिस ने अवैध कोयला लोड दर्जनभर मोटरसाइकिल के साथ तस्करों को पकड़ा



नवीनमेल संवाददाता

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने रविवार को बालूमाथ कोलवरी मार्ग से लगभग दर्जनभर अवैध कोयला लोड मोटरसाइकिल जब्त कर चालक को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जप्त मोटरसाइकिल में कई टन कोयला लोड है जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लाखों रुपए की लगाई जा रही है। जिसके विरोध में पीड़ित परिजनों ने रांची चतरा मुख्य मार्ग थाना गेट के सामने जाम कर पुलिस द्वारा पकड़े गए लोगों को छोड़ देने की मांग किए।जिसको लेकर सड़क लगभग 1 घंटा जाम रहा। कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।किसी तरह पुलिस ने जाम को हटाने में सफल रहे। वही परिजनों का कहना है कि हम गरीब मजदूर हैं।अपनी जीविका पार्जन के लिए और जलावन के लिए मोटरसाइकिल से कोयला बेचकर अपना जीविका चलाते हैं। जिसपर भी पुलिस कार्रवाई होने से हमारीऔर भी स्थिति खराब हो जाएगी। लोगों ने यह भी कहा कि हमारे क्षेत्र में कोलवरी है यहा रोजगार के लिए हम साइकिल/मोटरसाइकिल से कोयला बचते हैं। अगर पुलिस को यह गैरकानूनी लगती है तो पहले ही हमें वार्निंग करना था। इस तरह अचानक पकड़ कर जेल भेजना यह उचित नहीं है।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं नें दामोदर और भैरवी संगम में किया पवित्र स्नान

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** मकर संक्रांति के पवित्र अवसर पर रविवार को प्रसिद्ध सिद्धपीठ रामगढ़ के रजरप्पा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इस दौरान स्थानीय और अन्य जगहों से आए श्रद्धालुओं ने दामोदर भैरवी संगम स्थल पर पवित्र स्नान करते हुए भगवान सूर्य को नमन किया और फिर मां छिन्नमस्तिके के दरबार में विधिवत पूजा अर्चना कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की है। एक तरफ सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाते हुए अपने सुहाग के अमर होने की कामना की तो दूसरी तरफ पुरुषों ने पत्थर बांध कर मन्नते मांगी है। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित हवन कुंड में हवन कर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना भी किया है। झारखंड के सांस्कृतिक पर्व टुसु विसर्जन के लिए भी स्थनीय महिलाएं रजरप्पा पहुंची और दामोदर नदी में लोक गीतों के साथ विधिवत टुसू का विसर्जन किया। वैसे तो पूरे देश में मकर संक्रांति का त्यौहार अलग-अलग नामों से मनाया जाता है जिसे झारखंड में टुसु के नाम से जानते हैं जिसका खास महत्व है। सर्दी में फसल कटने के बाद मनाए जाने वाले इस टुसु पर्व के दौरान कुंवारी लड़कियां टुसु को पूरे एक महीने तक अपने घरों में रखकर मंगल कामना के उद्देश्य से प्रत्येक दिन शाम को पूजा एवं आरती करती हैं। मकर संक्रांति पर रजरप्पा मंदिर न्यास समिति के पुजारी विनोद पंडा उर्फ लाल बाबा ने बताया कि मकर संक्रात के अवसर पर संगम स्थल में स्नान करने का अलग ही महत्व है यहां स्नान कर लोग मां के चरणों में अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं।



## झारखंड की संस्कृति से जुड़ा है मकर संक्रांति मेला

नवीन मेल संवाददाता

**गोला।** मकरसंक्रांति के अवसर पर रविवार को गोला के अत्यंत सुदूरवर्ती उपरखखरा स्थित धारा फॉल में हर वर्ष की तरह धारा फॉल विकास समिति की ओर से मेला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व गोमिया के विधायक लंबोदर महतो ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि मेले का आयोजन पुर्वजों का देन है। जतरा मेला की संस्कृति को बचाए रखना हम सब की सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि मेला लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का माध्यम है। मेला के बहाने कई लोग अपने सगे संबंधियों से मिल पाते हैं। विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि यहां कई वर्षों से मकर संक्रांति पर मेले का आयोजन होता आया है। मेले में नागपुरी आर्केष्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिए आसपास गांव के सैकड़ों महिला पुरुषों शामिल हुए। कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। यहां आयोजित मेला का सैकड़ों ग्रामीणों ने लुत्फ उठाया। मौके पर दिनेश कुमार महतो, नित्यानंद महतो, बीनू कुमार महतो, मुखिया रुपा देवी, मनोरंजन महतो व जयनाथ मुंडा, बद्रीनाथ किस्कू, मनसु हेम्ब्रम, युगल किस्कू सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# प्रेमी ने मारपीट कर प्रमिका को किया घायल, मौत



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत भदवाटांड़ में किराये की मकान में रहने वाली जया देवी की बहन ममता देवी की शनिवार को प्रेमी द्वारा मारपीट करने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर मृतका ममता देवी की बहन जया देवी द्वारा कहा गया कि उनकी बहन का विवाह पूर्व में रंजन कसेरा के साथ हुआ था। बताया कि एक वर्ष पहले उनकी बहन का परिचय हजारीबाग निवासी अरमान खान उर्फ रॉकी बाबा से हुआ था। जिसके बाद दोनो में प्रेम प्रसंग आरंभ हो गया। बताया कि वे आपस में कई बार मिले। जया देवी ने कहा कि उनकी बहन अपने पति के साथ दिल्ली में रहती थी। दिल्ली से पति निखिल कुशवाहा व बहन ममता के साथ 15 दिन पूर्व भदवाटांड़ वे लोग आए। लौटने के दौरान अरमान खान उर्फ रॉकी से हजारीबाग में उनकी मुलाकात हुई। जो साथ में आया था। जया देवी ने बताया कि अपने जन्मदिन के कारण 14 जनवरी को वह पति निखिल कुशवाहा के साथ खरीदारी के लिए रामगढ़ गई हुई थीं। वापस लौटने पर बहन ममता देवी को घायल पड़ा देखा। उनके मुताबिक ममता और अरमान में झगड़ा हुआ। जिसमें अरमान ने ममता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया कि हम तुरंत उसे सदर अस्पताल ले गये। अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत पचगांवा मोड़ के समीप रविवार शाम को एक वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मड़ुवाबाड़ी नगरखारा निवासी मोहम्मद इस्लाम और गुलाम मुस्तफा दोनों घोडथंबा से लौट रहे थे। इसी दौरान डोमचांच स्थित पचगांवा मोड़ के पास सफेद रंग के वैगन आर कार ने पीछे से टक्कर मार दिया। सदर अस्पताल लाने के दौरान इस्लाम अंसारी की मौत हो गई। घायल व्यक्ति का इलाज कोडरमा सदर अस्पताल में किया जा रहा है। कोडरमा पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है।

### सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और कमिटी विस्तार को लेकर बैठक



**बरही।** कमिटी विस्तार और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य से अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति ने बरही में बैठक किया। जिसमे अल्पसंख्यक समाज के कई लोग उपस्थित हुए। बैठक में समाज में व्याप्त अशिक्षा, नशा, ऊंच नीच के भेदभाव, दहेज प्रथा आदि जैसे कुरीतियों से निजात पाने पर सहमति बनी। साथ ही समाज के इन सभी कोढ़ को दूर करने का संकल्प लिया गया। सबों ने महासमिति के उद्देश्यों को जाना। मौके पर ही कई लोगो ने संगठन का सदस्यता भी ग्रहण किया। बैठक में मुख्य रूप से समिति के विस अध्यक्ष मो कयूम, डॉ ओवेस खान (रांची), हाजी नकीब खान, इकबाल रजा, मो तौकीर रजा इत्यादि सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाया जागरूकता अभियान



**रामगढ़।** रोड सेफ्टी फाउंडेशन द्वारा 11 से 17 जनवरी तक पूरे देश में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन के उपाध्यक्ष कर्मजीत सिंह जग्गी ने सड़क सुरक्षा को लेकर राहगीरों को महत्वपूर्ण जानकारी दी । उन्होंने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। कहा कि सड़क दुर्घटना में कई लोगों की असामयिक मौत हो जाती है जिसे सावधानी बरतने से रोका जा सकता है। इसलिए लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने मनाया मायावती का जन्मदिन

**हजारीबाग।** बहुजन समाज के कार्यकर्ताओं ने रविवार को मेहता गेस्ट हाउस में पार्टी प्रमुख मायावती का 67वां जन्मदिन केक काटकर और कंबल वितरण कर मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जान प्रभारी संतोष रविदास, विनोद सिंह बड़कागांव प्रभारी सूरज कुमार शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शीला देवी ने की। मंच संचालन राजेश उत्तम ने किया। मुख्य अतिथि लक्ष्मण कुमार नवीन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी किसी जाति धर्म की पार्टी नहीं है। यह पार्टी सभी जाति सभी धर्म की पार्टी है। जिला अध्यक्ष शीला देवी ने कहा कि आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। तभी उन्हें अपने हक हकूक मिल सकेंगे। विशिष्ट अतिथि संतोष रविदास व विनय रविदास ने भी कार्यक्रम के संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में 51 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

# सोहराय मिलन समारोह कार्यक्रम हुआ संपन्न

## जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के मैदान में भारत जकात मांझी परगना महल के तत्वावधान में सोहराय मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित कि गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव मौजूद थे। कार्यक्रम में बरकट्ठा प्रखंड समेत बगोदर, बरही, चलकुशा, टाटीझरिया, विष्णुगढ़, इचाक प्रखंड के आदिवासी समुदाय के आलावे विभिन्न गांवों से मांझी बाबा, पारानिक बाबा, नायके बाबा शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सोहराय मिलन समारोह हमें एकता बनाए रखने का संदेश देता है। आदिवासियों की संस्कृति से जुड़ा झारखंड में सोहराय पर्व का काफी महत्व है। वहीं भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा ने संबोधित करते हुए लोगों से भाईचारा बनाए रखने एवं अपनी संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर रामधानी टुडू, बबून हांसदा, रामू मरांडी, सहदेव मरांडी, बालेश्वर बास्के, मोहन बेसरा, विनोद सोरेन, सिजनलाल मुर्मू, रामसुंदर मुर्मू, रामसहाय मरांडी, दशरथ मरांडी, प्रभु मरांडी, दशरथ सोरेन, दशरथ मुर्मू ,बबूनी सोरेन, दाशो मुर्मू, परमेश्वर हांसदा, गुलाम बास्के, काली टुडू, धनी मुर्मू, मुनालाल सोरेन, बाबूलाल मुर्मू, हीरालाल हांसदा, सुरेश मुर्मू समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# कंटेनर वाहन हुई अनियंत्रित, बाल-बाल बचे ड्राइवर व खलासी




**बरकट्ठा।** प्रखंड के गोरहर थाना अंतर्गत गोरहर पुल के पास कोलकाता की ओर से आ रही कंटेनर गाड़ी न० लफ्ड8 `3885 बीते रात 11:30 बजे के आसपास ड्राइवर के नियंत्रण खोने की वजह से गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई। जिसके बाद ड्राइवर व खलासी को मामूली चोटें आई है। वही कंटेनर में टेंट की सामग्री लदी हुई थी। ड्राइवर कालू कुमार यूपी निवासी ने बताया कि रात में ठीक से दिखाई नहीं पड़ने के कारण गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई लेकिन लोग बाल-बाल बच गए।

# पुलिस हिरासत से दीवार फांदकर भागने के दौरान व्यवसायी की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** पुलिस हिरासत से भागने के दौरान सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कानी बाजार मोहल्ला के व्यवसायी सुनील साव की मौत हो गई। हजारीबाग पुलिस ने चोरी के सामान खरीदने के आरोप में शनिवार को सुनील साव को हिरासत में लिया था। जिस दुकान में सामान बेचा गया था, उस दुकान में पुलिस जांच के लिए पहुंची थी। पुलिस सामान खरीदने वाले से पूछताछ करने लगी। इसी बीच सुनील साव भागने लगा।

भागने के दौरान वह दीवार फांदा, जिससे उसके कूल्हे की हड्डी टूट गयी। उसे सदर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से आरोग्यम हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। हालांकि, इस संबंध में एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि पुलिस कस्टडी में भागने के क्रम में चोटिल सुनीव साव का इलाज के दौरान मौत होने की जानकारी मिली है। पुलिस कस्टडी से भागने में प्रथम द्दष्ट्या पुलिसकर्मी की लापरवाही भी सामने आयी है। मामले में नसीम और एएसआई सीमा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसपी के अनुसार यदि परिजन अगर मामले में लिखित शिकायत करते है तो इसकी भी जांच कराई जायेगी।

## व्यवसायी की मौत पर हंगामा



**शहर** के एक व्यवसाई सुनील कुमार गुप्ता की पुलिस कस्टडी में मौत के बाद उसके परिजनों ने रविवार को दिनभर खूब बवाल काटा। मृतक के परिजन और शहर के अन्य व्यवसायियों ने इस घटना का जमकर विरोध किया। घटना की सूचना सदर विधायक मनीष जायसवाल को मृतक के परिजनों ने दी और न्याय की गुहार की। विधायक ने मृतक की पत्नी, पुत्र सहित अन्य परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद मृतक के परिजनों के साथ सदर थाना पहुंचे। विधायक ने डीएसपी महेश प्रजापति से पूछा कि जब आपकी कस्टडी में सुनील कुमार गुप्ता थे तो फिर उनकी मौत कैसे हुई। उनके सवालों पर हजारीबाग पुलिस आनाकानी करती रही। विधायक डीएसपी से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इधर, मृतक के परिजनों ने टीम में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# जो नित्य करेंगे योग आजीवन रहेंगे निरोग : धनराज सिंह

**रामगढ़।** कुजू हाई स्कूल के प्रांगण में 9 से 16 जनवरी तक एक सप्ताह के योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके तहत रविवार को शिविर में शामिल लोगों को योग के विभिन्न विधियों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक धनराज सिंह ने इससे होनेवाले लाभ बताया। कहा कि वर्तमान समय में विश्वभर में लोग स्वस्थ्य रहने के तरीके तलाश रहे हैं। बताया कि भारत में वर्षों से लोग योग के माध्यम से खुद को स्वस्थ्य रखते आ रहे हैं। कहा कि भारत अपनी यौगिक और बौद्धित एवं सांस्कृतिक शक्ति अर्थात सॉफ्ट पॉवर से द्वारा विश्व को हर दौर में शांति और भाईचारे का संदेश देता आया है। उन्होंने कहा कि लोगों को खुद को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के सहायक शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि योग प्रशिक्षण सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

## सांसद प्रायोजित अमृत ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# 400 टीम खेलेंगी मैच, विजेता टीम को एक लाख और उपविजेता को मिलेगा पचास हजार नगद



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** मकर संक्रांति के अवसर पर रसोईयाधमना पंचायत के पुरहरा गांव में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा प्रायोजित अमृत ट्रॉफी योजना के तहत आयोजित किए गये थे। जो पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पूरे संसदीय क्षेत्र से करीब 400 टीमें भाग लेंगी। इनमे संसदीय क्षेत्र के चारो विधानसभा से एक एक श्रेष्ठ टीम का चयन किया जाना है। जो फाइनल मैच में खेलेगा। इनमे से ही विजेता और उपविजेता टीम का चयन किया जाएगा। विजेता टीम को एक लाख तथा उपविजेता को पचास हजार रुपए नकद राशि दिए जायेंगे। इसके साथ ही खिलाड़ियों को टाटा फुटबॉल अकादमी में प्रशिक्षण हेतु भेजा जायेगा। मैच का शुभारंभ अमृत ट्रॉफी के कॉर्डिनेटर अर्जुन कुमार और जिला फुटबाल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दिलीप गोप व स्थानीय मुखिया गोविंद साव ने किया। मौके पर उपमुखिया विरेंद्र साव आदि सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उद्योग मंत्री के झारखंड आगमन पर होगा जोरदार स्वागत

**बरकाकाना।** भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस जी का झारखंड आगमन आगामी 19 जनवरी को हो रहा है। झारखंड प्रदेश से युवा मोर्चा के तमाम जिला अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारियों सहित हजारों युवा कार्यकर्ताओं के साथ युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम जोरदार स्वागत करेंगे। मंत्री के साथ पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार राज भी मौजूद रहेंगे। एयरपोर्ट से मंत्री रेडिसन ब्लू होटल रांची जाएंगे। जहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और अगले दिन 20 जनवरी को सीसीएल रांची के सभागार में भारत सरकार के द्वारा 75,000 नियुक्तियां देने के क्रम में झारखंड प्रदेश के चयनित व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र बाटेंगे। एक्त जानकारी राष्ट्रीय लोजपा युवा मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने दिया।

# सलैया में समाजसेवी स्व. ओमप्रकाश की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत सलैया ग्राम में समाज सेवी स्व ओमप्रकाश प्रसाद की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्य कुमकुम देवी एवं प्रमुख रेणु देवी ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्वर्गीय ओम प्रकाश को नमन किया। मौके पर भाजपा बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, रीतलाल प्रसाद, पूर्व पंसस रिंकी देवी, मनोहर चौधरी, उमेश चौधरी, सुखलाल प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि बीरेन्द्र शर्मा, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, बेड़ोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, सूर्यदेव प्रसाद टिंकू, सुनील चौधरी, सौरभ कुमार, कुलदीप पांडेय, मनोज कुमार बबलू कुमार, राजदेव प्रसाद, संतोष मंडल, महेश प्रसाद, विकास कुमार, रमण प्रसाद, मुन्ना दास, विनोद प्रसाद, झखरू चौधरी ने भी स्व ओमप्रकाश के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में स्वर्गीय ओमप्रकाश के पुत्र सूर्यदेव प्रसाद ने विधायक अमित कुमार यादव के हाथों 1 सौ गरीब व जरुरत मंदों के बीच कंबल वितरण कराया। उन्होंने कहा कि स्व ओमप्रकाश प्रसाद की कमी लोगों के बीच हमेशा खलेगी। वे भाजपा के सच्चे कार्यकर्त्ता थे उनकी कमी आज भी खलती है।



## मेला | सूर्यकुंड मेला में दर्शकों की उमड़ा हुजूम, भीड़ देखकर खुश हुए दुकानदार

# मौत कुआं, झूला आदि रहे मुख्य आकर्षण

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम के 15दिवसीय मेले के दूसरे दिन रविवार को दर्शकों मेला देखने हेतु हुजूम उमड़ पड़ा। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्षों से मेले का आयोजन कोरोना के कारण नहीं हो सका था लेकिन इस बार मेला लगने से दर्शकों में अत्यधिक उत्साह है। वही प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। आज के भीड़ को देखकर मेला दुकानदारों में खुशी हैं। वही मौत कुआं के संचालक राजेंद्र रविदास ने बताया बड़ी उम्मीद से मौत कुआं का खेल लगाया हूॅं। दर्शकों का भीड़ होने की पूरी संभावना है। वहीं मेला कमिटी के ठीकेदार पांच पांडव भी मुस्तेद दिखे। आने वाले एक दो दिनों में मेले में दर्शकों की ओर भीड़ होने की संभावना है। वहीं मेरा ठेकेदार संजय पांडेय ने बताया, दर्शकों की सुविधा के लिए सीसीटीवी, पानी, बिजली, शौचालय, साफ सफाई आदि की व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है। कमिटी के मुखिया श्यामाकांत पांडेय ने दर्शकों से आग्रह करते हुए कहा कि मेला में हुहदंग न करें, शांति पूर्वक आनंद लें। मेले में मौत का कुआं, ब्रेक डांस, ड्रेगन झूला, बूगी वूगी, थियेटर,मीणा बाजार, लोहे की सामग्री दर्शकों को आकर्षित कर रही है।



# झारखंडी संस्कृति का परिचायक है टुसू मेला : रोशनलाल

**भुरकुंडा।** मकर सक्रांति के अवसर पर भदानीनगर चिकोर पारगढ़ा दोमुहान में रविवार को टुसू मेले का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी, पाली की मुखिया रेखा देवी, पंकज महतो, दिलीप दांगी और जगमोहन बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर ग्रामीणों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि टुसू मेला झारखंडी संस्कृति का परिचायक है। यह समाज के साथ दिलों को भी जोड़ता है। मेला के उद्घाटन से पूर्व अतिथियों ने दोमुहान तट पर छन्निमस्तिके मंदिर के प्रारूप में पूजा-अर्चना भी की। यहां मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम था, जिसकी कमान पीएस म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने थाम रखी थी।

# धर्मांतरण : प्रार्थना करवा रहे लोगों को हिरासत में लिया



नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में लगातार धर्मांतरण के मामले बढ़ने पर रविवार को तिलैया थाना क्षेत्र स्थित पुराना बस स्टैंड के पास प्रार्थना कर रहे कुछ लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले आई। आरोप है कि प्रमोद नामक व्यक्ति प्रार्थना के बहाने लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करता था। इस दौरान लोगों की बीमारी ठीक करने की भी बात कही जाती थी। इसकी जानकारी विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को हुई तो वे उक्त जगह पर पहुंचे और जमकर बवाल काटा। पुलिस को भी खबर हुई तो तिलैया पुलिस भी पहुंची और प्रार्थना करे रहे कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि, उनके समर्थन में भी कई लोग थाना पहुंच गए। मामले को फिलहाल शांत कराया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिले के सतगावां प्रखंड अंतर्गत कोठियार में सौ की संख्या में घटवार समाज के लोगों ने ईसाई धर्म अपना लिया है।

### सेन्हा के चितरी घाघ मेला में स्नान-ध्यान कर भक्तों ने की पूजा

# ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला में हजारों की उमड़ी भीड़

**राहुल कौशल/किनेश साहू**

**सेन्हा/लोहरदगा।** उत्तरायण सूर्य का पर्व मकर संक्रांति सेन्हा प्रखंड के चितरी घाघ में धूमधाम से संपन्न हुआ। सेन्हा प्रखंड के चितरीडांडू कोयल नदी तट पर मकर संक्रांति पर्व के मौके पर रविवार को चितरी घाघ मेला लगा। प्रकृति की अनुपम छटाओं के बीच यहां के जीवन में सादगी, सच्चाई, सहजता, स्नेह, आपसी प्रेम और भाईचारे को संजोया है। इसका धार्मिक वआध्यात्मिक महत्व इसलिए है कि नदी उत्तर से दक्षिण की ओर बहकर जाती है। पूरब और पश्चिम में भगवान भोलेनाथ का मंदिर अवस्थित है। हर धर्म के लोगों की भागीदारी के कारण यह मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गया है। इस ऐतिहासिक चितरी मेला में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग सेन्हा प्रखंड के चितरी गांव स्थित कोयल नदी तट पर पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने नदियों के बीच चट्टानों पर बैठ पिकनिक का आनंद लिया। लोहरदगा जिले के अलावा अन्य स्थानों से भी लोग पहुंचे थे। मेला में झूले लगाये गये थे, जहां बच्चों ने मस्ती की। मेला में महिलाओं ने जम कर खरीदारी की। हर ओर उत्साह का माहौल नजर आ रहा था। मेले में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये गये थे। जहां पर श्रद्धालुओं ने कोयल नदी में डुबकी लगाकर मकर संक्रांति का पवित्र स्नान करने के बाद नदी के पूर्वी छोर पर स्थित भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन इस शिव मंदिर में पूजा करने वाले सभी व्यक्ति की मनोकामना भगवान भोले-शंकर पूरा करते हैं। कोयल नदी तट के पूर्वी छोर के मंदिर के पास कई पाषाण आकृति को लोग प्राचीन मंदिर का अवशेष मानकर श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना करते आ रहे है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं ने कोयल नदी में स्नान कर मंदिर में जल अर्पण कर प्रसाद चढ़ाकर दान-पुण्य किया। कोयल नदी तट पर मकर संक्रांति एवं महाशिवरात्रि के दिन हजारों की भीड़ उमड़ती है। मेला आने वाले ज्यादातर लोग घर से खाद्य पदार्थ लेकर आते है और पूजनोपरांत दही-चूड़ा व तिलकुट मिल-बांटकर खाते है। मेला स्थल पर लोगों का आना अहले सुबह से ही शुरू हुआ, जो शाम तक जारी रहा। कोयल नदी के बीचोबीच आड़े-तिरछे चट्टानों पर लगने वाला यह मेला खुद में अनोखा है। आकर्षण व रीझ-रंग से प्रभावित मेले में बच्चों का झूला, रंग-बिरंगे गुब्बारे, फिरकी, युवाओं के लिए तरह-तरह के मनोरंजक खेल, गन्ना एवं तिलकुट की दुकानें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए काफी थे। मेले में भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अनहोनी को लेकर सशस्त्र बल के साथ सेन्हा थाना पुलिस जगह-जगह पर दिखी। इसके साथ जिले की पुलिस सादे लिबास में मुस्तैद नजर आई।





#### मेडिकल विभाग और पुलिस प्रशासन रहे मौजूद

सेन्हा/लोहरदगा। चितरी घाघ मेला में प्रखंड प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं मेडिकल टीम का बहुमूल्य योगदान रहा। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर संजय कुमार सुबोध, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद,इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद,थाना प्रभारी धनंजय पासवान, एसआई शर्मा भगत, सचिन सौरभ, एएसआई गणेश शर्मा के अलावे पुलिस जवान व मेला कमिटी के लोग मौजूद थे।

#### खूब हुई तिलकूट और ईख की बिक्री

कोयल नदी तट पर स्थित मेला स्थल में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोगों ने मेले में पारंपरिक रूप से तिलकूट, ईख, मटर की खरीददारी की। मेला में लगे झूलों का बच्चों ने खूब आनंद लिया। अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ उमड़ी थी।

#### सड़क जाम से लोग रहे परेशान

लोहरदगा शहर से भी बड़ी संख्या में परिजनों के साथ चितरी मेला गये थे। मेला में खाने-खिलाने का दौर देर शाम तक चलता रहा। मेले में जानेवाले लोगों को सड़क की बदहाली से परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह टूटी सड़क उस पर टेंपो चालकों से सड़क जाम से लोग परेशान रहें।

## नहाने के दौरान पानी में डूबा युवक, मौत

**सेन्हा** थाना क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित चितरी घाघ में आयोजित मेला के दौरान नदी में नहाने के लिए उतरा युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक को गहरे पानी का अनुमान नही होने के कारण हादसा हुआ। चितरी ऐतिहासिक घाघ मेला का लुप्त उठाने दूर दूर से आए दर्शकों ने अपने सुविधा के अनुसार कोयल नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे थे। इसी दरमियान एक युवक कोयल नदी में नहाने के लिए पानी मे घुसा की गहरे पानी में चला गया।



जिसे आनन फानन में ग्रामीणों ने निकाल इलाज के लिए पुलिस के सहयोग से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों निवासी निरंजन साहू के 25 वर्षीय पुत्र आनन्द साहु के रूप में किया गया। घटना की सूचना पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, एसआई सचिन सौरभ पहुंच घटना का तहिकात में जुट गए। जानकारी के अनुसार बता दें कि अप्रिय घटना होने के पश्चात प्रशासन जाम हटाने के दिशा में कार्य कर रही है।

# पंचतत्व में विलीन हुए नेता सुमित केशरी

### भाजपा सिमडेगा ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पालकोट प्रखंड के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित केशरी पंचतत्व में हुए विलीन, उनकी अंत्येष्टि पर सिमडेगा भाजपा के कार्यकर्ता हुए शामिल एवं दी श्रद्धांजलि। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने सुमित केसरी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी ने एक सच्चा सिपाही बड़े जनाधार वाले कार्यकर्ता को खो दिया सुमित केशरी का जगह भर पाना मुश्किल है हम सभी भारतीय जनता पार्टी के परिवार काफी मर्माहत हैं इसे शब्दो मे बयान नही किया जा सकता, प्रशासन अब तक अपराधियों को पकड़ने में विफल है ये बर्दास्त से बाहर है।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने सुमित केशरी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की सुमित केसरी का जाना भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ समाज के लिए यह भी एक बहुत बड़ा झटका है सुमित केसरी हर वर्ग में लोकप्रिय थे एवं उनके सुख और दुख में भाग लेते थे उनका निधन मेरी व्यक्तिगत छति है, उनको सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि प्रशासन उनके हत्यारों को गिरफ्तार करें एवं उनको कड़ी सजा मिले भारतीय जनता पार्टी और मै व्यक्तिगत रूप से दिवगंत सुमित के परिवार के साथ हूं और सदैव उनका साथ दूंगी। सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने सुमित केशरी को याद करते हुए कहा कि सुमित केशरी का इस दुनिया से इस तरह जाना हम सबों के लिए बहुत पीड़ादायक है, सुमित केसरी काफी जुझारू कार्यकर्ता थे वह ना सिर्फ भारतीय जनता पार्टी बल्कि सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि उन्हें श्री चरणों में स्थान दें उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें हम सभी लोग उनके परिजनों के साथ हैं उनके सुख दुख के साथी हैं। शोक व्यक्त करने वालों में नगर परिषद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, दीपक पुरी, सतीश पांडे, मनोज साय, अमरनाथ बामलिया, अनूप प्रसाद, बसंत मांझी, संजय ठाकुर, राकेश रविकांत, तुलसी साहू, उपेंद्र श्रीवास्तव, हीराराम, चिंतामणि कुमार, अशोक इंदवार, गजानंद बेसरा, किशोरी लाल, संजय शर्मा, रामविलास बड़ाईक, कृष्णा ठाकुर, श्रीलाल साहू मनोज चौबे, रवि गुप्ता सहित सभी मंडल अध्यक्ष मंडल के सांसद प्रतिनिधि सभी कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



## NEWS इन ब्रीफ

### प्रेमिका ने खाया जहर तो प्रेमी ने लगायी फांसी

**लोहरदगा।** जिले के अति उग्रवाद प्रभावित इलाके के जोबांग थाना क्षेत्र के लावादाग में एक साल से अधिक समय से चल रहे प्रेम प्रसंग के बाद परिजनों द्वारा शादी से मना करने पर नाबालिग युवक-युवती ने आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की की उम्र 14 वर्ष के लगभग है जबकि नाबालिग युवक 17 साल का है। दोनों के बीच लगभग एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आदिम जनजाति परिवार से आते हैं। युवक की पिछले साल शादी भी होने वाली थी इस बीच वो अपने गांव के ही युवती को लेकर फरार हो गया था। जिसे काफी खोजबीन के बाद गांव लाया गया था।

### कुआं में डूबने से व्यक्ति की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिथरा लोहरा टोली गांव में कुआं डूबने से 37 वर्षीय गांव के ही लोधा लोहरा नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना रविवार की सुबह स्थानीय लोगों ने सिमडेगा थाना को खबर किया गया। खबर मिलते ही थाना प्रभारी राज कपूर सेठ के निर्देश पर पुलिस बल पहुंची और कुएं से शव को बाहर निकालकर सदर अस्पताल सिमडेगा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लोधा लोहरा अपने ही खेत में सब्जी में पानी पटाने के लिए गया हुआ था इसी दौरान पैर फिसलने से गिर गया और गिरने पर डूब कर उसकी मौत हो गई। रविवार की सुबह जब लोगों की नजर गई तब इधर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है तथा पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।

### कुरडेग में मनाया गया सहभागिता दिवस

**कुरडेग।** नेहरू युवा केंद्र ने राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह के तीसरे दिन रविवार को सहभागिता दिवस के अवसर पर प्रखंड कुरडेग के नवाटोली में चित्रकला प्रतियोगिता और प्रखंड ठेठईटांगर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी ने युवा शपथ ली। चित्रकला प्रतियोगिता राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अनुराधा कुमारी के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड कुरडेग के विभिन्न युवा मंडल के सदस्यों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आनंद साय ने, द्वितीय स्थान जयंती कुमारी ने और तृतीय स्थान सोनाली कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# 'दिशा स्कीम' के तहत आयोजित विधिक जागरूकता महाअभियान संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नालसा व झालसा के निर्देश एवं लोहरदगा डालसा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में दिनांक 14 एवं 15 जनवरी, 2023 को लोहरदगा जिले के सभी सातों प्रखंड में आयोजित ' दिशा स्कीम' के तहत गहन कानूनी शिक्षण -सह- जागरूकता शिविर संपन्न हुआ। इसी कड़ी में दुसरे दिन सभी सातों प्रखंड में हजारों ग्रामीणों के बीच लोहरदगा को नीति आयोग के 112 आकांक्षी जिलों से बाहर करने के उद्देश्य से गहन विधिक जागरूकता का अभियान चलाया गया। डालसा के पीएलवी, पैनल अधिवक्ता एवं अन्य प्रबुद्ध जनों के सहयोग से जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के संबंध में विशेष जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार के नीति आयोग ने पूरे देश में 112 ऐसे जिलों को चिन्हित किया है जहां पर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं जागरूकता की कमी है। जिसके कारण भारतवर्ष मानव विकास सूचकांक में पीछे रह जा रहा है। लोहरदगा जिला भी विभिन्न समस्याओं से ग्रसित होने के कारण 112 आकांक्षी जिलों में शामिल है। यदि लोहरदगा वासी जागरूक हो जायं तो इसका निराकरण संभव है। इसी के निवारण के लिए जिला प्रशासन से जुड़कर नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा विभिन्न विषयों पर कानूनी शिक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ताकि लोग जागरुक हों, अपने अधिकारों एवं दायित्वों को समझते हुए लोहरदगा को झारखंड के अग्रणी जिलों में शामिल कर सकें।



### अनाथ बच्चों को डालसा ने कंबल व मिठाईयां बांटी

**झारखंड** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के पहल पर कोरोना महामारी या अन्य कारणो से अनाथ हुए 1446 बच्चों के बीच जिला विधिक सेवाप्राधिकार जाकर उनकी सुध ले रही है। इसी क्रम में सेनहा प्रखंड के अनाथ बच्चों के बीच लोहरदगा डालसा की ओर से अभियान चलाकर 'शिशु प्रोजेक्ट' के तहत अनाथ बच्चों के बीच ठंड से बचाव को लेकर कंबल व मकर संक्रांति के अवसर पर फल एवं मिठाईयां बांटी गई। लोहरदगा जिले में कोविड की चपेट में आने से 40 बच्चों को फोस्टर केयर एवं स्पानशरशिप का लाभ दिया जा रहा है। शिशु प्रोजेक्ट के तहत चयनित इन बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल, अन्य न्यायाधीशगण, डालसा सचिव राजेश कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार एवं प्रतिनियुक्ति पीएलवी के सहयोग से कंबल का वितरित किये जा रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शिशु प्रोजेक्ट के तहत जिले के अनाथ बच्चों के बीच कंबल वितरण के लिए भेजा गया था। झालसा के गाइड लाइन के तहत सभी बच्चों को घर-घर जाकर राहत सामग्री दिया जा रहा है।

### भक्तिमय हुआ भंवर पहाड़ गढ़

# मकर संक्रांति के मौके पर श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** सिमडेगा जिला अवस्थित भंवर पहाड़गढ़ में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर भगवान जगरनाथ स्वामी के मंदिर परिसर से श्रद्धालु पूजन अर्चन कर मेले स्थल तक रथ खींचकर सुख समृद्धि की कामना की। जानकारों का कहना है आजादी से कई एक वर्ष पहले मकर सक्रांति के दिन यहां शिकार खेला जाता था। लेकिन 1965 के बाद लोग यहां जीव हत्या ना कर बलभद्र के विग्रह को रथ में बिठाकर रथ खींचने की परंपरा की शुरूआत की।पुरोहित मनोज पति बताते हैं इस दिन नए फसल का भोग लगाकर श्रद्धालु भगवान बलभद्र रथ में बिठाकर रथ खींचते हुए कामना करते हैं कि हमेशा अन्न धन भंडार भरे रहे और परिवार में सुख समृद्धि की खुशहाली आए इसी को लेकर मकर सक्रांति के दिन कई एक वर्षों से परंपरा है नए फसलों भोग लगाते हैं। वहीं मकर सक्रांति के दिन दूर-दूर से यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामना के लिए आते हैं। इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया जहां विभिन्न गांवों से आए कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश करते हुए लोगों का मन मोहा। वहीं सांस्कृतिक धरोहर की अस्मिता को बचाए रखा। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ महेंद्र भगत अमरनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। अवसर पर सभी गणमान्य लोगों के द्वारा मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस तरह का पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजन पूर्वजों की धरोहर है जिसे हमें बचाने की जरूरत है वही मेले में कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से समिति के बंशीधर सिंह कृष्णा सिंह अभिमन्यु सिंह के अलावे अन्य लोग शामिल थे।



# एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा मुस्लिम मुहल्ला में एक ही समुदाय के दो पक्षों में घरेलू विवाद को लेकर मारपीट हो गया। जिसमें दोनो पक्षों का घायल होने की बात बताई जा रही है। मारपीट के उपरांत दोनो पक्ष की ओर से सेन्हा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि पीड़िता रूही प्रवीण पति मोहम्मद मोबिन रिजवी के आवेदन पर कांड संख्या 8/23 दर्ज कर धारा 341, 342, 323, 504, 506, 379, 354 एवं 34 भादवी के तहत अभियुक्त परवेज अंसारी पिता स्वर्गीय कबीर अंसारी के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा दूसरे पक्ष के आवेदन पर कांड संख्या 9/23 दर्ज कर धारा 341, 323, 504, 506, 379 एवं 34 भादवी के आलोक में अभियुक्त रूही प्रवीण पति मोहम्मद मोबिन रिजवी के विरुद्ध भी कारवाई किया जा रहा है।

# मकर संक्रांति में बच्चों ने की पतंगबाजी, वन दुर्गा मंदिर में महाआरती

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मकर संक्रांति के मौके पर बच्चों ने पतंग बाजी की। बच्चें अपने घर के छत और खेल मैदान में जाकर जमकर पतंग उड़ाया और मस्ती की। पतंग उड़ाने में बच्चो को बड़ो का भी साथ मिला। पतंगबाजी में एक दूसरे का पतंग काटकर बच्चें काफी खुश हो रहे थे। विदित है कि मकर संक्रांति में पतंग उड़ाने की परंपरा रही है। इस दिन पतंग उड़ाना भी शुभ माना जाता है। इधर बोलबा प्रखंड के मां वनदुर्गा मंदिर परिसर में मकर सक्रांति के मौके पर महा आरती का आयोजन हुआ। महाआरती संजय मिश्रा की अगुवाई में संपन्न हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाभोग के रूप में दही, चूड़ा एवं तिलकुट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य जगरनाथ सिंह, केसरी सिंह, कलिंदर सिंह, देवकी कुमारी, वीरसमणि कुमारी, शशि प्रसाद, जहूरन सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।



### जागरूक 'परीक्षा पे चर्चा' के उपलक्ष्य पर जिले में होर्डिंग व बैनर लगाये गये

# छठे संस्करण में भाग लेने के लिए किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के छठे संस्करण पर गुमला जिले में होर्डिंग एवं बैनर लगाए गए। गुमला जिला के दुंदुरिया, लोहरदगा रोड, पोस्ट ऑफिस परिसर आदि जगहों पर होर्डिंग एवं बैनर लगाकर लोगों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ आगामी 27 जनवरी को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में 'परीक्षा पर चर्चा' में भाग लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

अपने तनाव और घबराहट को पीछे छोड़ने और उन तितलियों को अपने पेट में आजाद करने के लिए लोगों की मांग पर इस बार प्रधानमंत्री के जनसंवाद में न सिर्फ छात्र बल्कि अभिभावक और शिक्षक भी शामिल होंगे।




परीक्षा पे चर्चा के छठे संस्करण में भाग लेने का तरीका बहुत सरल है।

सबसे पहले MyGov Innovate प्लेटफॉर्म( https://innovateindia.mygov.in/ppc-2023 ) पर आयोजित परीक्षा पे चर्चा प्रतियोगिता में भाग लें। ये प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली छात्रों के लिए खुली है। छात्र उन्हें प्रदान किए गए विषयों में से किसी एक पर अपनी प्रतिक्रियाएं प्रस्तुत कर सकते हैं। छात्र अधिकतम 500 अक्षरों में माननीय प्रधान मंत्री को अपना प्रश्न भी प्रस्तुत कर सकते हैं। माता-पिता और शिक्षक भी विशेष रूप से उनके लिए डिजाइन की गई ऑनलाइन गतिविधियों में भाग ले सकते हैं और अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रधानमंत्री के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में सीधे भाग लेने का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रत्येक विजेता को विशेष रूप से डिजाइन किया गया प्रशस्ति पत्र मिलेगा। विजेताओं में से छात्रों के एक छोटे समूह को प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और उनसे सवाल पूछने का अवसर मिलेगा। इन विशेष विजेताओं में से प्रत्येक को प्रधानमंत्री के साथ उनके हस्ताक्षर वाली तस्वीर की एक डिजिटल स्मारिका भी मिलेगी। इसके साथ प्रत्येक विजेता को एक विशेष 'परीक्षा पे चर्चा' किट भी मिलेगी। केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला के ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के अन्य डिजिटल माध्यमों से 'परीक्षा पे चर्चा' से जुड़ी जानकारियां देशवासियों को पहुंचाई जा रही हैं। इसमें #ParikshaPeCharcha2023 #PPC2023#ExamWarriors के साथ लोगों को भाग लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची एवं पत्र सूचना कार्यालय, रांची के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के बारे में जानकारी पूरे राज्य में दी जा रही है। केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान एवं कर्मचारीगण भी इस मुहिम का हिस्सा हैं। ज्ञात हो कि गुमला जिला में लगाए गए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से छात्र एवं आमजन काफी जागरूक हो रहे हैं।

# श्रमदान से ग्रामीणों ने किया नदी में बोरा बांध का निर्माण




**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के कुन्दगड़ी ग्राम और डांडू करजंटोली में श्रमदान से बोरा बांध बनाया गया है। भड़गांव पंचायत के कुन्दगड़ी ग्राम में तथा मुर्की तोड़ार पंचायत के डांडू करजंटोली ग्राम में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक और बाएफ संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जल संचयन के उद्देश्य से कुन्दगड़ी और करजंटोली के ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर शनिवार को बोरी बाँध का निर्माण किया गया। वही जानकारी देते हुए बायफ के फील्ड ऑफिसर ने बताया कि बोरी बांध का मुख्य उद्देश्य है। वर्षा का जल को संचित करना जिसे ग्रामीण सिंचाई का काम में उपयोग कर कृषि के माध्यम से किसान समृद्ध हो सकते है। साथ ही ग्रामीण अन्य कार्यो में संचित जल का उपयोग कर सकते हैं। मौके पर सोनम दुलारी उरांव, किनुआ उरांव, बीरी उरांव, रवि उरांव, रामवृक्ष उरांव, जनार्दन उरांव, सुनील महतो, रामदयाल प्रधान, राजेन्द्र उरांव, शंकर महतो सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

## मिशन समृद्धि ने किया चूड़ा व गुड़ का वितरण

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि के द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर अम्बेडकर पार्क के सामने दोना, पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच एवं इसके अतिरिक्त शनि मंदिर के आसपास रिक्शा -चालकों और अन्य जरूरतमंदों के बीच चूड़ा गुड़ का वितरण किया गया। मिशन समृद्धि संस्था जरूरतमंदों के लिए निरंतर रोटी सब्जी का वितरण करती आ रही है। लेकिन समय -समय पर पर्व-त्योहारों के अनुसार भी उनके लिए भोजन का व्यवस्था भी करती चली आ रही है। संस्था के द्वारा लगभग पचास से अधिक लोगों को चूड़ा- गुड़ का वितरण किया गया। इसके लिए आरती श्रीवास्तव ,लीना वर्मा का सहयोग रहा। मौके पर अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता वन्दना श्रीवास्तव ,वीणा गुप्ता, रंजीता देवी, शिल्पी गोस्वामी, ऋषि कुमार, बेबी पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय मौजूद रहीं।

## मां बेलिया एवं श्मशान काली पूजा आज

सिल्लीः सिल्ली साहेब बांध के किनारे स्थित मां बेलिया एवं डुमरटांड़ स्थित श्मशान काली की बार्षिक पूजा का आयोजन सोमवार को किया गया है। पुजा की सारी तैयारी पुरी कर ली गई है। श्मशान काली पुजा समिति के मनोज रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि पुजा के दिन महाप्रसाद वितरण, महाआरती एवं देर शाम जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें धनबाद एवं जमशेदपुर के कलाकार भजन की प्रस्तुति देंगे। वहीं मां बेलिया था न में भी पुजा के पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है।

## अज्ञात मृतक व्यक्ति की



## अभी तक पहचान नहीं

**मेदिनीनगर।** कुछ दिनों पहले सात जनवरी को सदर थाना क्षेत्र के चियांकी पहाड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 55 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद पीसीआर वाहन से उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मौत होने के बाद पुलिस मृतक के परिजनों का पता लगाने में जुट गई है । लेकिन अभी तक मृतक के परिजनों का पता नहीं चल पाया है। यदि कोई भी व्यक्ति इस अज्ञात व्यक्ति को पहचानते हैं तो शहर थाना का मोबाइल नंबर 94 317 06249 पर संपर्क करें।

## हरिहरगंज में ध्यान योग कक्ष का उद्घाटन

**हरिहरगंज ।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत न्यू एरिया में रविवार को ध्यान योग कक्ष का उद्घाटन हरिहरगंज-हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, लीलावती हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ राजीव कुमार, डॉ अरविंद कुमार, आयुर्वेद एमडी डॉ संजय कुमार, डॉ सुधीर कुमार, डॉ आदर्श कुमार, डॉ अमन कुमार, संयोजक विजय प्रजापति, योग शिक्षक राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक फायदे को बताते हुए प्रखंड क्षेत्र के लोगों को दैनिक योगकक्षा में भाग लेने की बात कही। साथ ही कहा कि करें योग, रहे निरोग, जो करता योग, कभी न होता उसको रोग। उद्घाटन के मौके पर संयोजक विजय प्रजापति, योग शिक्षक राजीव कुमार ने हरिहरगंज में नियमित योग कक्षा चलाने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने भी दैनिक योगाभ्यास का संकल्प लिया। इस अवसर पर आचार्य कुल के छात्रा स्वीटी कुमारी, छात्र आयुष कुमार के अलावे कृष्णा प्रसाद, गुप्ता पासवान, सुजीत कुमार, मनोज कुमार, रंजीत मेहता, विशाल मेहता, मुन्ना कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# पलामू में उत्साह के साथ मना मकर संक्रांति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में कहीं दही चूड़ा तो कहीं तिल के लड्डू से शुरू हुई मकर संक्राति । सुबह से ही लोगों का नदियों के घाट पर जमा होना शुरू हो गया और सूर्य को जल अर्पण करके ही चूड़ा और तिलकुट ग्रहण कर मकर संक्रांति का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना और दान-पुण्य भी किया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। स्थानीय बैनी मंदिर,सत्यनारायण मंदिर,हनुमान मंदिर,सप्तमातार मंदिर ,विष्णु मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में देर शाम तक लोगों ने भगवान का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दिन दान का विशेष महत्व माना जाता है। ऐसे में लोगों ने तिल, गुड़, चावल



और अन्न आदि का दान किया। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन स्नान करने और तिल का दान करने से सारे पाप कट जाते हैं। कई स्थानों पर गरीबों को गर्म कपड़े व कंबल भी दान दिए गए। पंडितों के मुताबिक इसी दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है और उत्तरायण हो जाता है। पं. ओम कुमार ने बताया कि सूर्य के धनु से मकर राशि में जाने से खरमास भी समाप्त हो गया। अब से मंगल कार्य भी शरू होंगे।

**दही-चूड़ा और तिल के लड्डू के साथ मना त्योहार :** सुबह से ही लोगों ने तिल के लड्डू खाकर दिन की शुरूआत की। वहीं कई लोगो ने चूड़ा-दही और तिल के बने पकवान खाकर त्योहार मनाया। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर त्योहार की बधाई दी। सुबह से ही मोबाइल पर लोगों को बधाई संदेश आना शुरू हो गया।

**दान व पशु सेवा का भी दिन रहा :** मकर संक्राति के त्योहार को लेकर दान दाताओं ने भी पशुओं के लिए हरा चारा गुड़ खिलाकर पुण्य कमाया। शहर के सड़क मार्ग पर पशु को हरा चारा ही नजर आया। महिलाओं ने परिवार के बुजुर्गों से उनका आशीर्वाद लिया तो वहीं एक दूसरे को घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुएं भेंट दी। मकर संक्राति के अवसर पर लोगों ने दान पुण्य किया और पशुओं को चारा खिलाया।

### खूब हुई पतंगों व तिल, गुड की बिक्री

मकर संक्रांति के अवसर पर बाजारों में जहां तिल गुड़ की बिक्री हुई। वहीं बच्चों पतंगों को लेकर भी उत्सुक दिखे। पतंगों की भी बिक्री खूब हुई। सुबह से ही बच्चें पतंग डोर लेकर मकानों की छतों पर चढ़ गए और डेक पर फिल्मी गानों के साथ पतंगबाजी की। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया शहर की हर मकान की छत पर वो काटा वो मारा का शोर बढ़ता गया। पतंगबाजी के लिए तेज गति से हवा चलने से पतंगबाजों का जोश बढ़ता गया। दिनभर आकाश रंग-बिरंगी पतंगों से अटा रहा। छतों पर बच्चे, युवा, युवतियां, महिलाओं सहित हर कोई छत पर नजर आए। शहर की गलियों सड़कों पर बच्चों का समूह पतंग लूटने दौड़ते नजर आए। पतंगबाज अपनी पतंग पर टकटकी लगाए दूसरों की पतंगों से पैच लड़ाते रहे।

# प्रोजेक्ट शिशु के तहत झालसा ने बच्चों को दिया कंबल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कोरोना काल में जिन बच्चे के माता-पिता की मृत्यु हो गई है। व अनाथ बच्चे जिनको स्पॉन्सरशिप के तहत सरकारी मदद दिया जाता है। वैसे बच्चों के बीच सीडब्ल्यूसी और पीएलभी के माध्यम से कंबल वितरण किया गया। विदित हो कि पलामू जिले में 76 बच्चे शिशु प्रोजेक्ट के तहत चिन्हित किये गए हैं। जिनको स्पॉन्सरशिप का लाभ दिया जा रहा है । तथा उनका लालन-पालन भी अभिभावकों के द्वारा किया जा रहा है । सरकार के द्वारा ऐसे बच्चे को लालन पालन व शिक्षा के लिए दो हजार रुपये स्पॉन्सरशिप के तहत दिया जाता है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट शिशु के तहत सभी बच्चे का लालन-पालन हो उनका शिक्षा दीक्षा ठीक ढंग से हो इसके लिए डालसा के द्वारा लगातार मोनेटरिंग की जा रही है । तथा आवश्यक दिशा निर्देश समय-समय पर दी जाती है।

# क्रिकेट युवाओं का जुनून बन गया है : भरदुल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जागृति नवयुवक समिति पोलपोल के तत्वावधान में स्वर्गीय बादल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पोलपोल के दोबाठ पुल के मैदान में किया गया। समाजिक कार्यकर्ता एवं पोलपोल मुखिया पति भरदुल सिंह ने इसका उद्घाटन फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट युवाओं का जुनून बन गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कमी नही है। जरूरत है सही मार्ग दर्शन की। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल में कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है। हमें हार से कभी निराश नही होना चाहिए क्योंकि हार ही जीत का राह दिखाती है । वही अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे सौहार्द बढ़ता है। खेल को भाईचारे के साथ खेलना चाहिए । खेल से हमारे मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है । आज क्रिकेट को लेकर लोगों में काफी दीवानगी बढ़ी है। हमें ग्रामीण खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करने की जरूरत है। मौका मिले तो ग्रामीण खिलाड़ी भी बेहतर कर सकते हैं। पहले दिन का मैच तुकार्डीह लेस्लीगंज व बादल फाइटर पोलपोल के बीच खेला गया। मैच जीतने वाले टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये व कप से पुरस्कृत किया जायेगा। वही द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को छह हजार रुपया व कप देकर पुरस्कृत किया जायेगा । तीसरा पुरस्कार 2100 रुपये व आकर्षक शील्ड दिया जायेगा। मौके अखिलेश सिंह महेंद्र नाथ सिंह उदय गुप्ता, अखिलेश सिंह, सुनील सिंह, पिंटू विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## चिनिया में हाथियों ने फसलों को रौंदा किसान चिंतित

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के सिदे गांव में जंगली हाथियों ने बीती रात कई किसानों के खेतों में लगे गेहूं के फसल एवं सरसों की फसल को रौंद डाला, जिससे किसानों की कमर सी टूट गई हैं । जिन किसानों के फसलों का नुकसान हुआ है उसमें रुपेश यादव,संतोष यादव,सुनील यादव, काशी यादव, विजय यादव, उपेंद्र यादव, राजमणि यादव, मनदीप यादव, सूरज देव यादव, का नाम शामिल है । किसानों ने बताया कि शनिवार की रात्रि में लगभग 4 से 5 की संख्या में जंगली हाथी गांव में प्रवेश किए तथा किसानों की फसलों को रात भर नुकसान पहुंचाते रहे वहीं ग्रामीण डर से घर में दुबके रहे बताते चलें कि लगभग 3 माह बाद पुनः चिनिया क्षेत्र में जंगली हाथियों के आ जाने से क्षेत्र के लोग काफी दहशत में हैं क्योंकि अब किसानों का चैती फसल तैयार हो रहा है इसी बीच जंगली हाथी पहुंच चुके हैं जिससे किसान काफी दहशत में हैं। भदई फसल में भी धान मकई का जंगली हाथियों ने क्षेत्र के कई किसानों को काफी नुकसान पहुंचाया था पुनः एक बार जंगली हाथी आ जाने से चैती फसल पर भी आफत आ गई है ।

# जिले में धूमधाम से मना बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** 15 जनवरी को बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी सुश्री मायावती जी के 67 वें जन्म दिवस के शुभ अवसर पर गढ़वा जिला इकाई के तत्वाधान में जन कल्याणकारी दिवस के रूप में गढ़वा सदर अस्पताल के प्रांगण में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बसपा प्रदेश महासचिव मनीष कुमार विशिष्ट अतिथि गिरजानंदन उरांव सुनेश्वर सिंह अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने किया। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के तमाम कार्यकर्ता के द्वारा गढ़वा सदर अस्पताल में हर एक रोगी मरीज के पास पहुंचकर फल वितरण किया गया एवं इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी जिला गढ़वा से तमाम प्रखंड से चलकर के आए हुए बहुजन समाज पार्टी के सारे कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लिए और सभी ने आने वाले मिशन के तहत कार्य कर 2024 के चुनाव में भी अपना-अपना जलवा बिखरने करने का विचार दिया। लोकसभा विधानसभा आज पार्टी सुप्रीमो के सरसों के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर पार्टी के सेक्टर कमेटी के कार्यकर्ता बूथ कमेटी के कार्यकर्ता प्रखंड कमेटी के जिला कमेटी के कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि आने वाले 2024 के चुनाव में लोकसभा एवं विधानसभा बहुजन समाज पार्टी जीत दर्ज करेगी।

# खेल से आपसी सौहार्द्र बढ़ता है : माया रानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के मटलौंग पंचायत के बजरंग चौक पावर ग्रिड के समीप खेल मैदान मे मटलौंग प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया माया रानी देवी और विशिष्ट अतिथि मुखिया पति ज्ञान कुमार सिंह ने विधिवत फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया मायारानी देवी ने कहा कि इस तरह के खेलों का आयोजन करने से आपसी सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि आप खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और जिला एवं प्रखंड व गांव का नाम रोशन करें। वही ग्राम प्रधान गंगा प्रसाद यादव ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है मेहनत और लगन की। वह टूनामेंट के अध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि टूनामेंट के सभी मैच नॉकआउट के आधार पर खेला जाएगा. उन्होने बताया कि टूनामेंट मे प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार सात हजार, तृतीय पुरस्कार तीन हजार तथा चतुर्थ पुरस्कार के रूप मे टीम को दो हजार रुपए व शिल्ड दिया जायेगा। प्रतियोगिता मे इंट्री कराने के लिए 6200383285 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए दिए गए नंबर पर कॉल किया जा सकता है। उद्घाटन का पहला मैच हेरहंज बनाम मनिका के बीच खेला गया। जिसमें मनिका की टीम ने हेरहंज को 60 रनों से हराकर मैच को अपने कब्जे में कर लिया।

# बलबल मेले में थाना प्रभारी पर हमला करने वाले तीन युवकों को भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा):** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बलबल मेले में लगे बुगी बुगी थियेटर में हुवे झड़प की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी मनोज पल पर शनिवार देर शाम तीन युवकों ने हमला कर घायल कर दिया था। इस हमले में जिप सदस्य अनिता देवी के पति बालेश्वर यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इधर घटना के बाद पुलिस ने थाना प्रभारी पर हमला करने वाले सदर थाना क्षेत्र के मर्दनपुर निवासी प्रदीप लकड़ा, दाऊद लकड़ा दोनों के पिता पतरस लकड़ा व विकाश कुजूर पिता स्व.शीलवेस्टर कुजूर को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया



कि मेला समिति के लोगों ने शनिवार की शाम 5 बजे आर्केस्ट्रा के संचालन पर रोक लगाई थी। देर शाम कुछ युवकों द्वारा जबरन आर्केस्ट्रा चालू कराने की बात पर हंगामा करने की शिकायत संचालक द्वारा की गई। मेला में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व मेला समिति के कुछ लोगों के साथ जब वहां पहुंचा तो कई युवक शराब के नशे में धुत्त हुड़दंग मचा रहे थे। मना करने पर युवक उलझ गये और बांस के डंडे से थाना प्रभारी पर हमला किया। उन्होंने बताया कि इस घटना में 9 से 10 युवक शामिल थे।

## मानस मंदिर में तुलसी व राम के गीत गूंजे

# साहित्य समाज के प्रांगण में कवि गोष्ठी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय साहित्य समाज स्थित तुलसी मानस मंदिर के प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर अधिवक्ता- सह-मानस प्रेमी शिवनाथ अग्रवाल के संयोजन में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उप मेयर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह की उपस्थिति रही। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि श्रीधर द्विवेदी ने किया । जबकि संचालन धर्मगुरु-सह-कवि डॉ सत्यकेतु संजय ने किया। कवि गोष्ठी के पूर्व शिवनाथ अग्रवाल ने सबको बताया कि इस परिसर में एक भव्य तुलसी मानस मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हो



चुका है। मुख्य अतिथि ने मंदिर निर्माण में मदद करने का संकल्प व्यक्त किया। कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि इस परिसर में कविगण कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त कर रहे हैं। कवि हरिवंश प्रभात, डॉ विजय प्रसाद शुक्ल, रविशंकर पाण्डेय, उमेश कुमार पाठक 'रेणु', रमेश सिंह, राकेश कुमार, विजय शंकर मिश्र, परशुराम तिवारी, शीला श्रीवास्तव, कृष्णदेव शुक्ला, रामप्रवेश पंडित, आचार्य धनंजय पाठक, पंकज श्रीवास्तव, पाण्डेय रमेश विद्यानाथ, गणेश पाण्डेय, सिद्धेश्वर सिंह, विजय कुमार पाठक 'द्विज',वंदना श्रीवास्तव व सुरेश पाठक,कुमार प्रसून ने अपनी अपनी मोहक प्रस्तुतियां दीं। इनमें कविताओं के केन्द्र में प्रायः तुलसी व भगवान राम रहे। धन्यवाद ज्ञापन मानस निर्माण समिति के अध्यक्ष भरत सिंह ने किया।

## थाईलैंड कपूर व बारहमासी आम का लगाया पौधा

# युवा, कला, संस्कृति व वन पर्यावरण राष्ट्र की धरोहर हैं : कौशल किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना के समीप नवनिर्मित कोयल कम्युनिटी हॉल परिसर में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने हिमाचल के कपूर और थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा लगाकर शुभारंभ किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा लगाते हुए पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने भगवान सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण होने पर भारतवर्ष के उजाले में वृद्धि के प्रतीक पर्व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि युवा, कला, संस्कृति,वन,पर्यावरण के अंग और राष्ट्र की धरोहर है । इनकी हिफाजत करना सबका



दायित्व है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहे हैं । जिसके कारण ही प्राकृतिक आपदाएं उत्पन्न हो रही है। अगर लोग समय रहते सचेत नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं होगा ,जब लोगों को गर्मी के दिनों में घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा और रात्रि में ऑफिस और विद्यालय जाने की नौबत उत्पन्न हो जाएगी। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर ने कहा कि ऐसी भयावह प्राकृतिक आपदा से अपने और आने वाले पीढ़ी को बचाना है तो लोग अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों का भी अनुसरण करें। क्योंकि वृक्ष धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवों को जीने के लिए ऑक्सीजन समेत कई उपकार करते हैं। पौधारोपण में शामिल व भक्ति जागरण के आयोजक छतरपुर नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अशोक कुमार सोनी, सुधीर कुमार सिन्हा चर्चित व्यास शिवनाथ कुमार रवि, और उनके सहयोगी समेत, अनिल कुमार सिंह, पूर्व मुखिया कंचनपुर वासुदेव पासवान, वार्ड सदस्य,पन्नू यादव, निरंजन यादव,गाड इंद्रदेव यादव,कमलेश सिंह, संतोष सिंह, राकेश चंद्रवंशी, सनी सिंह समेत कई गणमान्य लोग उद्घाटन समारोह में शामिल थे।

# चंदवा में जल नल योजना में अनियमितता बरतने के खिलाफ में ग्रामीण हुए गोलबंद



**नवीन मेल संवाददाता**

चंदवा। प्रखंड के चंदवा पूर्वी पंचायत में चल रहे जल नल योजना में अनियमितता बरतने की शिकायत पर मुखिया रंजीत उरांव के नेतृत्व में ग्रामीण गोलबंद हो गए हैं। रविवार को पंचायत के कुसुमटोली में निजी जमीन पर बोरिंग होने की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण जमा हुये और ठेकेदार के प्रति नाराजगी जताते हुए इसकी शिकायत स्थानीय मुखिया रंजीत उरांव से की। इस पर मुखिया उरांव ने कहा कि जल नल योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है संवेदक के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को किसी प्रकार की सूचना दिये बगैर पैसा लेकर निजी जमीन पर कार्य कराया जा रहा है। जब स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा संवेदक को उचित स्थान पर बोरिंग करने के लिए कहा जाता है तो उनके द्वारा बात को अनसुना कर मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बोरिंग का काम गर्मी के मौसम में होना चाहिए था जिससे कि बोरिंग में पानी का लेयर सही मिलता अभी अधिकतर जगहों पर पानी का लेयर ऊपर है जिसका फायदा उठाकर संवेदक के द्वारा बोरिंग की गहराई कम किया जा रहा जिससे आने वाले समय में ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात नहीं मिल पाएगी।

**ज्ञान की बात**

**कोई भी महान सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, राष्ट्रीय या मानवीय कार्य करने के लिए परिवार के बंधन से मुक्त रहना चाहिए। जो पति या पत्नी के बिना न रह सके, वह विवाह करे, अवश्य करे; किंतु विवाह को मानव जीवन का अनिवार्य सत्य न माना जाए। एक बार विवाह कर यदि दैव योग से उससे मुक्त हो जाता है, तो पुनः उस जंजाल में न फंसकर मानव की सेवा का व्रत लेना चाहिए। - ठाकुर जी**

# आपराधिक घटनायें

*यह* सामान्य सिद्धांत है कि जब प्रशासन शिथिल पड़ता है, तो अपराध अपने पांव पसारना शुरू कर देता है। इसलिए सरकारों की कामयाबी या नाकामी नापने का एक पैमाना कानून-व्यवस्था भी होता है। पंजाब सरकार इस पैमाने पर सफल नजर नहीं आ रही। जबसे वहां आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, आपराधिक घटनाओं में तेजी आई है। यहां तक कि जो संगठित अपराध लगभग शांत पड़ चुके थे, वे भी सिर उठाने लगे हैं। पिछले कुछ महीनों में पंजाब के दो थानों पर राकेट लांचर से हमले हो गये। बेअदबी और आपसी रंजिश को लेकर कई हत्याएं हो गईं। इनमें से कई घटनाओं के तार विदेश से संचालित हो रहे गिरोहों से जुड़े पाये गये हैं। फिर नशे के कारोबार पर अब तक लगाम नहीं लग रही है। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि पंजाब की हर गली में नकली शराब की दुकानें चल रही हैं। युवाओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ चल रहा है। इसे रोकने से संबंधित तैयारियों पर अदालत ने राज्य सरकार से हलफनामा मांगा था। छिपी बात नहीं है कि नशे के कारोबार और संगठित अपराध का प्रायः परस्पर जुड़ाव होता है। अभी मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास परिसर में बम रखा पाया गया। गनीमत है कि समय रहते सुरक्षा कर्मियों की उस पर नजर पड़ गई और उसे निष्क्रिय कर दिया गया। जहां बम रखा था, वहां से मुख्यमंत्री का हेलिकाप्टर उड़ता-उतरता है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास के नजदीक ही हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का भी आवास है। जाहिर है, उस इलाके में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम हैं। कोई भी व्यक्ति, वाहन आदि बिना सुरक्षा जांच के अंदर प्रवेश नहीं करते होंगे। फिर कैसे बम मुख्यमंत्री आवास परिसर में हेलीपैड के पास तक पहुंच गया। जब मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षा को लेकर ऐसी लापरवाही देखी जा रही है, तो बाकी जगहों पर क्या हालत होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। सामान्य तौर पर समझा जा सकता है कि वह बम बिना सुरक्षा कर्मियों की मिली भगत के अंदर नहीं पहुंचा होगा। इस घटना से पिछले कुछ महीने में हुई घटनाओं को जोड़ कर देखें तो स्पष्ट है कि उनमें भी सुरक्षा-व्यवस्था में ढील देखी गई। इससे यही संकेत मिलता है कि सुरक्षा के मामले में जैसी चौकसी होनी चाहिए, सरकार वह कर पाने में विफल है। पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने मुख्य रूप से दो मुद्दे उठाए और उन्हें दुरुस्त करने का दावा किया था। एक, नशे के जाल को खत्म करना और दूसरा, कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद करना। यह ठीक है कि कोई भी सरकार एकदम से किसी व्यवस्था को दुरुस्त नहीं कर सकती। मगर अब तो सरकार को काम करते करीब नौ महीने हो गये। अब तक कानून-व्यवस्था नहीं संभल पाई है, तो यह सरकार की नाकामी ही कही जायेगी।

**मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास के नजदीक ही हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का भी आवास है। जाहिर है, उस इलाके में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम हैं। कोई भी व्यक्ति बिना सुरक्षा जांच के अंदर प्रवेश नहीं करते होंगे।**

# जातिगत जनगणना : अभी डाल पर ही है 'बेताल'


निशिकांत ठाकुर



*यदि* आपने राजनीति के क्षेत्र में जाने के लिए पूरी तरह से मन बना लिया है, तो सबसे पहले आपके लिए यह जानना जरूरी है कि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, ग्रामसभा या स्थानीय निकायों में जनप्रतिनिधियों के कितने पद होते हैं। लोकसभा में 545, राज्यसभा में 245 और देश के विभिन्न राज्यों के लिए विधायक विधान परिषद सदस्य इसके साथ ही स्थानीय निकायों के अंतर्गत प्रधान पद, वार्ड पार्षद, जिला परिषद, नगर निगम या नगर परिषद के देशभर में अनेक पद हैं। सबसे खास बात यह कि इन सभी पदों के लिए योग्यता और चुनाव लड़ने के नियम अलग-अलग हैं। लेकिन, एक नियम जो देश के सभी राज्यों में लगभग एक जैसा है, वह यह कि आप किस जाति के हैं और जिस क्षेत्र से आप चुनाव लड़ना चाहते हैं, उस क्षेत्र में आपकी जाति की कितनी आबादी है। आप कितने ही बड़े समाजसेवी, कितने ही बड़े ज्ञानी, कितने ही बड़े जनसमर्थन वाले क्यों न हों यदि आप जातिगत जनसंख्या में कम हैं, तो आप चुनाव भले लड़ लें, जीतकर किसी सदन में नहीं पहुंच सकते। इसे देश का दुर्भाग्य कहें या सौभाग्य, ऐसा ही हर चुनाव में होता है। भारतीय संविधान में जातीय आधार पर प्रतिनिधित्व देने का प्रावधान है और यह व्यवस्था इसलिए जोड़ी गई थी, ताकि समाज के उपेक्षित, उत्पीड़ित, गरीब और पिछड़े वर्ग को भी आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। ऐसा इसलिए भी किया गया, क्योंकि हमारे संविधान विशेषज्ञों का मानना था कि जब तक जमीन समतल नहीं होगी, उसके सभी कोनों में आसानी से पानी नहीं जा सकेगा और जब को सामान्य रूप से बराबर पानी नहीं मिलेगा, तो जमीन के उस कोने से किसान बराबर की फसल की उम्मीद कैसे करेगा? संविधान निमार्ताओं की सोच यह भी थी कि आजादी के कुछ वर्ष बाद देश की सारी जमीन एक जैसी समतल हो जायेगी और फिर उसमें फसल एक जैसी उगने लगेगी। फिर परंपरावादी जातीय कट्टरता का जो जहर भारतीय समाज में आदिकाल से फैला है, वह स्वतः खत्म हो जाएगा। लेकिन, क्या आजादी के 75 वर्ष बाद भी इस लक्ष्य को हमारा देश प्राप्त कर पाया है? आइये, इस पर विचार करते हैं। भारत में जनगणना की शुरूआत औपनिवेशिक शासन के दौरान वर्ष 1881 में हुई थी। जातिगत जनगणना का इतिहास यदि हम जानना चाहते हैं तो वर्ष 1931 तक भारत में जातिगत जनगणना होती थी। वर्ष 1941 में जनगणना के समय जाति आधारित डेटा जुटाया जरूर गया था, लेकिन प्रकाशित नहीं किया गया। वर्ष 1951 से 2011 तक की जनगणना में हर बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का डेटा दिया गया, लेकिन ओबीसी और दूसरी जातियों का नहीं। देश में लंबे समय से जाति आधारित

**वर्ष 1951 से 2011 तक की जनगणना में हर बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का डेटा दिया गया, लेकिन ओबीसी और दूसरी जातियों का नहीं। देश में लंबे समय से जाति आधारित जनगणना की मांग की जा रही थी।**

**इन दिनों**

जनगणना की मांग की जा रही थी और अब बिहार में इसे लेकर न केवल सहमति बन गई है, बल्कि इसकी प्रक्रिया की शुरूआत भी हो गई है। दरअसल, बिहार में जातीय जनगणना को लेकर ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें जाति आधारित जनगणना को लेकर फैसला लिया गया। अब सर्वसम्मति के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना को मंजूरी देकर इसकी शुरूआत करा दी है। बिहार सरकार अपने खर्चे पर जनगणना करवा रही है। जातीय जनगणना की मंजूरी को इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि देश में वर्षों से कभी भी जाति के आधार पर जनसंख्या की गणना नहीं की गई है। लेकिन, इसकी मांग अरसे से हो रही थी। बता दें कि जातीय जनगणना आजाद भारत में एक बार भी नहीं हुई है। आखिरी बार वर्ष 1931 में ब्रिटिश हुकुमत के दौरान जाति के आधार पर जनसंख्या के आंकड़े जुटाए गये थे। उसके बाद कभी भी जाति के आधार पर जनसंख्या के आंकडे.जारी नहीं हुए हैं। वैसे तो सबसे पहले सन 1881 में जनगणना हुई थी और उसके बाद हर 10 वर्ष में जनगणना होती रही, लेकिन 1931 के बाद जाति के आधार पर जनगणना के आंकड़े सामने नहीं आए। वर्ष 1931 के बाद 1941 को जाति के आधार पर जनगणना तो हुई थी, लेकिन इसके आंकड़ें सार्वजनिक नहीं किये गये। इसके बाद भारत आजाद हो गया और फिर वर्ष 1951 में आजाद भारत की पहली जनगणना कराई गई। पिछले सप्ताह जाति आधारित जनगणना का पहला चरण बिहार में प्रारंभ किया गया, जबकि दूसरा चरण 1 अप्रैल से शुरू होगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दावा किया है कि केंद्र जातीय जनगणना के लिए तैयार नहीं हुआ तो राज्य खुद अपने खर्च पर जनगणना कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के साथ ही आर्थिक स्थिति का भी अध्ययन करवा रहे हैं, ताकि पता चल सके कि समाज में कितने लोग गरीब हैं और उन्हें कैसे आगे करना है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि जातीय जनगणना के बाद हमारे पास सही वैज्ञानिक आंकड़ा होगा और उसी के आधार पर बजट का स्वरूप बनेगा। हम देखते हैं कि किसी पहिये को चलाने में अवश्य ही पहली बार बड़ी कठिनाई होती है, लेकिन एक बार चला देने से ही वह अधिकाधिक तीव्र गति से घूमने लगता है। दुनिया ज्यों-ज्यों आगे बढ़ रही है, जीवन की समस्याएं गहरी और व्यापक हो रही हैं।

**बोधि वृक्ष**

## आईए सुनिए पार्वती जी की कथा

**माता** पार्वती शिव जी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तप कर रही थीं। उनके तप को देखकर देवताओं ने शिव जी से देवी की मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की।

शिव जी ने पार्वती जी की परीक्षा लेने सप्तर्षियों को भेजा। सप्तर्षियों ने शिव जी के सैकड़ों अवगुण गिनाए पर पार्वती जी को महादेव के अलावा किसी और से विवाह मंजूर न था।

विवाह से पहले सभी वर अपनी भावी पत्नी को लेकर आश्वस्त होना चाहते हैं। इसलिए शिव जी ने स्वयं भी पार्वती की परीक्षा लेने की ठानी।

भगवान शंकर प्रकट हुए और पार्वती को वरदान देकर अंतर्ध्यान हुए। इतने में जहां वह तप कर रही थीं, वही पास में तालाब में मगरमच्छ ने एक लड़के को पकड़ लिया।

लड़का जान बचाने के लिए चिल्लाने लगा। पार्वती जी से उस बच्चे की चीख सुनी न गई। द्रवित हृदय होकर वह तालाब पर पहुंचीं। देखती हैं कि मगरमच्छ लड़के को तालाब के अंदर खींचकर ले जा रहा है।

लड़के ने देवी को देखकर कहा- मेरी न तो मां है न बाप, न कोई मित्र... माता आप मेरी रक्षा करें...

पार्वती जी ने कहा- हे ग्राह! इस लड़के को छोड़ दो। मगरमच्छ बोला- दिन के छठे पहर में जो मुझे मिलता है, उसे अपना आहार समझ कर स्वीकार करना, मेरा नियम है।

ब्रह्मदेव ने दिन के छठे पहर इस लड़के को भेजा है। मैं इसे क्यों छोडूं? **कमशः**

# तमिलनाडु के गवर्नर क्यों फंसे विवाद में


राज कुमार सिंह

*देश* में राज्यपालों की भूमिका पर विवाद नये नहीं हैं, लेकिन तमिलनाडु में जो कुछ हो रहा है, वह अवांछित है। बिहार के मूल निवासी और केरल काडर के आईपीएस अधिकारी रहे रवींद्र नारायण रवि तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में जिन विवादों का कारण बन रहे हैं, उनसे किसी सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं। लंबे समय तक हमने पश्चिम बंगाल में राज्यपाल और निर्वाचित सरकार के बीच टकराव देखा तो केरल भी बीच-बीच में इसी वजह से सुर्खियों में रहा। केंद्रशासित क्षेत्र दिल्ली में तो सरकार और उप-राज्यपाल के बीच टकराव स्थायी भाव बन चुका है। यह समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि इसके मूल में राजनीति ही है। केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ दलों के राजनीतिक हित न सिर्फ अलग-अलग, बल्कि अक्सर परस्पर विरोधी भी होते हैं। फिर भी तमिलनाडु का मामला ज्यादा गंभीर है।

**विवाद टल सकता था :** केंद्र से अलग दल की राज्य सरकारों को राज्यपाल पहले भी असहज करते रहे हैं। राज्य सरकारों ने भी प्रत्युत्तर में मर्यादा की लक्ष्मण रेखा पार करने में संकोच नहीं किया, लेकिन तमिलनाडु में जो कुछ हो रहा है, उससे बचा जा सकता था। रवि पुलिस से सेवानिवृत्ति के बाद भी कुछ कार्य-दायित्वों में खरे उतरे हैं, लेकिन तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में वह जो कर रहे हैं, वह अवांछित लगता है। प्रक्रिया और परंपरा के मुताबिक राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत अभिभाषण के कुछ अंशों को न पढ़ने वाला तमिलनाडु का पहला राज्यपाल बन जाने से उनकी या पद की गरिमा बढ़ी तो नहीं। उन अंशों में शायद ऐसा आपत्तिजनक भी कुछ नहीं था। राज्य सरकार की मानें तो धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तीकरण की चर्चा ही थी। अगर तमिल संस्कृति और परंपरा का गुणगान था तो उस पर भी आपत्ति क्यों होनी चाहिए? तमिलनाडु भारत का हिस्सा है और उसकी संस्कृति-परंपरा देश के लिए भी गौरव का विषय होनी चाहिए। राज्यपाल द्वारा पूरा अभिभाषण न पढ़े जाने पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विधानसभा में प्रस्ताव रखा कि मूल भाषण को ही रेकॉर्ड में दर्ज किया जाना चाहिए। आश्चर्य नहीं कि वह प्रस्ताव स्वीकृत भी हो गया। उसके विरोध में सदन का बहिष्कार कर राज्यपाल ने आखिर क्या संदेश दिया! ध्यान रखना जरूरी है कि तमिलनाडु के मतदाताओं ने जनादेश दे कर डीएमके को सत्ता सौंपी है। राज्यपाल वहां राष्ट्रपति के प्रतिनिधि और संविधान के संरक्षक हैं। अगर दोनों संविधान के दायरे में अपनी भूमिकाओं का निर्वाह करें तो किसी टकराव की गुंजाइश ही नहीं।

**आमंत्रण की भाषा :** रवि की कथनी-करनी से उठा दूसरा विवाद तो और भी अवांछित है। पोंगल के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम के लिए भेजे निमंत्रणपत्र पर उनके लिए तमिलनाडु के राज्यपाल के बजाय तमिझगा आलुनार (तमिझगम के राज्यपाल) शब्द का उपयोग किया गया। साथ ही प्रतीक चिह्न भी बदल दिया गया। स्वाभाविक ही इस पर राज्य में तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। सत्तारूढ़ डीएमके ही नहीं, विपक्षी एआईएडीएमके तक ने इस पर विरोध जताया है। इस पर राज्यपाल रवि ने तो अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, पर आश्चर्यजनक रूप से तमिलनाडु बीजेपी की ओर से सफाई आई कि निमंत्रणपत्र की भाषा का फैसला राज्यपाल नहीं करते, न ही उन्हें प्रकाशन से पूर्व उसका प्रूफ दिखाया जाता है। इसका क्या अर्थ निकलता है? आलोचकों का मानना है कि यह सब अनायास नहीं, बल्कि सुनियोजित है और इसका सीधा संबंध राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और बीजेपी की विचारधारा से है। ऐसा मानने की वजह भी है। राज्यपाल रवि ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से राजभवन में हुई मुलाकात के कार्यक्रम में दो तमिल शब्दों की व्याख्या करते हुए उनसे अपनी असहमति जताई थी। नए विवाद को उनकी उस व्याख्या से जोड़ा जा रहा है। इनमें पहला शब्द था तमिलनाडु। रवि के मुताबिक नाडु का अर्थ राष्ट्र या देश होता है। इसलिए उसके बजाय तमिझगम सही शब्द है, जिसका अर्थ है- तमिल लोगों का निवास। हालांकि कुछ लोग रवि की व्याख्या से सहमत नहीं हैं। उनका तर्क है कि नाडु का अर्थ धरती होता है, न कि देश। इसलिए तमिलनाडु शब्द के उपयोग में कुछ भी गलत नहीं है। रवि की दूसरी टिप्पणी राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार के लिए उपयोग किए जाने वाले शब्द ओंद्रियम को लेकर थी। उनका मानना है कि सामाजिक ढांचे में निचले स्तर के लिए उपयोग किया जाने वाला यह शब्द केंद्र सरकार को कमतर दिखाने या उसके प्रति अनादर दशार्ने वाला है।

**केंद्र से अलग दल की राज्य सरकारों को राज्यपाल पहले भी असहज करते रहे हैं। सरकारों ने भी प्रत्युत्तर में मर्यादा की लक्ष्मण रेखा पार करने में संकोच नहीं किया, लेकिन तमिलनाडु में जो कुछ हो रहा है, उससे बचा जा सकता था।**

**देश-दुनिया**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**

Tejashwi Yadav
@yadavtejashwi

बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में 5 वर्षों से अधिक अवधि से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित 80 से अधिक डॉक्टरों को कल कैबिनेट ने बर्खास्त किया।

**फेसबुक वॉल से**



**बाबा नीबकरौरी जी महाराज भक्तों को अपनी कृपा छाया से बाहर नहीं जाने देने देते। बाबा अपने अपने भक्त का हाथ पकड़कर भटकाव से रोकते हैं। बस भक्त बाबा का स्मरण करता रहे और बाबा के प्रभु राम का नाम लिखता रहे। बाकी सब बाबा पर छोड़ दें। राम... राम...**

# स्वामी विवेकानंद की राह पर चल रहा अखंड भारत


आचार्य पवन त्रिपाठी

*स्वामी* विवेकानंद ने अपने जीवनकाल में अपने देश भारत को जैसे देखना चाहा था, वैसा उस समय भले न देख पाय हों, लेकिन आज भारत शनैः शनैः उसी दिशा में अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। बात चाहे आर्थिक प्रगति की हो, आध्यात्मिक विस्तार की हो, या फिर सामरिक शक्तियों की। विशेषकर 2014 के बाद से भारत की दशा-दिशा स्वामी विवेकानंद के सपनों के अनुकूल ही निर्धारित होती दिखाई दे रही है। वर्ष 2014 का उल्लेख यहां विशेषतौर पर इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसी वर्ष देश में नये प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने शपथ ली थी। उस समय उनपर अनेक लेख लिखे गये। उनसे संबंधित कई नई बातें सामने आईं। उन्हीं में एक बात यह भी सामने आई कि वे स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते रहे हैं। यूं तो स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानने वाले और भी बहुत से लोग होंगे। लेकिन उन आदर्शों पर चलते भी होंगे। लेकिन सभी को उनके आदर्शों पर चलकर भारत को उन्हीं के सपनों के अनुरूप ढालने और गढ़ने का अवसर नहीं मिल पाता होगा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को यह अवसर मिला और वे भारत को स्वामी विवेकानंद के सपनों के अनुरूप गढ़ने का भरपूर प्रयत्न कर रहे हैं। बात 1896 की है। लंदन में वहां के एक अखबार 'संडे टाइम्स' से बात करते हुए स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि समय आने पर इंग्लैंड भी विजित होगा। आज उसके हाथों में तलवार है। पर विचारों के संसार में वह व्यर्थ से भी गया बीता है। आप जानते हैं कि शापेनहॉवर ने भारतीय चिंतन के बारे में भविष्यवाणी की है कि जब ये विचार हमारे सुपरिचित हो जायेंगे, तो यूरोप पर उनका प्रभाव उतना गंभीर पड़ेगा, जितना कि अन्य युग के बाद यूनानी और लैटिन संस्कृति के पुनर्जीवन का पड़ा थाऱ। स्वामी जी ने यह बात 1896 में लंदन में कही थी। फिर 14 नवंबर, 2015 को इंग्लैंड के ही प्रधानमंत्री डेविड कैमेरॉन ने लंदन के ही वेंबले स्टेडियम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं है, जब आप किसी भारत मूल के व्यक्ति को इंग्लैंड का प्रधानमंत्री बनते देख सकते हैं। डेविड कैमेरॉन जब ये शब्द कह रहे थे, उस समय लंदन के वेंबले स्टेडियम में 60,000 भारतवंशियों की तालियों की गडगड़ाहट से आकाश गूंज रहा था। शायद उस समय मां सरस्वती डेविड कैमेरॉन की जिह्वा पर विराजमान थीं। क्योंकि वही लंदन ठीक सात साल बाद इंग्लैंड के प्रधानमंत्री के रूप में सनातनी ऋषि सुनक के शपथ ग्रहण का गवाह बन रहा था। निश्चित रूप से ऋषि सुनक इंग्लैंड के प्रधानमंत्री हैं, और उन्हें इंग्लैंड का ही हित देखना चाहिए। लेकिन इस बात से तो इंकार नहीं किया जा सकता कि वे सनातन संस्कृति के वाहक भी हैं। जिसके ब्रिटेन तक पहुंचने का स्वप्न कभी स्वामी विवेकानंद ने देखा था। स्वामी विवेकानंद के इसी स्वप्न में भारत को विश्वगुरु बनाने का स्वप्न भी शामिल था। क्योंकि वह भारत सहित संपूर्ण विश्व को स्वस्थ देखना चाहते थे। उनके इसी स्वप्न को चरितार्थ करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्रसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है; मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है; विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन- शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। तो आएं एक अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को गोद लेने की दिशा में काम करते हैं। प्रधानमंत्री का यह संकल्प 90 दिनों के अंदर पूरा हुआ, और

**वर्ष 2014 का उल्लेख यहां विशेषतौर पर इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसी वर्ष देश में नये प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने शपथ ली थी। उस समय उनपर अनेक लेख लिखे गये। उनसे संबंधित कई नई बातें सामने आईं।**

**दुनियादारी**

दुनिया के 177 देशों ने 11 दिसंबर, 2014 को एक स्वर से '21 जून' को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दे दी। अब भारत ही नहीं, पूरा विश्व भारत के इस प्राचीन ज्ञान को अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली की ओर आगे बढ़ रहा है। और भारत के ही कई युवा दुनिया के अनेक देशों में जाकर वहां योगगुरु की भूमिका निभा रहे हैं। ये भारत का विश्वगुरु बनना नहीं, तो और क्या है? संडे टाइम्स के इसी वार्तालाप में जब स्वामी जी से पूछा गया कि क्या आपकी शिक्षा एक तुलनात्मक धर्म प्रणाली है? इसका उत्तर देते हुए स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि मैं रामकृष्ण परमहंस का शिष्य हूँ। वे एक पूर्ण संन्यासी थे। इस महान संन्यासी ने दूसरे धर्मों के प्रति कभी नकारात्मक भाव नहीं रखा। वरन उनके सकारात्मक पक्षों को ही प्रदर्शित किया कि कैसे जीवन में उनका पालन और अभ्यास किया जा सकता है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# मकर संक्रांति : लाखों श्रद्धालुओं ने लगायी गंगा में आस्था की डुबकी

**नवीन मेल नेटवर्क। वाराणसी**

मकर संक्रांति पर्व पर लगातार दूसरे दिन रविवार को भी लाखों श्रद्धालुओं ने सर्द हवाओं, ठंड और गलन के बीच पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाटों पर दान पुण्य के बाद बाबा विश्वनाथ के दरबार में भी हाजिरी लगाई। श्रद्धालु स्नानार्थियों के चलते दशाश्वमेध से लेकर गोदौलिया तक मेले जैसा नजारा रहा। इस दौरान गंगाघाटों पर सुरक्षा का व्यापक इंतजाम रहा। जल पुलिस के साथ एनडीआरएफ के जवान जहां घाटों पर मुस्तैद दिखे। वहीं, अफसर भी फोर्स लेकर सड़कों पर पैदल मार्च करते रहे।

पर्व पर गंगा स्नान के लिए भोर में ही वाराणसी सहित पूर्वांचल के ग्रामीण अंचल से आई महिलाएं सिर पर गठरी लिए नंगे पाव घाटों पर आती रहीं। काशीवासियों के साथ देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालु भी भोर से ही पुण्यकाल में गंगा घाट पर स्नान के लिए पहुंचते रहे। स्नान ध्यान, दान पुण्य का सिलसिला अपराह्न तक चलता रहा। गंगा स्नान के लिए सबसे



अधिक भीड़ प्राचीन दशाश्वमेध घाट, राजेंद्र प्रसाद घाट, शीतला घाट, पंचगंगाघाट, भैसासुरघाट, खिड़कियाघाट, अस्सी घाट, राजघाट, चेतसिंह किला घाट, सामने घाट पर जुटी रही।

गंगा स्नान, दान पुण्य के बाद लोगों ने बाबा विश्वनाथ और कालभैरव के दरबार में भी हाजिरी लगाई। पर्व पर दशाश्वमेध मार्ग स्थित खिचड़ी बाबा मंदिर से प्रसाद स्वरूप भक्तों में खिचड़ी बांटी गई। लोगों ने उत्साह के साथ खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद अपने घरों को रवाना हुए। उधर, जिले के ग्रामीण अंचल चौबेपुर गौराउपरवार, चन्द्रावती, परनापुर, रामपुर, सरसौल, बलुआ घाट पर भी लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। भोर के चार बजे के बाद ही गंगा तटों पर ठहरे लोग कोहरे व ठंड की परवाह किए बगैर आस्था का गोता लगाने लगे। दिन चढ़ने के मौसम साफ होने और भगवान भाष्कर के उदय होने के साथ खुशगवार मौसम में लगातार घाटों पर भीड़ लगने लगी जो दोपहर दो बजे तक चली। स्नान, दानपुण्य के बाद ग्रामीण अंचल की महिलाओं ने घरेलू सामानों की जमकर खरीदारी की।

शास्त्रों के अनुसार सूर्य जब दक्षिणायन में रहते हैं तो उस अवधि को देवताओं की रात्रि व उत्तरायण के छह माह को दिन कहा जाता है। दक्षिणायन को नकारात्मकता और अंधकार का प्रतीक तथा उत्तरायण को सकारात्मकता एवं प्रकाश का प्रतीक माना गया है। मकर संक्रांति वाले दिन भगवान सूर्य दक्षिण से उत्तर की ओर आते हैं। आज के ही दिन से सूर्य उत्तरायण होने के कारण स्नान पर्व का महत्व बढ़ जाता है। पद्म पुराण के मुताबिक सूर्य के उत्तरायण होने के दिन यानी मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य का विशेष महत्व होता है।

## मकर संक्रांति पर प्रयागराज में संगम तट पर आस्था का सैलाब नजर आया...







## मकर संक्रांति पर्व पर बच्चों के साथ युवाओं ने की पतंगबाजी, भक्काटे की आवाज गूंजती रही



**रविवार** को भी काशी पुराधिपति की नगरी में बच्चों के साथ युवाओं ने भी जमकर पतंगबाजी की। अलसुबह से ठंड और सर्द हवाओं के बीच घरों से लेकर गंगाघाटों और उस पार रेती पर भक्काटे की आवाज गूंजती रही। पूर्वाह्न में मौसम साथ होने और धूप निकलने के बाद एक दूसरे की पतंग को काटने, पेच लड़ाने की होड़ मची रही। पूरे दिन आसमान में सतरंगी पतंगें हवाओं के रुख के अनुरूप इठलाती रहीं। पर्व पर युवा, बुजुर्ग, बच्चे और महिलाओं, सभी ने पतंगबाजी में हाथ आजमाए। छतों और मैदानों पर डीजे भी बजते रहे। पतंग उड़ाते समय युवा और बच्चे कभी-कभी पतंग को नीचे ले आते थे और अचानक फिर से आसमान की ओर पतंगों का रुख कर दे रहे थे। कटी पतंग को लूटने के लिए बच्चों में होड़ मची रही।

## खिचड़ी में चढ़े अन्न के हर दाने का उपयोग करता है मंदिर प्रशासन

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

गोरक्षनाथ मंदिर (गोरखपुर), जहां खिचड़ी के दिन चावल-दाल की बरसात होती है। माह भर तक चलने वाले खिचड़ी मेले के बाकी दिनों में भी आने वाले लोग भी बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी जरूर चढ़ाते हैं। ऐसे में ये जिज्ञासा स्वाभाविक है कि इतना अन्न जाता कहां है?

दरअसल बाबा गोरखनाथ को चढ़ने वाले चावल-दाल को पूरे साल लाखों लोग प्रसाद के रूप में पाते हैं। मंदिर में चढ़ने वाली सब्जियां और अन्न मंदिर के भंडारे, गरीबों के यहां शादी-ब्याह, वनवासी आश्रम, दृष्टिहीन विद्यालय और ऐसी ही अन्य संस्थाओं को गोरखनाथ मंदिर से जाता है।

### मंदिर के भंडारे में रोज करीब 600 लोग पाते हैं प्रसाद

मंदिर से करीब साढ़े चार दशक से



जुड़े द्वारिका तिवारी के मुताबिक परिसर में स्थित संस्कृत विद्यालय, साधुओं और अन्य स्टॉफ के लिए भंडारे में रोज करीब 600 लोगों का भोजन बनता है। नियमित अंतराल पर समय-समय पर मंदिर में होने वाले आयोजनों में भी इसी का प्रयोग होता है। इन आयोजनों में हजारों की संख्या में लोग प्रसाद पाते हैं। इस सबको जोड़ दें तो यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। मंदिर के भंडारे से अगर कुछ बच जाता है वह गोशाला के गायों के हिस्से में चला जाता है। इस तरह मंदिर प्रशासन अन्न के एक-एक दाने का उपयोग करता है।

## योगी ने गुरु गोरखनाथ को चढ़ाई आस्था की पवित्र खिचड़ी

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह 4 बजे शिवावतार गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार पुण्यकाल में आस्था की पहली खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की। उसके बाद नेपाल राजवंश की ओर से खिचड़ी चढ़ाई गई। फिर नाथ योगियों, साधु संतों ने खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह के पट को आमजन के लिए खोल दिया गया और लोक आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने कर शुरूआत हो गई। लाखों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं के खिचड़ी चढ़ाने और मंगल कामना का सिलसिला शुरू हो गया। सीएम एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार जमीन पर बैठ कर पवित्री एवं सिंगी नाद से सिटी बजा कर भगवान गुरु



गोरखनाथ को प्रणाम कर आदेश लिया। फिर विधिवत पूजन कर गोरक्षपीठ की ओर से खिचड़ी चढ़ाई। उसके बाद त्रेतायुग से प्रज्ज्वलित अखण्ड ज्योति का पूजन कर आशीर्वाद लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शिवावतार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाने लाखों श्रद्धालु कड़ाके की ठंड के बीच गोरखनाथ मंदिर में उमड़े। सुख समृद्धि एवं अरोग्य की मंगलकामना को लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों और पड़ोसी राज्य नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने रविवार की सुबह 4 बजे के बाद कतारबद्ध होकर गुरु गोरखनाथ को श्रद्धा की खिचड़ी निवेदित की। उसके बाद मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं के विग्रहों का पूजन कर ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया। इस दौरान गुरु गोरखनाथ की जय जयकार से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज रहा था। जयकारे की एक लहर थमती नहीं कि दूसरी शुरू हो जाती। गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला लोक श्रद्धा भाव के साथ

### श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया खिचड़ी का प्रसाद

रविवार को मंदिर परिसर में श्रद्धा के साथ सभी श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद सहभोज में वितरित किया। अमीर-गरीब, जाति, वर्ग का भेदभाव भुलाकर सबने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में आमंत्रित अतिथियों के लिए भी सहभोज का आयोजन किया गया।

सामाजिक समरसता का भी मेला है। अमीर-गरीब सभी नंगे पाव कतारबद्ध होकर बारी- बारी भगवान गोरखनाथ को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ा रहे थे। कोई मुठ्ठी भर श्रद्धा का चावल लेकर आ रहा था तो कोई बोरी भर। लेकिन भगवान के प्रति भाव सभी का उतना ही था, न जाति का बंधन था न ही धर्म का। शुक्रवार की रात से ही श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने पहुंच गए थे। रविवार को यह संख्या लाखों में हो गई।

**झटका : खरमास खत्म होते ही सियासी हलचल बढ़ी**

## राजीव रंजन ने थामा जदयू का दामन

**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

बिहार में खरमास खत्म होते ही सियासी हलचल तेज हो गई है। मकरसक्रांति के दिन रविवार को एक बड़ा झटका लगा। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और मीडिया विभाग के प्रभारी पद पर रहे राजीव रंजन ने जदयू का दामन थाम लिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। जदयू के प्रदेश कार्यालय में हुए मिलन समारोह के दौरान ललन सिंह ने कहा कि राजीव रंजन भगवा छोड जदयू में आए हैं, आपका स्वागत है। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि पूर्व विधायक राजीव रंजन रास्ता भटक गए थे, वे भाजपा यानी बड़का झूठा पार्टी में चले गए थे। जहां सुबह से शाम तक झूठ का पुलिंदा लेकर नेता बोलते रहते हैं, पर अब वे वापस अपने घर में आ गए हैं और पार्टी



को मजबूत करेंगे। राजीव रंजन पर्व में इस्लामपुर से जदयू के विधायक रह चुके हैं। ललन सिंह ने भाजपा के साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के किसी भी नेता में साहस नहीं है कि वे जनता को बताए कि आठ साल में मोदी की सरकार ने जनता के लिए कौन-कौन से काम किया है? ललन सिंह ने कई योजनाओं पर सवाल खडा करते हुए पूरी केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि केंद्र सरकार की सभी योजनाएं विफल हो गई हैं। उन्हौने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 2014 में कहा था कि दो करोड़ लोगों को हर साल नौकरी देंगे। लेकिन आज यहां का नौजवान ठगा जा रहा है और आज 10 हजार की नौकरी करने के लिए दूसरा प्रदेश जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह से शाम तक धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश करते हैं। इससे ज्यादा इन लोगों को कोई काम नहीं है। ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने जो हिम्मत दिखाते हुए कहा था कि हम बिजली नहीं देंगे तो वोट नहीं मांगेंगे। पर क्या नरेंद्र मोदी वैसी हिम्मत दिखा सकते हैं कि हमने रोजगार नहीं दिया तो वोट मांगने नहीं जाएंगे। वहीं, जदयू का दामन थामने के बाद राजीव रंजन ने कहा कि नीतीश कुमार को छोड़ना मेरी गलती थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा अपने नीतियों से भटक गई है। यदि सरकार बेहतर काम कर रही है तो उनका साथ देना चाहिए।

**मांझी ने नीतीश पर कसा तंज, कहा-**

## नालंदा की तरह गया पर भी ध्यान दे

**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा(हम) प्रमुख जीतन राम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर इशारों ही इशारों में जमकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी, जिस तरह से आप नालंदा पर ध्यान दे रहे हैं, ठीक उसी तरह हमारे इलाके यानि गया पर भी अपना ध्यान केंद्रित करें। इस जिले को भी पर्यटन का हब बनाएं। यहां अबतक बहुत विकास हो जाना चाहिए था, लेकिन इन इलाकों के साथ अन्याय हो रहा है। गया जिले के तपोवन को पर्यटक हब बनना चाहिए था। लेकिन इसपर ध्यान नही दिया जा रहा है।

मांझी ने रविवार को गया में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कुछ समय तक मुख्यमंत्री बने



रहने का और मौका मिला होता तो यहां विकास जरूर करता। उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था तो इन स्थानों को विकसित करने के लिए सोचा था। लेकिन बहुत कम समय मिला, इसलिए यहां का विकास नहीं हो सका। हम इसे पर्यटन की राजधानी बना देते और हजारों पर्यटक यहां पर आते। मांझी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हमें बनाया गया था। अच्छा काम किया था। गहलौर, कुर्किहार और तपोवन सब एक पर्यटन हब की राजधानी के रूप में रहता। यह राजगीर से कम नहीं होता।

## बिहार में धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

बिहार में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया। रविवार के दिन से सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण होने की शुरूआत होती है। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के समय को शुभ माना जाता है और मांगलिक कार्य आसानी से किए जाते हैं। पृथ्वी दो गोलार्द्धों में बंटी हुई है ऐसे में जब सूर्य का झुकाव दाक्षिणी गोलार्द्ध की ओर होता है तो इस स्थिति को दक्षिणायन और सूर्य जब उत्तरी गोलार्द्ध की ओर होता है तो इस स्थिति को उत्तरायण कहते हैं। साथ ही 12 राशियां होती हैं जिनमें सूर्य पूरे साल एक-एक माह के लिए रहते हैं। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रांति कहते हैं। मकर संक्रांति इस बार दो दिन मनाई जा रही है।



कुछ लोग ने शनिवार के दिन ही पर्व मनाया था। मकर संक्रांति का पर्व रविवार को भी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। चूड़ा-दही के पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर पटना के आस-पास के ग्रामीण इलाकों से गंगा नदी के पवित्र जल में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला दो दिन पूर्व से ही शुरू हो गया था, जो आज सुबह तक जारी रहा। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही गंगा स्नान शुरू हो गया। सुबह से ही गंगा में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। ग्रामीण इलाकों के अलावा शहर के विभिन्न मुहल्लों से श्रद्धालुओं ने राजधानी के महेन्द्रू घाट, समाहरणालय घाट, काली घाट, भ्रद घाट, गांधी घाट, कृष्णा घाट समेत विभिन्न घाटों पर जाकर गंगा नदी में स्नान किया।

**उम्मीद | योगी सरकार का प्राइम फोकस, अपार संभावनाओं के साथ बेहतर भविष्य की उम्मीद**

# विभाग ने 1.75 लाख करोड़ रुपये का निवेश

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर गेम चेंजर की भूमिका में है। योगी सरकार इस सेक्टर को अपार संभावनाओं वाला सेक्टर मानकर भविष्य की तैयारियों में जुटी है। अगले माह राजधानी लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से सरकार ने प्रदेश में 17 लाख करोड़ रुपए का निवेश जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसमें आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट को सबसे ज्यादा 1.60 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। सरकार की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विभाग ने 10 जनवरी 2023 तक 1.75 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त



- **97 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर, 78 हजार करोड़ रुपये के प्रस्ताव पाइपलाइन में**
- **योगी सरकार ने विभाग को दिया था सबसे ज्यादा 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य**

कर लिए हैं। इनमें से 97 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू भी हो चुके हैं। वहीं 78 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव एमओयू की दिशा में प्रक्रियाधीन हैं। विभाग को कुल 148 निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिसमें से 135 प्रस्तावों को एमओयू में तब्दील किया जा चुका है। इन एमओयू के धरातल पर उतरने से प्रदेश के लाखों युवाओं और आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपर्ट्स को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### और अधिक निवेश और रोजगार की संभावनाएं

निवेश सारथी पोर्टल पर विभाग से संबंधित डेटा के अनुसार जिन 135 प्रस्तावों को एमओयू में परिवर्तित किया गया है, उनके माध्यम से प्रदेश में 13 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं जो प्रस्ताव अभी प्रक्रिया के दौर में हैं उनके माध्यम से भी 5 हजार से अधिक रोजगार मिलेंगे। कुल मिलाकर इस सेक्टर में फिलहाल 13.5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर मिलने जा रहे हैं। अभी कई प्रदेशों और प्रदेश के कई शहरों व मंडलों में टीम योगी के रोड शो व निवेशक सेमिनार होने हैं। निश्चित तौर पर न सिर्फ इस सेक्टर में निवेश के आंकड़े बढ़ेंगे, बल्कि रोजगार के अवसरों की संख्या में भी वृद्धि होगी।

### शहर ही नहीं, गांव और कस्बे भी होंगे लाभान्वित

इस सेक्टर में होने वाले निवेश का फायदा सिर्फ बड़े शहरों या टेक फ्रेंडली युवाओं को ही नहीं मिलेगा, बल्कि गांव और कस्बों के साथ ही कृषि जैसे साधनों को भी इससे भरपूर फायदा होगा। उदाहरण के तौर पर इंफोटच टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. की ओर से 78 हजार करोड़ रुपए की लागत से एक परियोजना की शुरूआत के लिए एक एमओयू दाखिल किया गया है। इस निवेश के माध्यम से लगने वाली परियोजना का उद्देश्य डाटा स्टोरेज, डाटा माइनिंग, डाटा-एनालिटिक्स और डाटा विजुअलाइजेशन से युक्त हाई-टेक नेक्स्ट-जेन बिग डाटा टेक्नोलॉजी परियोजना के माध्यम से राज्य के भीतर आईटी/आईटीईएस परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए एक अत्याधुनिक आईटी अवसंरचना विकसित करना है। इसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में 10,000 ड्रोन के माध्यम से डेटा उत्पन्न किया जाएगा। ये ड्रोन विभिन्न कृषि गतिविधियों जैसे एरियल जियो मैपिंग, एरियल सर्वे, उर्वरकों के छिड़काव आदि में किसानों की मदद करते हुए प्रासंगिक डेटा एकत्र करेंगे। सभी संबंधित विभागों के साथ चर्चा के बाद इस एमओयू पर सरकार आगे बढ़ेगी।

## खरगोन : बस पलटी, 3 की मौत

**एजेंसी। खरगोन**

इंदौर से खंडवा जा रही एक यात्री बस खरगोन जिले के बड़वाह थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतकों में एक महिला और दो पुरुष शामिल है। खरगोन कलेक्टर ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही है।

पुलिस के अनुसार, शर्मा ट्रेवल्स की बस रविवार को इंदौर से खंडवा की ओर जा रही थी। सुबह करीब 11.30 बजे बड़वाह से करीब 7 किलोमीटर दूर बागफल और मनिहार के बीच बस अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने मोर्चा संभाला और लोगों को क्षतिग्रस्त बस से निकाला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बड़वाह के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, 35 सीटर बस में करीब 45 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि 40 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। घायलों में सात लोगों को गंभीर हालत में इंदौर रैफर किया गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### उमरान मलिक की पार्टी अभी बाकी है : नबी

**दुबई।** अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी मोहम्मद नबी ने कहा है कि उन्होंने 2021 में उमरान मलिक को नेट्स पर गेंदबाजी करते हुए देखने के बाद उनसे कहा था कि वह आईपीएल में खेलेंगे। नबी ने न्यूज 24 स्पोर्ट्स से कहा : जब उमरान मलिक नेट बॉलर थे, तो मैंने उनसे कहा था, तुम अगले साल आईपीएल में खेलोगे। लेकिन नटराजन के चोटिल होने के एक हफ्ते बाद ही उन्हें चुन लिया गया।

### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज कमिंस के लिए कड़ी परीक्षा : एलन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज और कप्तान एलन बॉर्डर ने पैट कमिंस की कप्तान के तौर पर सराहना की है, लेकिन साथ ही कहा है कि अगले महीने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज कमिंस के लिए 'कड़ी परीक्षा' होगी। कमिंस ने टिम पेन के 2021-22 की एशेज सीरीज से पहले कप्तानी से हटने के बाद से टेस्ट कप्तानी संभाली थी। कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज 4-0 से जीती थी।

### वनडे विश्व कप मैच सुबह होने चाहिए शुरू : अश्विन

**नई दिल्ली।** भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन चाहते हैं कि अक्टूबर और नवंबर में खेले जाने वाले वनडे विश्व कप 2023 मैच सुबह 11:30 बजे से शुरू होने चाहिए। अभी 50 ओवर के मैच सामान्य तौर पर दोपहर में 1:30 बजे शुरू होते हैं। अश्विन ने गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ भारत के पहले वनडे मैच का उदाहरण दिया, जहां रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने 373 रनों के विशाल स्कोर के बचाव में 67 रनों से जीत दर्ज की।

### नडाल का अभी संन्यास लेना मुश्किल : मैकनरो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेनिस दिग्गज जॉन मैकनरो ने भविष्यवाणी की है कि राफेल नडाल तब रिटायर्ड होंगे, जब उन्हें लगेगा कि वह मेजर नहीं जीत सकते। आस्ट्रेलियन ओपन से पहले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने यह कहकर हलचल मचा दी, रोलां-गैरो के बाद स्पैनियार्ड रिटायर हो जाएंगे। लेकिन नडाल ने तुरंत इसका खंडन किया और कहा कि वह कम से कम अगले छह महीनों में खेल से संन्यास नहीं ले रहे हैं।

### कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत बड़ी उपलब्धि : बकिंघम

**कोलकाता।** मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच डेस बकिंघम हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022 के मैचवीक 15 में यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में एटीके मोहन बागान पर 1-0 की जीत के बाद अपनी टीम के डिफेंडिंग प्रदर्शन से खुश हैं। इंडियनसुपरलीग डॉट कॉम ने हेड कोच के हवाले से कहा : एटीके मोहन बागान जैसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलना और जीतना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# टीम इंडिया ने रचा इतिहास

## तीसरे वनडे में श्रीलंका को 317 रनों से रौंदा, हासिल की सबसे बड़ी जीत

### वनडे क्रिकेट में रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत



**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए तीसरे वनडे में टीम इंडिया ने इतिहास रचते हुए 317 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है। इसके साथ ही भारत के नाम अब वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड हो गया है। टीम इंडिया ने पहले खेलने के बाद विराट कोहली के नाबाद 166 और शुभमन गिल के 116 रनों की बदौलत 50 ओवर में 5 विकेट पर 390 रन बनाए थे।

इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम महज 73 रनों पर ढेर हो गई। हालांकि, श्रीलंका के 9 विकेट ही गिरे, क्योंकि उनका एक खिलाड़ी चोटिल था, इसलिए टीम को ऑलआउट मान लिया गया। वनडे क्रिकेट में रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ 2008 में 290 रनों से जीत हासिल की थी। भारत की घातक गेंदबाजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि श्रीलंका के सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। तिरुवनंतपुरम में पहले टीम इंडिया ने पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया और फिर मोहम्मद सिराज ने अपनी घातक गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। सिराज ने 10 ओवर में एक मेडन के साथ 32 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को 2-2 सफलता मिलीं। श्रीलंका के लिए ओपनर नुवानिडु फर्नांडो ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाए। वहीं, कप्तान दासुन शनाका ने 11 और कसुन रजिथा ने नाबाद 13 रन बनाए। इसके अलावा अविष्का फर्नांडो 01, कुसल मेंडिस 04, चरिथ असालंका 01, वानिंदु हसारंगा 01 और चमिका करुणारत्ने 01 रन पर पवेलियन लौटे।

**कोहली ने जड़ा 46वां वनडे शतक :** इससे पहले विराट कोहली की 110 गेंदों में नाबाद 166 रनों की पारी की बदौलत टीम इंडिया ने 50 ओवर में 390 रन बनाए। भारत के लिए कोहली के अलावा शुभमन गिल ने भी शतक जड़ा। कोहली ने जहां 13 चौके और 8 छक्के जड़े। वहीं, गिल ने 14 चौके और दो छक्के लगाए. इसके अलावा कप्तान रोहित शर्मा ने 42 और श्रेयस अय्यर ने 38 रन बनाए।

## भारत में डेवाल्ड ब्रेविस जैसे खिलाड़ी की जरूरत : मुकुंद

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका में चल रहे एसए-20 में एमआई केपटाउन ने अपनी पिछली हार से वापसी की और जॉबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने स्पिन खेलने के लिए ब्रेविस की क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ बताया और कहा कि जब वह आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस के लिए भारत में खेलेंगे तो वह शीर्ष पर कैसे जा सकते हैं। उन्होंने कहा : मैं एक सलामी बल्लेबाज में जो देखता हूं वह स्वभाव है। भारत में डेवाल्ड ब्रेविस जैसे विदेशी खिलाड़ी की जरूरत है। एक 21 वर्षीय खिलाड़ी के साथ इसे जोड़ना बहुत मुश्किल है। उन्होंने आज अपना समय लिया जो वास्तव में देखने के लिए अच्छा है और उनका स्पिनर्स के खिलाफ खेलना असाधारण है। मैं कह सकता हूं कि उन्होंने भारतीय लीग में चाहर जैसे किसी खिलाड़ी की गेंद को समझने की क्षमता है।

## फ्रांस के खिलाफ जीत हासिल करना चाहेगा दक्षिण अफ्रीका

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

दक्षिण अफ्रीका ने एफआईएच ओडिशा हॉकी विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला की शुरुआत अर्जेंटीना के खिलाफ 0-1 से हार के साथ की। हालांकि, हार से उनके आत्मविश्वास पर कोई असर नहीं पड़ा, क्योंकि टीम सोमवार को होने वाले अगले मैच में फ्रांस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखेगी। दक्षिण अफ्रीका हॉकी टीम के मुख्य कोच, चेसलिन जी ने अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पिछले प्रदर्शन पर विचार किया और कहा कि वे अपने खेल में सुधार करने पर काम कर रहे हैं। चेसलिन जी ने कहा : अर्जेंटीना के खिलाफ मैच से सकारात्मक यह है कि हमने वास्तव में अच्छी प्रतिस्पर्धा की और अंत तक संघर्ष किया। हमारी टीम निश्चित रूप से कई चीजों में सुधार कर सकती है, खासकर जिस तरह से हम पलटवार करते हैं। खिलाड़ी मैच के दौरान अपने दबाव में भी सुधार कर सकते हैं। हमने पिछले मैच के बहुत सारे वीडियो देखे हैं और अपनी गलतियों को सुधारने पर काम कर रहे हैं।

चेसलीन जी ने यह भी कहा कि उनके खिलाड़ियों में फ्रांस के खिलाफ जीत दर्ज करने का गुण है। उन्होंने कहा, हम लंबे समय तक मैच में बने रहने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। फ्रांस एक अच्छी टीम है और हमने नेशंस कप में उनके खिलाफ खेला जो हमारे लिए बहुत अच्छा अनुभव था। हमने उस मैच में अच्छा खेला था और इस बार एफआईएच ओडिशा हॉकी वर्ल्ड कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के एक महत्वपूर्ण मैच में चीजों को और बेहतर करने की कोशिश करेंगे। मुख्य कोच ने कहा : फ्रांस में नए और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। इसलिए, मुझे लगता है कि यह नेशंस कप की तुलना में एक अलग प्रतियोगिता होगी।

# एमआई केपटाउन ने दर्ज की शानदार जीत

### कप्तान राशिद बोले, हमारे पास एसए-20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



**एजेंसी। केपटाउन**

एसए-20 मैच में जोबर्ग सुपर किंग्स पर सात विकेट की शानदार जीत के बाद एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान ने कहा कि उनकी टीम के पास टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी इकाई है, जिससे उनका काम आसान हो गया है। 106 से नीचे के लक्ष्य का पीछा करते हुए, एमआई केपटाउन ने शनिवार को अपने तीसरे लीग मैच में 16.3 ओवर में जीत हासिल की। इसके साथ, एमआई केपटाउन ने चार महत्वपूर्ण अंक बटोरे और 9 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। उनके गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के बाद, सलामी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस (42) और रयान रिक्लेटन (21) ने 65 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम के लिए बड़ी जीत की नींव रखी और बाकी बल्लेबाजों ने तेजी से रन चेज का काम किया। आरोन फैंगिसो के खिलाफ ब्रेविस का नो-लुक 99-मीटर छक्का एमआई केपटाउन के रन चेज का मुख्य आकर्षण था। एमआई केपटाउन ने पिच का पूर्णता के साथ आकलन किया और स्पिनर वकार सलामखील को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया। सलामखील (1/19) ने तत्काल प्रभाव डाला, क्योंकि उन्होंने कप्तान राशिद (2/18) के साथ बीच के ओवरों में मैच को शानदार ढंग से नियंत्रित किया। अन्य गेंदबाज जॉर्ज लिंडे (2/25) और कगिसो रबाडा (2/12) ने घातक गेंदबाजी की और उन्होंने दबाव बनाए रखा। वेस्टइंडीज के आलराउंडर ओडियन स्मिथ ने भी मैच में एमआईसीटी के लिए डेब्यू किया और दो महत्वपूर्ण विकेट लेने में योगदान दिया। टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेल रहे रबाडा ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। जीत का श्रेय एमआईसीटी के कप्तान को भी जाता है, क्योंकि उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का चुनाव करने के बाद अपने गेंदबाजों का शानदार इस्तेमाल किया और साथ में टीम ने 65 डॉट गेंदें फेंकी। टीम प्रबंधन ने युवाओं पर भरोसा दिखाया और उन्होंने निराश नहीं किया। राशिद ने अपने अफगान टीम के साथी और अन्य गेंदबाजों की उनके प्रदर्शन के लिए प्रशंसा करते हुए कहा : हम अफगानिस्तान के लिए एक टेस्ट मैच में एक साथ खेले हैं, उन्होंने (वकार) अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसमें क्षमता है, वह आने वाले मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

# मिलान ने सैन सिरो में हेलस वेरोना को 1-0 से हराया



**एजेंसी। रोम**

लुटारो मार्टिनेज ने लगातार तीन गेम में स्कोरशीट पर सफलता हासिल की और उनके एकमात्र गोल की बदौलत इंटर मिलान ने सैन सिरो में हेलस वेरोना को 1-0 से हरा दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नेराज़ुर्री को कोपा इटालिया में परमा से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी और शनिवार के मैच में रोमेलु लुकाकू और मासेलों ब्रोजोविक के बिना प्रवेश किया। विश्व कप विजेता लुटारो ने शुरूआती मिनटों में गेंद को कई बार रीबाउंड होने के बाद नेट में भेज दिया। अर्जेंटीनियन ने दूसरे हाफ में बढ़त को दोगुना कर दिया था क्योंकि उसने तेज गति से दौड़ते हुए गोलकीपर के ऊपर से गेंद को निकाल दिया, लेकिन इसे रद्द कर दिया गया था क्योंकि लुटारो के बिल्ड-अप में फाउल था। नेपोली को जुवे की निराशाजनक 5-1 की हार के साथ जीत ने इंटर को बियांकोनेरी को 37 अंकों के स्तर पर ले जाने की अनुमति दी, लेकिन वह गोल अंतर के कारण अभी भी चौथे स्थान पर है। एक और क्लब एसी मिलान ने दूसरे क्लब लेसे के साथ 2-2 से ड्रा खेला। थियो हर्नांडेज के अपने गोल और फेडेरिको बासचिरोटो के हेडर ने घरेलू टीम को ब्रेक से पहले 2-0 की बढ़त बनाने दी, लेकिन राफेल लीओ के एक पेचीदा कोण से स्ट्राइक और डेविड कैलाब्रिया के हेडर ने मिलान को बैक-टू-बैक 2-2 से ड्रा खेलने में मदद की। मिलान जुवे को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर आ गया। अन्य जगहों पर, क्रेमोनीज को घरेलू मैदान पर मोंजा से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

# नंबर वन बनने के लिए ऑस्ट्रेलियन ओपन में उतरेंगे जोकोविच, रूड और सितसिपास



**एजेंसी। मेलबर्न**

नोवाक जोकोविच, कैस्पर रूड और स्टेफानोस सितसिपास एटीपी रैंकिंग में नंबर एक बनने के लिए वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी रूड फाइनल में पहुंचकर शीर्ष स्थान हासिल कर सकते हैं जब तक कि जोकोविच या सितसिपास में से कोई खिताब नहीं जीते। एटीपी टूर डॉट कॉम के अनुसार यदि इनमें से कुछ भी नहीं होता है तो मौजूदा वर्ल्ड नंबर वन कार्लोस अलकाराज अपनी पोजीशन पर बने रहेंगे। अलकाराज चोट के कारण इस बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल रहे हैं। विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच मेलबर्न में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में पहुंचे हैं। वह रिकॉर्ड नौ बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीत चुके हैं और टूर्नामेंट में उनका 82-8 का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2023 सत्र की शुरूआत एडिलेड इंटरनेशनल 1 में अपना 92वां टूर खिताब जीतकर की थी। वह छह जून के बाद से पहली बार नंबर वन बन सकते हैं यदि वह रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतते हैं। सात बार वर्ष का समापन नंबर एक के रूप में करने वाले 35 वर्षीय जोकोविच अपने करियर में 373 सप्ताह नंबर एक रहे हैं जो इतिहास में किसी अन्य से ज्यादा है। नॉर्वे के विश्व नंबर तीन रूड मेलबर्न में अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में उतरेंगे। वह 24 साल की उम्र में नंबर एक खिलाड़ी बनने वाले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। यदि जोकोविच और सितसिपास मेलबर्न में फाइनल से पहले बाहर हो जाते हैं तो रूड फाइनल में पहुंचने के साथ टॉप स्थान हासिल कर लेंगे। वह 2022 में रौलां गैरों और यूएस ओपन में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन अलकाराज से हार गए थे।

# बल्लेबाजों को हर गेंद पर रन बनाना जरूरी : श्रेयस अय्यर

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**



भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का मानना है कि वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में बल्लेबाजी के लिए उतरते समय प्रत्येक गेंद पर रन बनाने पर ध्यान देना चाहिए। अय्यर 2022 में वनडे के लिए भारत के मध्य क्रम में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 15 पारियों में 55.69 की औसत से 724 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैचों में अय्यर ने आखिरी दो पारी में दो बार 28 रन बनाए हैं। लेकिन बीच के ओवरों में स्पिन के खिलाफ स्ट्राइक रोटेट करने और अच्छी बल्लेबाजी करने की उनकी क्षमता कुछ ऐसी है जो भारतीय पिचों पर तब काम आएगी जब देश में एकदिवसीय विश्व कप 2023 आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा : जब मैं बल्लेबाजी के लिए जाता हूं तो मैं हर गेंद पर रन बनाने के बारे में सोचता हूं। मैं यह देखता हूं कि गति मेरी तरफ है। मेरा दृष्टिकोण गेंदों का पीछा करना है। वनडे में अगर आप शुरुआत करते हैं, तो आपको इसे देखना होगा। कि आप लय बनाए रखें और चीजों को जटिल न होने दें। अय्यर ने कहा कि एक व्यस्त क्रिकेट शेड्यूल और एकदिवसीय मैच में हर मौके को दोनों हाथों से हड़पना महत्वपूर्ण है।

## पाक का ऑस्ट्रेलिया दौरा | दोनों टीमों के बीच खेली जाएंगी वनडे और टी-20 सीरीज

# अपनी योजनाओं पर टिके रहने की कोशिश करेंगे : मारूफ

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**



पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मारूफ ने कहा कि उनकी टीम सोमवार को ब्रिस्बेन के एलेन बॉर्डर फील्ड में आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तीन मैचों में से पहले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले अपनी योजनाओं पर टिके रहने की कोशिश करेगी। वनडे सीरीज के पहले मैच के बाद, दूसरा एकदिवसीय मैच 18 जनवरी को उसी स्थान पर खेला जाएगा। इसके बाद तीसरा वनडे मैच उत्तरी सिडनी ओवल, सिडनी में 21 जनवरी को होगा।

वनडे सीरीज के बाद तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे, जो सिडनी, होबार्ट और कैनबरा में 24 से 29 तक होने है। बिस्माह ने पीसीबी डिजिटल से कहा : हमने खुद को अच्छी तरह से तैयार किया है और श्रृंखला में बेहतर परिणाम देने के लिए अपनी योजनाओं को लागू करने की कोशिश करेंगे। हमने अब तक आईसीसी महिला चैम्पियनशिप मैचों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला भी बहुत महत्वपूर्ण है। हम अपनी योजनाओं पर डटे रहने की कोशिश करेंगे। आस्ट्रेलिया आने से पहले, महिला टीम ने लाहौर और कराची में अपने अभ्यास कैंप आयोजित किए, जहां उन्होंने विभिन्न इंट्रा-स्क्वाड मैचों में भी भाग लिया। पिछले सप्ताह ब्रिस्बेन पहुंचने के बाद से, उनके पास व्यापक अभ्यास सत्र हैं, जिसमें शुक्रवार को एलन बॉर्डर फील्ड में गवर्नर जनरल के इलेवन खिलाफ 50 ओवर का मैच शामिल है। भले ही मेहमान टीम हार गई, लेकिन डायना बेग, फातिमा सना और निदा डार ने गेंद से अपना कौशल दिखाया, जबकि बिस्माह ने अर्धशतक लगाया। बिस्माह आस्ट्रेलिया में अपनी टीम के अच्छा प्रदर्शन करने की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त दिखीं।

### आयोजन स्थल पर अच्छे अभ्यास सत्र

**उन्होंने** कहा कि यहां आयोजन स्थल पर हमारे अच्छे अभ्यास सत्र थे। यहां की पिचों में पाकिस्तान की तुलना में अलग उछाल है और हमें उछाल से तालमेल बिठाने में समय लगा। हम भाग्यशाली थे कि हमें उसी स्थान पर अभ्यास मैच मिला जहां हमारे शुरूआती दो मैच होने हैं। इससे परिस्थितियों से परिचित होने में मदद मिलेगी। आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में आस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान नौवें स्थान पर है। आईसीसी महिला चैम्पियनशिप चक्र 2022-25 में, पाकिस्तान अपने छह मुकाबलों में से पांच में जीत के बाद तालिका में भारत के पीछे है, जबकि आस्ट्रेलिया चैंपियनशिप का अपना पहला मैच सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। लाहौर में आयरलैंड पर 3-0 से जीत हासिल करने के बाद पाकिस्तान इस गति को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।



## NEWS इन ब्रीफ

### एयरटेल ने शिलांग में शुरू की 5जी दूरसंचार सेवा

**शिलांग।** अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने शिलांग में अपनी अत्याधुनिक 5जी सेवाओं की शुरूआत की घोषणा की। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं शिलांग में ग्राहकों के लिए चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध होंगी क्योंकि कंपनी अपने नेटवर्क का निर्माण और रोल आउट पूरा करना जारी रखे हुए है। कंपनी ने कहा है कि 5जी सक्षम डिवाइस वाले ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त लागत के उच्च गति वाले एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क का आनंद ले सकेंगे जब तक कि रोल आउट अधिक व्यापक नहीं हो जाता।

### महंगे होम और कार लोन से जल्द नहीं मिलेगा छुटकारा

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल ही में इस बात के संकेत दिए हैं कि आगे भी महंगे लोन पर जल्द राहत नहीं मिलने वाली है। मतलब साफ है कि अभी कुछ और समय तक होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन पर बढ़ी हुई ब्याज दरें देखने को मिल सकती हैं। शक्तिकांत दास ने कहा कि अगर यूक्रेन कनफ्लिक्ट जारी रहा तो इंटरेस्ट रेट्स लंबे समय तक हाई बनी रह सकती हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सप्लाई चेन से जुड़े मुद्दों में सुधार हो सकता है।

### मार्च तक गिरकर 5 प्रतिशत पर आ सकती है खुदरा महंगाई दर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई ने अपनी नवीनतम इकोरैप रिपोर्ट जारी की, जिसमें आम जनता के लिए एक राहत भरी खबर है। रिपोर्ट के जरिए बैंक ने बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर मार्च 2023 तक घटकर 5 प्रतिशत हो जाएगी। जनवरी-मार्च 2023 के लिए आकलन औसत खुदरा मुद्रास्फीति 4.7 प्रतिशत का है। अभी नवंबर-दिसंबर में महंगाई दर को लेकर बड़ी राहत मिली थी। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 5 l72 फीसदी रही।

### विदेशी टूरिस्टों को भारत में खरीददारी करने पर टैक्स रिफंड देने की मांग की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2023 में आम लोगों और उद्योग जगत को कुछ चीजों को लेकर खास उम्मीदें है। विदेशी पर्यटकों को भारत से बाहर ले जाए जाने वाले सामानों पर टैक्स रिफंड देने के लिए की मांग की जा रही है। निर्यात और पर्यटन उद्योग की ओर से ये प्रस्ताव पेश किया गया है। उनका कहना है कि इस स्कीम के लागू होने से अंतराष्ट्रीय यात्री आकर्षित होंगे और भारत में विदेशी खरीदारों की संख्या में इजाफा होगा। प्रस्ताव में कहा गया है कि इससे यूएई और सिंगापुर जैसे जगहों में भारत के समानों की मांग बढ़ेगी। साथ ही वहां से यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा। उद्योग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने कहा कि आईजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 15 में पर्यटकों के लिए टैक्स रिफंड योजना का प्रावधान है।

# बीते साल सात बड़े शहरों में चार लाख से अधिक घरों का हुआ निर्माण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोविड-19 महामारी के बाद रियल एस्टेट कंपनियों ने घरों के निर्माण की गति तेज करते हुए 2022 में देश के सात प्रमुख शहरों में चार लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा किया। संपत्ति सलाहकार फर्म एनारॉक ने कहा है कि 2022 में देश के सात प्रमुख बाजारों में 4.02 लाख घरों के निर्माण का कार्य पूरा हुआ, जो 2021 के 2.79 लाख घरों के आंकड़े से काफी काफी अधिक है। हालांकि, कोविड महामारी के दौरान 2020 और 2021 में घरों के निर्माण की रफ्तार पर बहुत बुरा असर पड़ा था। एनारॉक ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता शहरों में बनी आवासीय इकाइयों के बारे में यह आंकड़ा जारी किया है। वर्ष 2022 में बनकर तैयार होने वाले घरों में से सर्वाधिक 1.26 लाख इकाइयां मुंबई इलाके में थीं। मुंबई में वर्ष 2021 में सिर्फ 70,500 घर ही बनकर तैयार थे। वहीं दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पिछले साल 86,300 घर बनकर तैयार हुए हैं, जो 2021 के 86,590 की



तुलना में मामूली रूप से कम है। पुणे में 84,200 इकाइयां बनी हैं जबकि बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में सम्मिलित रूप से 81,580 आवासीय इकाइयां बनकर तैयार हुई हैं। कोलकाता में यह आंकड़ा 23,190 इकाइयों का है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, वर्ष 2022 भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए चमकदार साल रहा है जब बिक्री ने 2014 के उच्चस्तर को भी पार कर लिया। इस मांग को पूरा करने के लिए डेवलपर का ध्यान घरों का निर्माण जल्द पूरा करने पर है। पुरी ने कहा कि 2023 में भी 5.44 लाख से अधिक घरों का निर्माण होने की उम्मीद है। इनमें से सर्वाधिक 1,66,850 घरों का निर्माण दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में होने की संभावना है। इसके अलावा मुंबई क्षेत्र में 1.33 लाख घर बनकर तैयार हो सकते हैं।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख देखा गया

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिश्रित रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल एवं दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 100 रिंगिट की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 3834 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 0.05 सेंट बढ़कर 62.81 सेंट प्रति पाउंड हो गया। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 293 रुपये और सोया रिफाइंड 148 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल 72 रुपये, सूरजमुखी तेल 73 रुपये, पाम ऑयल 147 रुपये और वनस्पति तेल 293 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। सप्ताहांत पर सूरजमुखी तेल 18608 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15385 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 10402 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 13040 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.26 अरब घटकर 561.6 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 06 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.26 अरब डॉलर घटकर 561.6 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 4.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 562.9 अरब डॉलर पर रहा था1 रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.75 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 496.4 अरब डॉलर रह गयी। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 46.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 41.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.5 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 18.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर कम होकर 5.1 अरब डॉलर पर आ गई।

# उद्योग के लोगों ने लंबित मामलों के बीच सीसीआई में कोरम की कमी का मुद्दा उठाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विभिन्न विलय और अधिग्रहण सौदों के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी के इंतजार के बीच उद्योग के लोगों ने प्रतिस्पर्धा नियामक में कोरम की कमी के मुद्दे को उठाया है। उद्योग प्रतिभागियों ने इस मुद्दे को जल्द हल करने की मांग की है। गौरतलब है कि सीसीआई में दो माह से अधिक समय से चेयरमैन नहीं हैं। एक निश्चित सीमा से अधिक मूल्य के विलय और अधिग्रहण सौदों के लिए सीसीआई की मंजूरी जरूरी है। प्रतिस्पर्धा कानून, 2022 की धारा पांच और छह के तहत इन सौदों का नियमन किया जाता है। विलय सौदों की मंजूरी के लिए नियामक के पास तीन सदस्यों का कोरम होना जरूरी है। हालांकि, 25 अक्टूबर 2022 को इसके चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता की सेवानिवृत्ति के बाद केवल दो सदस्य बचे हैं, जिसके चलते सीसीआई में कोरम की कमी है। उद्योग जगत के विभिन्न पक्षों ने नए चेयरमैन की नियुक्ति तक मौजूदा हालात को दूर करने की मांग की है, ताकि कोरम की कमी के कारण विलय सौदों को मंजूरी देने में देरी न हो। इन चिंताओं को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सामने रखा गया है, जो सीसीआई के लिए प्रशासनिक मंत्रालय है। अग्रणी विधि फर्म सिरिल अमरचंद मंगलदास की भागीदार (प्रमुख-प्रतिस्पर्धा कानून) अवंतिका कक्कड़ ने सीसीआई में कोरम की कमी के मुद्दे पर मंत्रालय को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि कुल 15 मामले सीसीआई की समीक्षा के लिए लंबित हैं, जिसमें दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता के तहत कई वैश्विक लेनदेन शामिल हैं।

# वोडाफोन ने अगले 5 साल में सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी का बनाया प्लान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2023 की शुरूआत मंदी के साये में ही हुई है। पिछले कुछ समय में देश और दुनिया की कई बड़ी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है। अब इस लिस्ट में टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनी वोडाफोन का नाम भी जुड़ गया है। मार्केट में बढ़ते दबाव का असर वोडाफोन पर पड़ा है। इस कंपनी ने एक बार फिर बड़ी संख्या में अपने कर्मचारियों की छंटनी का फैसला किया है। ध्यान देने वाली बात ये है कि कंपनी अगले 5 सालों तक सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देगी। मार्केट में मंदी के असर को देखते हुए वोडाफोन ने नवंबर 2022 में ही अपने कॉस्ट कटिंग का ऐलान कर दिया था। कंपनी ने ऐलान किया था कि कंपनी साल



2026 तक अपने खर्च में 1.08 बिलियन डॉलर तक की कमी करेगी। यूरोपियन मार्केट की बड़ी टेलीकॉम कंपनी जैसे स्पेन में टेलीफोनिका और फ्रांस में ऑरेंज ने करीब 50 फीसदी तक कॉस्ट कटिंग करने का फैसला किया है। फाइनेंशियल टाइम्स में छपी रिपोर्ट के अनुसार वोडाफोन दुनियाभर में सैकड़ों नौकरियों में कटौती करने की प्लानिंग कर रहा है। इसमें सबसे बड़ी छंटनी कंपनी के लंदन स्थित ऑफिस में की जाएगी। आपको बता दें कि कंपनी पूरी दुनिया में करीब 1,04,000 लोगों को नौकरी देती है। इस छंटनी का असर भारत पर कितना होगा यह कहना मुश्किल है। वोडाफोन के अलावा कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की छंटनी की है। इसमें कई स्टार्टअप कंपनियां है बायजूस, अनएकेडमी, लीड, स्विगी, वेदांतु आदि है। साल 2023 की शुरूआत मंदी के साए में हुई है।

# 15 दिनों कुछ स्टॉक्स ने दोगुना रिर्टन दिया

**नई दिल्ली।** साल 2023 के पहले पंद्रह दिन में कुछ स्टॉक्स अपने निवेशकों को दोगुना से अधिक रिटर्न दिया है। इनमें नेटवर्क पीपुल सर्विस टेक्नॉलजी 165.12 फीसद, 3पी लैंड होल्डिंग्स 116.99 फीसद और कूल कैप्स इंडस्टीज 104 फीसद रिटर्न देने वाले स्टॉक्स रहे। सबसे पहले बात कूल कैप्स इंडस्टीज के शेयर प्राइस हिस्ट्री की। शुक्रवार को यह स्टॉक 6.38 फीसद उछल कर 501.05 रुपये पर बंद हुआ था। एक हफ्ते पहले यह केवल 375.35 रुपये का था। इस अवधि में इसने 33.49 फीसद का रिटर्न दिया है। वहीं एक महीने में इसने 108.95 फिसद की बढ़त दर्ज की है। पिछले 3 महीने में यह स्टॉक 188 फीसद से अधिक उछला है। इसका 52 हफ्ते का हाई 478.80 और लो 41.50 रुपये है। नए साल में अपने निवेशकों को मालामाल करने में 3पी लैंड होल्डिंग्स भी आगे रहा। इस स्टॉक ने एक हफ्ते में 32 और एक महीने



में 91 फीसद का रिटर्न दिया है, लेकिन पिछले 15 दिन में इसने करीब 117 फीसद की उड़ान भरी है। इसका 52 हफ्ते का हाई 36.65 रुपये और लो 13 रुपये है। वहीं, अगर नेटवर्क पीपुल सर्विसेज टेक्नॉलजी की बात करें तो इस स्टॉक ने एक महीने में करीब 170 फीसद की उछाल दर्ज की है। पिछले 3 महीने में इसने 173 फीसद से अधिक की उछाल दर्ज की है। एक साल में यह 378.68 फीसद उछला है। हालांकि इस साल केवल 15 दिन में यह स्टॉक 165 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। यानी 15 दिन पहले अगर किसी ने इस स्टॉक में एक लाख रुपये लगाए होंगे तो उसका एक लाख अब 265000 से अधिक हो गए होंगे।

# रिलायंस और एयरटेल को लगा झटका दोनों कंपनियों को हुआ बड़ा नुकसान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,07,224.82 करोड़ रुपये बढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 360.81 अंक या 0.60 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती




एयरटेल का मूल्यांकन घट गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 59,349.81 करोड़ रुपये बढ़कर 12,34,637.11 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 22,997.16 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,32,684.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इंफोसिस का दिसंबर तिमाही का मुनाफा उम्मीद से बेहतर रहा है। तिमाही के दौरान कंपनी का मुनाफा 13.4 प्रतिशत बढ़ा है। इस बीच हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 10,514.42 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,004.09 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी का मूल्यांकन 4,904.87 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,78,922.89 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 3,668.5 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 4,50,782.59 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## जुर्माना | अंतरिम राहत नहीं मिलने पर गूगल ने लगाई गुहार

# याचिका पर एससी आज करेगी सुनवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने एंड्रॉयड मोबाइल पारिस्थिति में अपने वर्चस्व के दुरुपयोग पर आए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के फैसले के खिलाफ एनसीएलएटी के समक्ष दायर अपील पर सुनवाई करने में देरी को आधार बनाते हुए उच्चतम न्यायालय से राहत की गुहार लगाई है। गूगल ने अपनी याचिका में कहा है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) उसे अंतरिम राहत देने से इनकार करने के परिणामों का आकलन करने में नाकाम रहा है। कंपनी के मुताबिक, अंतरिम राहत नहीं मिलने पर उसे 14-15 वर्षों से कायम यथास्थिति में बदलाव




करने होंगे और 19 जनवरी से उसे अपने समूचे कारोबारी मॉडल को भी बदलना होगा।" गूगल की इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई होने वाली है। इसमें उसने सीसीआई के आदेश के खिलाफ अंतरिम राहत देने से इनकार करने के एनसीएलएटी के कदम को चुनौती दी है। प्रतिस्पर्धा आयोग ने गत वर्ष अक्टूबर में गूगल पर प्रतिस्पर्धा को चोट पहुंचाने के आरोप का दोषी बताते हुए उस पर करीब 2,200 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इसमें से 1,337.76 करोड़ रुपए का जुमार्ना 97 प्रतिशत मोबाइल फोन में इस्तेमाल होने वाली एंड्रॉयड प्रणाली के संदर्भ में अपने दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए लगाया गया था। वहीं 936 करोड़ रुपए का जुर्माना प्ले स्टोर से जुड़ी नीतियों को लेकर लगााय गया था। इस आदेश के खिलाफ गूगल ने एनसीएलएटी में अपील की थी लेकिन वहां से इसे कोई अंतरिम राहत नहीं मिली। न्यायाधिकरण ने चार जनवरी को सीसीआई के आदेश पर स्थगन देने से इनकार करते हुए कहा था कि यह अपील आदेश आने के दो महीने बाद 20 दिसंबर को की गई है। हालांकि, गूगल ने इसे नकारते हुए अपनी याचिका में कहा है कि सीसीआई का आदेश 19 जनवरी, 2023 से प्रभावी होने वाला है और उसने इसके एक महीने पहले एनसीएलएटी में अपील कर दी थी। उसने कहा है कि अपील के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए उसे दंडित नहीं किया जा सकता है।

## पेज एक के शेष

### चिंता : विमान दुर्घटनाओं...

कलिंगा एयर के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हुई थी। इसी तरह, 1956 में काठमांडू में इंडियन एयरलाइंस के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 14 लोगों की जान चली गई थी। 1957 में नेपाल में इंडियन एयरलाइंस का एक और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। टिकरभैरव नामक स्थान पर हुए इंडियन एयरलाइंस के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 20 लोगों की मौत हो गई थी। एक साल से भी कम समय के बाद, 1958 में नेपाल में इंडियन एयरलाइंस का एक और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 20 लोग मारे गए थे। नेपाल में चार भारतीय विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। नेपाल एयरलाइंस का विमान 1960 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। भैरहवा में हुए इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई थी। 1962 में एक और नेपाल एयरलाइंस का विमान धोरपाटन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 10 लोग मारे गए। उसी वर्ष, नेपाल एयरलाइंस का एक और विमान धोरपाटन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें छह लोग मारे गए थे। 1969 में एक और नेपाल एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सर्वाधिक 35 लोगों की मौत हो गई थी। एक साल बाद, 1970 में नेपाल एयरलाइंस का एक विमान दिल्ली में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। रॉयल लाइट जहाज 1970 में जोमसोम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और एक व्यक्ति की मौत हो गई। दो साल बाद रॉयल लाइट का धुलीखेल में एक्सीडेंट हो गया था। इस विमान हादसे में इकतीस लोगों की मौत हो गई थी। 1975 में काठमांडू में नेपाल एयरलाइंस के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। 1979 में लांगटांग में एक जहाज हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी। नेपाल एयरलाइंस का विमान 1981 में विराटनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें दस लोगों की मौत हो गई।

1984 में भोजपुर में नेपाल एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से 15 लोगों की मौत हो गई थी। 1985 में नेपाल में एक और विमान दुर्घटना में 25 लोगों की मौत हुई थी। 1992 में एवरेस्ट एयर प्लेन के दुर्घटनाग्रस्त होने से अठारह लोगों की मौत हो गई थी। 1995 में नेपाल एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई थी। करनाली एयर का विमान 1997 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। लीबानी जहाज 1998 में नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में अठारह लोगों की मौत हो गई थी। 1998 में एशियन एयर का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सोलुखुम्बु में हुए इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। उसी वर्ष, सोलू में नेपाल एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 1999 में निकॉन एयर का विमान जुमला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हवाई हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। उसी साल मकवानपुर में एक स्काईलाइन प्लेन के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई थी।

नेपाल एयरलाइंस का एक विमान 2000 में दादेलधुरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी। 2001 में रारा झील में फिस्टेल एयर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई थी। स्काईलाइन का जहाज 2002 में सुरखेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। 2002 में संगरीला एयर प्लेन क्रैश हो गया था। कास्की में हुए इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। 2004 में यती एयरलाइंस का विमान लामजुंग में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। एयर डायनेस्टी का विमान 2005 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यती एयरलाइंस का विमान 2006 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जुमला में हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। उसी वर्ष, लुक्ला में एक और यती एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई। 2010 में अग्नि एयर का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। मकवानपुर में हुए हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। तारा एयर का विमान 2011 में ओखलधुंगा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। उसी साल बुद्धा एयर का विमान ललितपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई। अग्नि एयर का विमान 2012 में जोमसोम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। उसी साल काठमांडू में सीता एयर का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से 19 लोगों की जान चली गई थी। नेपाल एयरलाइंस का एक विमान 2014 में अरघाखांची में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी। 2015 में, एक अमेरिकी सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें भी कुछ के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। इस तरह देखें तो नेपाल में सर्वाधिक नेपाल एयरलाइंस के विमानों के दुर्घटना का लंबा रिकॉर्ड है। उसके बाद निजी एयरलाइंस के छोटी विमानों का नंबर आता है। नेपाल की मौजूदा सरकार ने विमानों के दुर्घटना होने का करीब पांच दशकों का रिकॉर्ड खंगाला है जिसमें यह भयावह तस्वीर सामने आई है। रिकॉर्ड के मुताबिक नेपाल में अबतक एक साल में एक विमान दुर्घटना का रिकार्ड है। नेपाल में अब तक हुए विमान दुर्घटनाओं में यती एयरलाइंस का विमान दुर्घटना सबसे बड़ी दुर्घटना है जिसमें सर्वाधिक 72 लोगों की जाने गई। इस विमान दुर्घटना से नेपाल सरकार हिल गई।

### नेपाल में उड़ान...

सेफ्टी रिपोर्ट के मुताबिक, देश की खतरनाक भौगोलिक स्थिति भी पायलटों के सामने बड़ी चुनौती होती है। नेपाल में लगभग 3 करोड़ लोग रहते हैं। यहां दुनिया के 14 सबसे ऊंचे पहाड़ों में से माउंट एवरेस्ट समेत 8 स्थित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल का एकमात्र इंटरनेशनल एयरपोर्ट समुद्र तल से 1,338 मीटर ऊपर एक संकरी घाटी में है, इसकी वजह से विमानों को मुड़ने के लिए काफी तंग जगह मिलती है। नेपाल के पूर्वोत्तर में स्थित लुक्ला शहर का एयरपोर्ट दुनिया के सबसे खतरनाक एयरपोर्ट में से एक है। यह एयरपोर्ट एवरेस्ट का प्रवेशद्वार भी कहा जाता है। एयरपोर्ट के रनवे को पहाड़ों के बीच एक चट्टान को काटकर बनाया गया है। लुक्ला हवाई अड्डे के रनवे के एक छोर पर विशालकाय पहाड़ तो दूसरे छोर पर खाई है। ऐसे में सिर्फ अल्ट्रा ट्रेंड पायलटों को ही इस हवाई अड्डे पर विमान उतारने और उड़ान भरने की इजाजत है। एक छोटी सी भूल भी विमान में सवार सभी यात्रियों की जान ले सकती है।

**2. मौसम का तेजी से बदलना :** इसके अलावा पहाड़ों में मौसम तेजी से बदलता है, जो विमानों की उड़ान को काफी खतरनाक बनाता है। पल-पल बदलते मौसम के कारण पायलटों को विमान को नेविगेट करना मुश्किल हो जाता है। वो भी तब जब मौसम अचानक बदल जाए और सामने कुछ भी दिखाई न दे। साथ ही बर्फबारी से रनवे काफी खतरनाक हो जाता है। इन परिस्थितियों में पायलटों से होनेवाली थोड़ी चूक भी इसे जानलेवा बना सकती है।

**3. बेहतर रडार और काबिल स्टाफ की कमी होना :** विमान क्रैश होने की दूसरी वजहों में बेहतर रडार तकनीक की कमी होना। इसकी वजह से पायलटों को दुर्गम इलाके और मुश्किल मौसम में नेविगेट करना मुश्किल हो जाता है। नेपाल एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अशोक पोखरियाल बताते हैं कि पुराने विमानों में मॉडर्न वेदर रडार नहीं होते हैं। इस वजह से पायलट को रियल टाइम में मौसम की जानकारी नहीं मिल पाती है। नेपाल में आवश्यक और पर्याप्त कुशल, ट्रेंड और और हाईली सेल्फ मोटिवेटेड सिविल एविएशन स्टाफ भी नहीं है। वर्कफोर्स की कमी के कारण कुछ स्टाफ को नियमित ड्यूटी के अलावा भी कई घंटों तक काम करना पड़ता है। देखा जाए तो यह काम की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

**4. खराब एविएशन रिकॉर्ड से 28 देशों में उड़ान पर प्रतिबंध :** नेपाल के खराब एविएशन रिकॉर्ड की वजह से यूरोपीय कमीशन ने नेपाली एयरलाइंस पर 28 देशों के ब्लॉक में उड़ान भरने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है।

**5. एविएशन अथॉरिटी भ्रष्टाचार के आरोपों से भी घिरी :** नेपाल की एविएशन अथॉरिटी भ्रष्टाचार के आरोपों से भी घिरी हुई है। 2019 में, यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी एयरबस ने नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन के लिए दो संकरी बॉडी वाले एयरबस ए320 जेट डील के लिए नेपाली बिजनेसमैन और अधिकारियों को 34 लाख यूरो यानी 3 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी।

**– प्रस्तुति आशुतोष मिश्रा।**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम मोदी आज करेंगे रोड शो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 जनवरी को नई दिल्ली में रोड शो करेंगे, भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का पहला दिन 17 जनवरी है। दिल्ली भाजपा के एक नेता के अनुसार, पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पहले दिन 16 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी का एक किलोमीटर लंबा रोड शो होगा। रोड शो संसद मार्ग से एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर तक होगा। पार्टी के एक सूत्र ने कहा, विभिन्न राज्यों के कलाकार रोड शो के दौरान सांस्कृतिक प्रदर्शन करेंगे।

### डीएमके नेता शिवाजी को गिरफ्तार करने की मांग

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने राज्य के पुलिस प्रमुख सी. सिलेंद्रबाबू से अनुरोध किया है कि डीएमके नेता शिवाजी कृष्णमूर्ति को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है। तमिलनाडु के राज्यपाल के कार्यालय ने चेन्नई शहर के पुलिस आयुक्त, शंकर जिवाल को एक शिकायत भेजी थी कि राज्यपाल पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए डीएमके नेता पर कार्रवाई की जाए।

### मंत्री के करीबी उद्योगपति के यहां तीसरे दिन भी छापेमारी

**बेल्लारी (कर्नाटक)।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने रविवार को बेल्लारी में तीसरे दिन भी उद्योगपति कैलाश व्यास के कारखाने और संपत्तियों पर छापेमारी जारी रखी। कैलाश व्यास को कर्नाटक के परिवहन मंत्री बी. श्रीरामुलु का करीबी बताया जाता है। बेंगलुरु, बेल्लारी और कोप्पल में एक साथ छापे मारे गए। बेल्लारी में तीसरे दिन भी अधिकारी छापेमारी और फैक्ट्री, फ्लैट और घरों की तलाशी के लिए तैनात थे।

### सेना ने जोजिला सुरंग स्थल पर फंसे 172 श्रमिकों को निकाला

**श्रीनगर।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में जोजिला सुरंग निर्माण स्थल पर फंसे 172 श्रमिकों को कड़ी मशक्कत के बाद निकालने में सफलता हासिल की। रविवार को सेना के एक बयान में कहा गया, कल एक बड़े हिमस्खलन की घटना में सरबल नीलागर के पास निर्माण कंपनी के श्रमिक फंस गए थे। सेना और गांदरबल पुलिस के हिमस्खलन बचाव दल हरकत में आ गए और घंटों के भीषण प्रयास के बाद आखिरकार सभी 172 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

# सेना दिवस पर राष्ट्रपति, पीएम और गृहमंत्री ने जवानों को किया नमन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश में हर साल 15 जनवरी को भारतीय थल सेना दिवस मनाया जाता है। आजादी के बाद पहली बार भारतीय सेना दिवस बेंगलुरू में मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सेना के वीर जवानों को नमन किया। सेना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जवानों को नमन किया। उन्होने ट्वीट कर कहा : सेना दिवस पर, आइए याद करें भारतीय सेना के जवानों के बलिदान की अनगिनत कहानियां! उन्होंने हमेशा वीरता और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और आपदाओं के समय रक्षक के रूप में भी काम किया है। मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी वीर जवानों और उनके परिवारों को नमन करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि सेना दिवस पर मैं सभी सैन्यकर्मियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं। प्रत्येक भारतीय को हमारी सेना पर गर्व है। उन्होंने हमेशा हमारे देश को सुरक्षित रखा है। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय सेना वीरता और साहस का पर्याय है। आर्मी डे पर, मैं सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बधाई देता हूं। देश को सुरक्षित रखने के संकल्प के लिए भारत को हमारी सेना पर गर्व है। हम अपने वीरों को नमन करते हैं और उनके सर्वोच्च बलिदान को भी नमन करते हैं। गौरतलब है कि फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के 15 जनवरी 1949 को अपने ब्रिटिश पूर्ववर्ती के स्थान पर भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभालने के उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है।

# ड्रोन से गिराई गई 30 करोड़ की हेरोइन बरामद



### बीएसएफ ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीमा सुरक्षा बल ने राजस्थान के श्री गंगानगर सेक्टर से लगी भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तस्करी के बड़े प्रयास को विफल कर दिया है। बीएसएफ जवानों ने पंजाब से आए 2 तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 30 करोड़ की हेरोइन बरामद की है। ये हेरोइन ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भारत में गिराई गई थी। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल की खुफिया एजेंसी की सूचना के आधार पर 14 और 15 जनवरी की रात में श्रीगंगानगर सेक्टर से लगी भारत-पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पंजाब से आए दो ड्रग्स तस्करों को धर दबोचा गया और पाक से ड्रोन के द्वारा गिराए गए 3 बैग बरामद किए। इन बैग में 6 हेरोइन के पैकेट मिले, जिनका कुल वजन तकरीबन 6 किलोग्राम है। बीएसएफ ने बताया कि बरामद हेरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट में कीमत तकरीबन 30 करोड़ रुपए है। जानकारी के मुताबिक पंजाब से कार से आये दो अन्य तस्करों की तालाश अभी जारी है। वहीं, पूरी कार्यवाही में एक कार को भी बीएसएफ ने जब्त किया है। आगे की जांच के लिए अपराधियों और हेरोइन को संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि देर रात जवानों ने एक ड्रोन की आवाज सुनकर उसपर गोलीबारी की थी और रोशनी करने वाले बम भी चलाए गए थे। उसी ड्रोन से गिराए गई हेरोइन को लेने तस्कर पहुंचे थे, जिनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सीमा के पार आतंकी ढांचे का निर्माण है जारी : सेना प्रमुख

**एजेंसी। बेंगलुरु**

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रविवार को सीमा के दूसरी ओर आतंकवादी ढांचे के निर्माण जारी रहने पर चिंता व्यक्त की। बेंगलुरू में पहली बार आयोजित हो रहे सेना दिवस परेड के मौके पर अपने संबोधन में जनरल मनोज पांडे ने कहा कि पश्चिमी सीमा पर सीजफायर जारी है और सीजफायर उल्लंघन की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा : विजिबिलिटी हासिल करने के लिए आतंकवादी संगठन लक्षित हत्याओं की एक नई रणनीति में शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने कहा : जम्मू और पंजाब के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से ड्रग्स और हथियारों की आपूर्ति की जा रही है। काउंटर ड्रोन जैमर और स्पूफर्स के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा : जम्मू और कश्मीर के आंतरिक क्षेत्रों में बेहतरी की दिशा में सुधार और बदलाव हो रहे हैं। कश्मीरी आम आदमी ने हिंसा की आलोचना की है। वहां के नागरिक सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का एक अभिन्न हिस्सा बन रहे है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय सेना महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखेगी। इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। छात्रों के लिए फीडर संस्थान खोलने, स्थायी कमीशन और तैनाती के साथ-साथ उनके लिए प्रचार के रास्ते पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

### उत्तरी सीमा पर शांति के लिए उठाए गए कदम



**थल** सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने भारत-चीन सीमा पर अस्थिर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि देश की उत्तरी सीमा पर शांति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। बेंगलुरु में 1949 के बाद पहली बार आयोजित सेना दिवस परेड के अवसर पर पांडे ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति सामान्य है। स्थापित प्रोटोकॉल और सीमा तंत्र के माध्यम से शांति बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आगे कहा : हम वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मजबूत रक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम किसी भी आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सीओएएस मनोज पांडे ने कहा : हमारे बहादुर सैनिकों को खराब मौसम के बावजूद डेप्यूट किया जा रहा है। उन्हें सभी जरूरी हथियार और गैजेट प्रदान किए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा भी तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षमता प्रबंधन, बल संरचना और ट्रेनिंग में सुधार सुनिश्चित करते हुए सेना को भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रखा गया है।

# चार संदिग्ध आतंकियों को सात साल की जेल

**एजेंसी। बेंगलुरु**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने चार संदिग्ध आतंकवादियों को सात साल के सश्रम कारावास और 40 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। इन पर आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए बेंगलुरु में डकैती करने का आरोप था। कोर्ट ने शनिवार को आदेश सुनाया कि सभी आरोपी पश्चिम बंगाल के रहनेवाले हैं और बांग्लादेश के आतंकवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन (जेएमबी) से जुड़े हैं। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के कदोर खाजी उर्फ मोटा अनस (33), शमशेरगंज जिले के मुस्तफिजर रहमान उर्फ तुहिन (39), आदिल शेख (27), मुर्शिदाबाद जिले के अब्दुल करीम उर्फ छोटा (21) पर दोष साबित हुआ है। दोषियों ने केआर थाने में लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

# विपक्षी दलों का रिमोट वोटिंग मशीन पर चुनाव आयोग के प्रस्ताव का विरोध : दिग्विजय

**– आरएनएम। नई दिल्ली**

रिमोट वोटिंग मशीन पर विपक्षी दलों की बैठक के बाद कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से रिमोट वोटिंग मशीन पर चुनाव आयोग के प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय किया। दिग्विजय सिंह ने कहा कि रिमोट वोटिंग मशीन के प्रस्ताव में भारी राजनीतिक विसंगतियां, प्रवासी मजदूरों की परिभाषा स्पष्ट नहीं। चुनाव आयोग ने 29 दिसम्बर को कहा था कि उसने चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए घरेलू प्रवासी वोटरों के लिए रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का एक शुरूआती मॉडल तैयार किया है। चुनाव आयोग ने 16 जनवरी को रिमोट वोटिंग मशीन पर चर्चा को लेकर एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में आयोग ने सभी राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों और महासचिवों को बुलाया है। इस मीटिंग में सभी राजनीतिक दलों के समक्ष इस मशीन का प्रदर्शन किया जाएगा। रिमोट वोटिंग मशीन का उद्देश्य किसी को भी अपने वोटिंग अधिकार से वंचित नहीं रखना है। मालूम हो कि देश के किसी भी कोने में या भारत से बाहर रह रहा प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके लिए चुनाव आयोग ने रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जानकारी दी थी। रिमोट वोटिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का ही मोडिफाइड वर्जन है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहे हैं।

## FILMY हलचल



# विदिशा श्रीवास्तव ने शेयर की मकर संक्रांति की यादें

**एजेंसी। मुंबई**



जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस विदिशा श्रीवास्तव ने अपने बचपन के मकर संक्रांति सेलिब्रेशन को याद किया और यह भी बताया कि वह इस साल क्या कर रही हैं। उन्होंने कहा : मकर संक्रांति हमारे लिए एक शुभ अवसर है, और मैं इससे जुड़े सभी रीति-रिवाजों और परंपराओं का पालन करती हूं। घर पर हम सुबह जल्दी उठते थे, तैयार होते थे और सूर्य पूजा करते थे। मुझे याद है कि मेरी मां घर में दान करती थीं। वो जरूरतमंद लोगों को तिल, दाल, चावल और गुड़ वितरित करती थी। इस दिन मेरी मां द्वारा तैयार की गई खिचड़ी या टिहरी हमेशा से मेरी पसंदीदा रही है। मैं अभी भी अपने घर में सभी रीति-रिवाजों का पालन करती हूं क्योंकि मेरा मानना है कि कुछ दान देना और गरीबों की मदद करना भारतीय संस्कृति के दो सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। 'ये है मोहब्बतें', 'मेरी गुड़िया' जैसे टीवी शो के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री वर्तमान में लोकप्रिय सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं' में नजर आ रही हैं। उन्होंने आईएएनएस को बताया कि कैसे उन्हें इस त्यौहार के दौरान पतंग उड़ाना पसंद है, मुंबई में पतंगबाजी का ज्यादा चलन नहीं है, लेकिन मुझे याद है, जब मैं वाराणसी में थी, तो हम सभी को छत पर इकट्ठा होकर पतंग उड़ाना पसंद था। लोगों के साथ प्रतियोगिताएं भी होती थीं। दूसरे छज्जों पर लोग, हम एक दूसरे की पतंग काटते और आनंद के लिए बाहर कूदते और हमारा पूरा दिन ऐसे ही बीतता।

# 'बिग बॉस' से साजिद खान बाहर, सभी कंटेस्टेंट्स हुए भावुक

**एजेंसी। मुंबई**

रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' में नजर आए लेखक और निर्देशक साजिद खान शो से बाहर हो गए हैं। बिग बॉस ने उनके बाहर निकलने की घोषणा की और यह उनके और उनके दोस्तों के लिए एक भावुक पल था। बिग बॉस ने साजिद से कहा कि कंटेस्टेंट्स और आपके फैंस के साथ आपकी बॉन्डिंग काफी मुश्किल थी। आप ऐसे इकलौते कंटेस्टेंट हैं, जिसे घर का हर कंटेस्टेंट सम्मान देता है। हमारे पास बिग बॉस में बताने के लिए आपकी बहुत सी कहानियां हैं और आगे बिग बॉस आपके लिए एक और लाइफ स्टोरी बन जाएगा। इसके अलावा, साजिद ने कंटेस्टेंट और बिग बॉस के प्रति आभार व्यक्त किया। साजिद खान, श्रीजिता डे और अब्दु रोजिक के बाद तीसरे कंटेस्टेंट हैं जो बिग बॉस के घर से बाहर हो गए हैं।

## आरोप पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री व राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा

# न्यायपालिका पर कब्जा करने की स्थिति बनाने की हो रही कोशिश

**–ब्यूरो। नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री, राज्यसभा सांसद व सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार न्यायपालिका पर कब्जा करने की स्थिति बनाने की पूरी कोशिश कर रही है, जिसमें एक बार फिर से सर्वोच्च न्यायालय में दूसरे स्वरूप में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) का परीक्षण किया जा सके। सिब्बल ने केशवानंद भारती के फैसले के बुनियादी ढांचे के सिद्धांत को बहुत अहम बताते हुए सरकार को चुनौती दी कि वह खुले तौर पर यह कहे कि यह फैसला त्रुटिपूर्ण है।

उन्होंने दावा किया कि सरकार इस तथ्य से सामंजस्य नहीं बैठा पा रही है कि उसके पास न्यायपालिका में नियुक्तियों में उसकी बात अंतिम नहीं है। सिब्बल की यह प्रतिक्रिया उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की हालिया टिप्पणी के बाद आई है। धनखड़ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एनजेएसी को रद्द करने के फैसले की आलोचना की थी। उपराष्ट्रपति ने 1973 के केशवानंद भारती मामले के ऐतिहासिक फैसले पर भी सवाल खड़े किए थे और कहा था कि इस फैसले ने एक गलत मिसाल कायम की और वह सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से असहमत हो सकते हैं कि संसद संविधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन मूल संरचना में नहीं। सर्वोच्च न्यायालय ने 2015 में एनजेएसी अधिनियम को असंवैधानिक करार दिया था, जिसका उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को बदलना था। एक साक्षात्कार में धनखड़ की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछने पर सिब्बल ने कहा, जब एक उच्च संवैधानिक प्राधिकारी और कानून के जानकार व्यक्ति इस तरह की टिप्पणी करते हैं, तो सबसे पहले यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या वह व्यक्तिगत राय रख रहे हैं या सरकार की ओर से बोल रहे हैं।

# संजना सांघी ने पंकज त्रिपाठी और पार्वती थिरुवोथु के साथ फिल्म की शूटिंग पूरी की



**एजेंसी। मुंबई**

पंकज त्रिपाठी, पार्वती थिरुवोथु और संजना सांघी-स्टारर अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग रविवार को एक व्यापक शेड्यूल के बाद पूरी हुई। जब हर कोई नए साल के उत्सव के रंगों का आनंद ले रहा था, तब अभिनेत्री कोलकाता में अनिरुद्ध रॉय चौधरी की शूटिंग में व्यस्त थीं। संजना ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से कई बीटीएस तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा : इट्स ए रैप! इस एहसास को बयां करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। लेकिन कोशिश जरूर करनी चाहिए। उन्होंने फिल्म बनाने से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। संजना ने कहा : मवरिक रितेश शाह द्वारा लिखी गई इस अविश्वसनीय कहानी पर काम करने के पिछले कुछ महीनों में मुझे हर दिन याद दिलाया जाता है कि मैं जो करती हूं वह क्यों करती हूं। आगे अभिनेत्री ने कहा : अनिरुद्ध रॉय चौधरी - मुझे प्यार करने के लिए धन्यवाद, और प्रदर्शन के साथ, एक तरह से, जो मैं पहले कभी नहीं जानती थी। सब कुछ बहुत अच्छा था, लेकिन हर कदम पर मेरा हाथ पकड़ने के साथ यह बहुत बेहतर हो गया। तुम मेरा सबसे बड़ा उपहार हो।